






# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्षः 15 | अंकः 225

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

बुधवार | 29 मई, 2024


# रामभक्त ही राज करेगा, दिल्ली के सिंहासन पर: सीएम योगी

## कांग्रेस, सपा को जनता वहां पहुंचाएगी, जहां नहीं होगा कोई नामलेवा



- कांग्रेस व सपा को जनता वहां पहुंचा देगी, जहां उनका कोई नाम लेने वाला नहीं होगा: सीएम योगी
- राम मंदिर को बेकार बताने वाले लोगों की बुद्धि में भर गया है भूसा: सीएम योगी

**जन एक्सप्रेस | गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को रामद्रोही बताते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच है। सीएम योगी ने कहा कि एक तरफ भगवान राम को नकारने वाले, रामभक्तों पर गोली चलवाने वाले, राम मंदिर को बेकार मानने वाले लोग हैं तो दूसरी तरह पांच सौ वर्षों की प्रतीक्षा समाप्त कराकर प्रभु रामलला को उनके भव्य मंदिर में विराजमान कराने वाले लोग हैं। राम मंदिर पूरे भारत की सनातन आस्था का प्रतीक है इसलिए आज पूरे देश मे एक ही स्वर सुनाई पड़ रहा है, रामभक्त ही राज करेगा दिल्ली के सिंहासन पर। तुष्टिकरण की राह पर चलने वाली कांग्रेस और सपा को देश की जनता वहां पहुंचा देगी, जहां उनका कोई नाम लेवा नहीं होगा। सीएम योगी मंगलवार पूर्वाह्न गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद व भाजपा प्रत्याशी रविकिशन शुक्ल के पक्ष में पीपीगंज में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस चुनाव में वह प्रचार के लिए देश मे जहां भी गए, हर जगह लोग मोदी जी को भरपूर समर्थन देते मिले। हर क्षेत्र से एक ही आवाज गूंज रही है कि जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो राम मंदिर पूरे भारतवर्ष के लोगों के लिए गौरव है, उसे लेकर कांग्रेस कहती है कि यह मंदिर नहीं बनना चाहिए था इससे दुनिया में गलत संदेश गया है। वहीं समाजवादी पार्टी कहती है कि राम मंदिर बेकार बना है। सीएम योगी ने इन बयानों के लिए कांग्रेस-सपा पर प्रहार करते हुए कहा राम मंदिर तो ठीक बना है लेकिन राम मंदिर को बेकार बताने वाले लोगों की बुद्धि में भूसा भर गया है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव राम भक्तों और रामद्रोहियों के बीच जा चुका है। एक तरफ राम और राम मंदिर का विरोध करने वाले रामद्रोही लोग हैं। वहीं दूसरी तरह राम की सेवा करने वाले, रामलाल को विराजमान करने के लिए 500 वर्षों की प्रतीक्षा के कालखंड को समाप्त करने वाले रामभक्त हैं। ये वो रामभक्त हैं जिन्होंने रामलला के विराजमान होने से पहले अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि के नाम पर इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनवाया, श्रीराम के सखा निषादराज के नाम पर प्रतीक्षालय बनवाया, माता शबरी के नाम पर भोजनालय बनवाया। ये वो रामभक्त हैं जो प्रयागराज में निषादराज की 56 फुट ऊंची प्रतिमा स्थापित कराते हैं, निषादराज को पूरा सम्मान देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे में निषादराज के कोई भी अनुयाई रामद्रोहियों के साथ खड़े नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि चुनाव में रामभक्तों पर गोली चलवाने वाले लोग आज आपके आंख में धूल झोंकने का प्रयास करेंगे, लेकिन बहकावे में नहीं आना है।

### अपील करते भावुक हुए सीएम योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भावुक होकर कहा कि वह इस क्षेत्र के लोगों के मन को जानते हैं इसलिए यहां पर सिर्फ उपस्थिति दर्ज करने आए हैं। यहां के लोगों के लिए कमल चुनाव निशान ही पर्याप्त है। कमल के अलावा और कोई गुंजाइश नहीं है। यहां के लोगों ने मुझे पांच बार सांसद बनाया है और पिछले चुनाव में रवि किशन शुक्ला को सांसद चुना। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि क्षेत्र के लोग रवि किशन को भारी बहुमत से सांसद बनाने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा यह वर्ष हमारे लिए विशेष है। गोरखपुर से जो आंदोलन 1949 और 1983 से प्रारंभ हुआ था, 1986 में जब स्वर्गीय वीर बहादुर सिंह प्रदेश के मुख्यमंत्री थे जब मंदिर का ताला खुला था। आज जब उस स्थान पर प्रभु श्रीरामलला विराजमान हो गए हैं तो उस साल होने वाले चुनाव में गोरखपुर में रिकॉर्ड वोट मिलने चाहिए। इसके लिए मुख्यमंत्री ने प्रत्येक व्यक्ति को अगले तीन दिन तक कम से कम 10 परिवारों से संपर्क करने और मतदान के दिन उन सभी का वोट सुबह 10 बजे तक डलवाने की अपील की।

### रामद्रोहियों की होती है दुर्गति, रामभक्त सरकार कराती है प्रगति

सीएम योगी ने कहा कि रामद्रोही कभी चैन से नहीं बैठ पाया है। वह कितना ही बड़ा क्यों ना हो, कितना ही ताकतवर हो, उसकी दुर्गति जरूर हुई है, उसका पतन जरूर हुआ है। उन्होंने कहा कि जबकि रामभक्त प्रभु के आशीर्वाद से प्रगति पर ध्यान देते हैं। आज रामभक्त देश के विकास के लिए, टूलेन से लेकर ट्वेल्व लेन सड़क बनाने के लिए, एम्स, मेडिकल कॉलेज, आईआईटी, आईआईएम, एयरपोर्ट बनाने के लिए, हर घर नल से जल पहुंचाने के लिए, औद्योगिकीकरण के लिए काम कर रहे हैं। रामभक्त मोदी सरकार ने चार करोड़ गरीबों के मकान बनवाए, जो बच गए हैं उन्हें चार जून के बाद सरकार बनने पर मिल जाएंगे। गरीबों के इलाज के लिए आयुष्मान योजना, धुएं से मुक्ति के लिए उज्ज्वला योजना से निशुल्क रसोई गैस कनेक्शन रामभक्त सरकार की ही देन है। कहा कि 4 जून को जब फिर से रामभक्तों की सरकार बनेगी तो 70 वर्ष से ऊपर के प्रत्येक व्यक्ति को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध करा दिया जाएगा।

### कांग्रेस-सपा शासन की हकीकत आमजन को है पता

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक तरफ रामभक्तों के द्वारा किए गए कार्य हैं तो दूसरी तरफ रामद्रोहियों के शासन में क्या होता था, यह भी सबको पता है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार प्रदेश में थी और केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी तब गरीब भूख से मरता था, किसान आत्महत्या , नौजवान पलायन करता था, बेटियां और व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। गरीब को मकान नहीं मिलता था, पानी की कोई व्यवस्था नहीं थी, इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारी से मासूम तड़प तड़प कर दम तोड़ता था, और आतंकवादी घटनाएं होती थीं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर और वाराणसी में संकटमोचन मंदिर पर हमला समाजवादी पार्टी की सरकार में हुआ था। दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद में आतंकी विस्फोट कांग्रेस की सरकार में हुए। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि तब लगातार घटनाएं होती थी और हम संसद में मुद्दों को उठाते थे। कांग्रेस सरकार कहती थी आतंकवादी सीमा पार के हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जबकि आज मोदी जी के नेतृत्व में आतंकवाद और नक्सलवाद समाप्त हो गया है। आज दुनिया मे भारत का सम्मान बढ़ा है, आतंकवाद, नक्सलवाद समाप्त हुआ है, तो यह सब मोदी जी की देन है।

### सीएम योगी ने पीपीगंज भावनात्मक संबंधों का किया जिक्र

सीएम योगी ने अपने संबोधन की शुरुआत ही पीपीगंज क्षेत्र से अपने भावनात्मक जुड़ाव के उल्लेख के साथ की। कहा कि पीपीगंज पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीर बहादुर सिंह की कर्मभूमि रही है। साथ है यह पूर्व की पनियरा और मानीराम विधानसभा क्षेत्र का जंक्शन भी है जहां एक तरफ से स्वर्गीय वीर बहादुर सिंह और दूसरी तरफ से उनके पूज्य गुरुदेव महंत अवेद्यनाथ जी महाराज प्रतिनिधित्व करते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन दोनों महापुरुषों ने इस धरा को विकास की मुख्य धारा के साथ जोड़कर के यहां के लोगों के जीवन में परिवर्तन लाने का काम किया है। सीएम ने कहा कि क्षेत्र के लोग उनके परिवार के लोग हैं और यहां उनकी औपचारिक भाषण देने की इच्छा नहीं होती है। यहां आने पर उनके मन में सिर्फ लोगों के द्वारा किए गए संघर्ष और उसके परिणामस्वरुप आए बदलाव को लेकर भाव होता है। यहां उन्हें बार-बार आना अच्छा लगता है। 2017 के पहले टूटी और खराब सड़कों की जगह अब मजबूत चमचमाती टूलेन, फोरलेन सड़कों को देखकर अच्छा लगता है। क्षेत्र में स्कूल, इंटर कॉलेज, डिग्री कॉलेज, स्टेडियम, बाढ़ बचाव की सुविधा देखकर अच्छा लगता है।

### देश शरिया कानून से नहीं बाबा साहब के संविधान से ही चलेगा: सीएम

सीएम योगी ने कहा कि एक देश को सुरक्षित, ताकतवर बनाने के साथ दुनिया में नए प्रतिमान स्थापित करने वाली मोदी सरकार है तो दूसरी तरफ भारत के खिलाफ षडयंत्र करने वाले कांग्रेस और सपा का गठबंधन है। इनके इनका घोषणा पत्र में कहा गया है कि ये सत्ता में आएंगे तो पर्सनल लॉ लागू करेंगे। पर्सनल लॉ मतलब तालिबानी शासन जिसमें बेटी स्कूल नहीं जा सकती, महिलाएं बाजार नहीं जा सकतीं, बुर्के के अंदर घर के अंदर रहना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह देश बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान से चलेगा, किसी शरीया कानून से नहीं। भाजपा इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि किसी भी स्थिति में बाबा साहब के संविधान के साथ कांग्रेस और सपा को छेड़छाड़ करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस और सपा इसलिए सत्ता प्राप्त करना चाहती है जिससे जीतेंगे तो मिलकर लूटेंगे। जीतेंगे तो पिछड़े और अनुसूचित जाति के आरक्षण का अधिकार मुसलमान को देंगे। यह हरगिज नहीं होगा। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने कहा था क्या धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं हो सकता। रामभक्त वीर बहादुर सिंह को कांग्रेस ने सीएम पद से हटाया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीर बहादुर सिंह का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस ने वीर बहादुर सिंह को इसलिए सीएम पद से हटाया था कि स्वर्गीय वीर बहादुर सिंह रामभक्त थे। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर का ताला खुलवाने में अपना योगदान दिया था। इसलिए उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटा दिया था।

### रामभक्त वीर बहादुर सिंह को कांग्रेस ने सीएम पद से हटाया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीर बहादुर सिंह का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस ने वीर बहादुर सिंह को इसलिए सीएम पद से हटाया था कि स्वर्गीय वीर बहादुर सिंह रामभक्त थे। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर का ताला खुलवाने में अपना योगदान दिया था। इसलिए उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटा दिया था।



# संभल में धमाके के साथ फट गई आरसीसी रोड

## इलाके के लोग रह गए हैरान, गर्मी की तपिश को बता रहे कारण

**जन एक्सप्रेस | संभल**

गवां कस्बा में मुख्य मार्ग पर बनी आरसीसी सड़क तेज आवाज से साथ फट गई। धमाके जैसी आवाज सुन आसपास के लोग सहम गए। घरों से बाहर निकलकर देखा तो सड़क फटी मिली। कस्बा गवां में गवां-अनूपशहर मार्ग पर नखासा बाजार के नजदीक चार वर्ष पहले सीसी सड़क का निर्माण किया गया था। रविवार की दोपहर दो बजे के करीब सड़क तेज आवाज के साथ फट गई और जमीन से करीब 10 इंच ऊपर उठ गई। सड़क फटने के बाद देखने वालों की भीड़ लग गई। नगर पंचायत गवां की ईओ डिप्टी कलेक्टर वंदना मिश्रा ने बताया कि सड़क की अवधि पांच वर्ष तक है। सड़क कैसे फटी इसकी जांच कराई जाएगी। घटनास्थल के सामने मेडिकल स्टोर संचालक राजेश शर्मा ने बताया कि जिस वक्त सड़क तेज आवाज के साथ फटी उस समय गनीमत रही कोई वाहन सड़क से नहीं गुजर रहा था। यदि वाहन गुजर रहा होता तो बड़ा हादसा हो सकता था। हालांकि अब इस हादसे के बाद लोगों में दहशत है।

### कहीं गर्मी तो नहीं सड़क फटने का कारण

सड़क फटने की घटना से लोग अचंभित हो गए और मौके पर पहुंचकर तरह तरह की चर्चाएं करने लगे। इस दौरान लोगों ने यह भी कहा कि गर्मी जिस तरह से पिछले दस दिन से हो रही है उससे हो सकता है कि सड़क तपिश से फट गई हो। हालांकि सड़क कैसे और क्यों फटी इसकी सही जानकारी जांच के बाद ही हो सकेगी। हालांकि इस घटना से लोगों में दहशत है। क्योंकि जिस तरह की आवाज होने के बाद सड़क फटी है उससे ऐसा महसूस किया गया है कि कोई गैस बनने से यह हादसा हुआ है।

# चुनाव के दौरान भड़काऊ भाषण देने पर 42 मुकदमे दर्ज, आचार संहिता उल्लंघन पर अब तक 153 मुकदमे

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लोकसभा चुनाव के दौरान नेताओं की जुबानी जंग अब मुसीबत का सबब बन सकती है। प्रदेश पुलिस ने चुनाव की आदर्श आचार संहिता के तहत भड़काऊ भाषण (हेट स्पीच) के 42 मुकदमे दर्ज किए हैं। जिसमें से सर्वाधिक 6 मुकदमे गोण्डा जिले में दर्ज हुए हैं। बता दें कि इसके अलावा फतेहपुर में 3, कानपुर, प्रयागराज, सीतापुर, मुरादाबाद, चित्रकूट, औरैया, बाराबंकी में 2-2 और गाजियबाद, वाराणसी, मुजफ्फरनगर, शामली, कानपुर देहात, मेरठ, संभल, बलिया, फतेहगढ़, मैनपुरी, फिरोजबाद, चंदौली, कुशीनगर, बदायूं, इटावा, एटा, बलरामपुर, श्रावस्ती, जौनपुर और आजमगढ़ में एक-एक मुकदमा हेट स्पीच की शिकायत पर दर्ज हुआ है। इन मुकदमों की जद में बसपा के पूर्व नेशनल कोआर्डिटनेटर आकाश आनंद, बसपा के सीतापुर जिलाध्यक्ष विकास राजवंशी, बसपा प्रत्याशी महेंद्र यादव, लखीमपुर से बसपा प्रत्याशी अंशय कालरा, धौरहरा के बसपा प्रत्याशी श्याम किशोर अवस्थी, कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद, उनकी भतीजी मारिया आलम, संभल के सपा जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद उस्मान, संभल के सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क, मुरादाबाद से सपा प्रत्याशी रुचि वीरा, कैराना से बसपा प्रत्याशी श्रीपाल राणा आदि शामिल हैं। वहीं बिना अनुमति प्रचार करने के मामले में गोंडा से भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह, सपा प्रत्याशी श्रेया वर्मा, भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह, उनके बेटे एवं कैसरगंज से भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह पर मुकदमा दर्ज हो चुका है।

### सुरजेवाला पर लगी रोक

चुनाव आयोग ने मथुरा से भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी पर अमर्यादित टिप्पणी करने पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला के चुनाव प्रचार पर 48 घंटे की रोक लगा दी थी। साथ ही उनसे जवाब-तलब भी किया था।

### अब तक 153 मुकदमे दर्ज

चुनाव आयोग के मुताबिक लोकसभा चुनाव के दौरान प्रदेश में अब तक बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 153 मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। इसके अलावा 9 एनसीआर भी दर्ज की गयी हैं।

# संत समागम: राज्यपाल शिव प्रकाश बोले, विश्व को युद्ध की विभीषिका से मुक्त करने की क्षमता केवल भारत में

**जन एक्सप्रेस | वाराणसी**

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रकाश शुक्ल ने कहा कि एक-एक मत कीमती है। मतदान से ही लोकतंत्र को सशक्त नेतृत्व मिलेगा। सशक्त नेतृत्व के साथ भारत विश्व गुरु की राह पर आगे बढ़ेगा। विश्व के युद्ध में कृष्ण की तरह खड़े होकर विश्व को राह दिखाने वाला नेतृत्व होना चाहिए। विश्व को युद्ध की विभीषिका से मुक्त करने की क्षमता केवल भारत में है। यह पूरी दुनिया ने रूस और यूक्रेन के युद्ध के समय देखा है। भारत को समृद्ध शासन देने के लिए अपना मतदान करना जरूरी है। भारतीय संत समिति, काशी विद्वत परिषद, अखाड़ा परिषद की ओर से आयोजित संत समागम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि मुझे भी गोरखपुर में मतदान करना है।

# लू और बुखार की चपेट में आने से मासूम समेत छह की मौत, संक्रामक बीमारियों के मरीज बढ़े

**जन एक्सप्रेस | महोबा**

सुबह से निकल रही तेज धूप व गर्म हवाएं जानलेवा बन गई हैं। मंगलवार को लू और बुखार की चपेट में आने से मासूम समेत छह लोगों की मौत हो गई। वहीं, जिला अस्पताल व निजी क्लीनिकों में उल्टी, दस्त व बुखार से पीड़ित मरीजों की काफी भीड़ रही। जनपद हमीरपुर के बिलहड़ी गांव निवासी जयकिशोर प्रजापति (52) ट्रक चालक थे। मंगलवार को वह अपने भांजे बाबू प्रजापति के साथ गिट्टी लेने पत्थरमंडी कबरई जा रहे थे। झांसी-मिर्जापुर हाईवे पर टोल प्लाजा रिवई के पास अचानक उनकी हालत बिगड़ गई और वह अचेत हो गए। भांजे ने उन्हें सीट पर लिटाकर पानी की छींटे मारीं और स्वयं ट्रक चलाकर कबरई पहुंचा। वहां उसने जयकिशोर को सीएचसी में भर्ती कराया। वहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। भांजे ने मामा की मौत लू से होने की जानकारी पुलिस को दी है। इसी तरह पचपहरा निवासी पल्टू (60) राजस्व संबंधी कार्य से तहसील महोबा आए थे। वहां वह अचेत होकर गिर गए। साथ आए गांव के कुछ लोग उन्हें अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उधर, थाना कबरई के खरका निवासी रामनारायण वर्मा (60) बकरियां चराने खेत गए थे। तभी उन्हें लू लग गई। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसी तरह कोतवाली चरखारी के बम्हौरीकलां निवासी खलबल (58) सोमवार को खेत पर बकरियां चरा रहे थे। जहां लू की चपेट में आने से हालत बिगड़ने पर उनकी मौत हो गई। वहीं, थाना खरेला के पुन्नियां निवासी सुरेंद्र के दो माह के बेटे अंकित को दो दिन से बुखार आ रहा था। देर रात अचानक हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें जिला अस्पताल लाए। जहां उपचार दौरान उनकी मौत हो गई।


कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें



**रिपोर्ट** राजधानी लखनऊ के तहसील कर्मियों और भूमाफियाओं की साठगांठ चरम पर पहुंचने का गंभीर आरोप लगा है


# भूमाफियाओं को खुली छूट, लखनऊ प्रशासन के पास नहीं है जमीन का रिकॉर्ड!

**जन एक्सप्रेस | डॉ.वैभव शर्मा**

- पीड़ित व्यक्ति ने एक वर्ष से कई बार क्षेत्रीय लेखपाल व राजस्व अभिलेखागार सदर तहसील लखनऊ से अनुरोध किया
- खसरा खतौनी उपलब्ध कराने की जगह सरकारी अमले द्वारा यह कहा जा रहा है विभाग के पास रिकॉर्ड ही नहीं है
- सवाल उठता है कि जब जमीन का रिकॉर्ड सरकार के पास नहीं है फिर तो कोई भी किसी की जमीन पर कब्जा कर लेगा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के तहसील कर्मियों और भूमाफियाओं की साठगांठ चरम पर पहुंचने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़ित व्यक्ति जिम्मेदार अधिकारियों से खसरा खतौनी मांग रहा है। खसरा खतौनी उपलब्ध कराने की जगह सरकारी अमले द्वारा उसे यह कहा जा रहा है विभाग के पास रिकॉर्ड ही नहीं है। सवाल उठता है कि जब जमीन का रिकॉर्ड सरकार के पास नहीं है फिर तो कोई भी किसी की जमीन पर कब्जा कर लेगा। मालिकाना हक रखने वाला व्यक्ति अपनी ही जमीन से बेदखल कर दिया जाएगा। यही नहीं, हालात यही रहे तो भूमाफिया सरकारी जमीन पर भी कब्जा कर लेंगे। पीड़ित ने जिलाधिकारी से न्याय की मांग की है। मामला लखनऊ निवासी देवनारायण तिवारी से संबंधित है। तिवारी के अनुसार उन्होंने ग्राम हरचन्द्रपुर कनौरा, तहसील सदर लखनऊ के नान0जेड0ए0 गाटा संख्या-1 से 11 तक का खसरा व नान0 जेड0ए0 खाता संख्या-05, 07, 24 की खतौनी फसली वर्ष 1422 से 1428 तक उपलब्ध कराने हेतु पिछले एक वर्ष से कई बार क्षेत्रीय लेखपाल व राजस्व अभिलेखागार सदर तहसील लखनऊ से अनुरोध किया है। उनके अनुरोध पर फसली वर्ष-1422, 1423 की उपरोक्त खसरा गाटा संख्या-1 से 11 तक अभिलेखागार राजस्न तहसील द्वारा दिनांक 15 अप्रैल 2024 को उपलब्ध करायी गयी है तथा क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा फसली वर्ष 1428 के नान0 जेड0ए0 के खसरा गाटा संख्या-1 से 11 तक के गाटा का खसरा 1 मई 2024 को उपलब्ध कराया गया। जिस पर गाटा संख्या 6, 7, 8, 9, 10 व 11 में पूर्व में दर्ज व्यक्तियों के नामों के स्थान पर खाली स्थान छोड़ दिया गया है। इसके बाद तिवारी ने 2 व 3 मई 2024 को तहसीलदार से सदर लखनऊ से फसली वर्ष 1424 से 1428 तक के नान0 जेड0ए0 गाटा खसरा के नम्बरों व नान0 जेड0ए0 खतौनी संख्या की सत्यापित प्रतिलिपि उपलब्ध कराने के लिए अनुरोध किया। इस पर राजस्व अभिलेखागार तहसील सदर द्वारा दिनांक 9 मई को लिखित रूप से बताया गया कि क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा फसली वर्ष 1424 से फसली वर्ष 1431 तक का कोई भी नान0 जेड0ए0 खसरा खतौनी का अभिलेख 9 मई तक तहसील कार्यालय में जमा नहीं कराया गया।





### पहले यह मिला था जवाब

1 मई को संबंधित गाटों का खसरा जारी करते समय क्षेत्रीय लेखपाल ने तिवारी को बताया कि फसली 1428 के पूर्व का कोई भी रिकार्ड उनके पास नहीं है। इस कारण फसली वर्ष 1424 से 1427 तक नान0 जेड0ए0 उपरोक्त गाटों व खतौनी के बारे में कोई जानकारी नहीं दे सकता। साथ ही, फसली वर्ष 1428 में संबंधित व्यक्तियों के नाम क्यों नहीं दर्ज किये गये। इस बारे में कुछ नहीं बताया जाए सकता। जो रिकार्ड मिले उसी हिसाब से मुहैया कराया।

### भूमाफिया ने तो नहीं कराई रिकॉर्ड में हेरफेर

देवनारायण तिवारी ने जिलाधिकारी से मांग की है कि उन्हें शंका पैदा हो रही है कि क्षेत्रीय लेखपाल ने भूमाफिया फैजी व कर्बला के मुतवल्ली से साठगांठ कर उपरोक्त अभिलेखों में फसली वर्ष 1424 से 1427 के बीच में कुछ हेर-फेर कर फर्जी लोगों के नाम शायद खसरा व खतौनी में दर्ज किये होंगे। इसीलिए प्रार्थी को खसरा खतौनी उपलब्ध नहीं करायी जा रही है।

## लोकेशन गैंग सरगना गैंगस्टर बब्बल के तीन ट्रक व स्कार्पियो जब्त

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

लोकेशन गैंग की कमान संभालने वाले गैंगस्टर बब्बल उर्फ बजहूल कमर के भाई प्रयागराज जिले में आइमा थाने के छीते मऊ निवासी अलमास की एक करोड से अधिक कीमत की गाडियां चित्रकूट जिला प्रशासन ने जब्त कर लिया है। जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक आनंद ने बताया कि पुलिस अधीक्षक एके सिंह ने इस बाबत प्रस्ताव भेजा था। जिसमें गैंगस्टर बब्बल उर्फ बजहूल कमर द्वारा अवैध खनन और परिवहन के लिए सरकारी अधिकारियों की लोकेशन लेकर गाडियां निकलवाने के लिए गिरोह का संचालन किए जाने की बात सामने आई थी। साथ ही अवैध धंधे से गैंगस्टर बब्बल ने अपने सगे भाई अलमास के नाम से 3 ट्रक व एक स्कार्पियों भी खरीदी थी। लगभग 1 करोड 9 लाख 60 हजार कीमत की इन गाडियों को मंगलवार को जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक आनंद ने शासन के पक्ष में जब्त करने के आदेश दिए हैं।

# नाबालिग लड़की की हत्या का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण एसओजी, सर्विलांस प्रभारी एम.पी. त्रिपाठी एवं थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय तथा उनकी टीम द्वारा रैपुरा क्षेत्रान्तर्गत हुयी नाबालिग लडकी की हत्या का खुलासा करते हुये हत्या करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि बीती 15 मई को थाना रैपुरा में एक व्यक्ति ने सूचना दी कि उसकी नाबालिग पुत्री बीती 14 मई की रात्रि में शौच के लिये कह कर घर से बाडा में बने शौचालय के लिये निकली थी, किन्तु एक घण्टा हो जाने के बाद घर वापस नहीं आयी तो काफी खोजा गया, किन्तु नहीं मिली।



साथ ही खोजबीन के दौरान 15 मई को पुत्री का शव गांव के बाहर नदी के किनारे झाडियों में मिला है। उसने कहा कि उसे शक है कि पुत्री की हत्या गांव के ही धीरेन्द्र पटेल तथा सुभाष उर्फ छुट्टन द्वारा की गयी है। इस सूचना पर थाना रैपुरा में अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना को संज्ञान में लेकर पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना के अनावरण के लिए एसओजी सर्विलांस प्रभारी तथा थानाध्यक्ष रैपुरा को निर्देशित किया। घटनास्थल से मृतका की एक जोडी चप्पल तथा आलाकत्ल मूंज की रस्सी बरामद की गयी। साथ ही शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतका का 6 माह का गर्भ होना पाया गया था। एसओजी सर्विलांस एवं थाना रैपुरा पुलिस टीम द्वारा धीरेन्द्र सिंह पटेल निवासी पैकोरामाफी को गिरफ्तार किया गया। पूंछतांछ में आरोपी ने बताया कि उसका मृतका के साथ प्रेम सम्बन्ध काफी दिनों से चल रहा था। साथ ही उसके अतिरिक्त दूसरों से भी मृतका के सम्बन्ध थे। इसी दौरान मृतका गर्भवती हो गयी थी। जिसने गर्भपात के लिए उससे गर्भनिरोधक दवाईयों की मांग की गयी। तो बीती 14 मई की रात्रि में मृतका को गर्भनिरोधक दवा देने के बहाने बाडे में बुलाया था। जहां से उसे झाडियों की तरफ ले गया एवं पीछे से मूंज की रस्सी से उसका गला घोंट कर हत्या कर दी थी। आरोपी का डीएनए मैच कराया जा रहा है। साथ ही प्रकरण में और जो भी संदिग्ध पाये जायेंगे उनका भी डीएनए मैच कराया जाएगा।
गिरफ्तारी के दौरान एसओजी सर्विलांस मुख्य आरक्षी जितेन्द्र कुमार, नितेश समाधिया, आरक्षी रोहित सिंह, ज्ञानेश मिश्रा, रोशन, राघवेन्द्र, गोलू भार्गव, थाना रैपुरा के उप निरीक्षक यूटी नितिश यादव, आरक्षी अंकित शुक्ला, राममूरत मिश्रा, अजीत यादव, महिला आरक्षी संध्या आदि मौजूद रहे।

### गैंगस्टर मामले में मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास और पत्नी निखहत को बड़ी राहत

**प्रयागराज।** गैंगस्टर मामले में मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास और पत्नी निखहत को बड़ी राहत मिली है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुलिस को फटकार भी लगाई है। कोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए एफआई आर रद्द कर दी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने चित्रकूट पुलिस की ओर से जेल में बंद मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी और उसकी पत्नी निखहत अंसारी समेत पांच लोगों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने जबरन की गई गैंगस्टर की कार्रवाई के लिए पुलिस को फटकार भी लगाई है। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह प्रथम की अदालत ने शाहबाज आलम की ओर से गैंगस्टर के तहत दर्ज एफआईआर की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। याची के अधिवक्ता उपेंद्र उपाध्याय ने बताया कि मामला चित्रकूट जिले के कर्वी थाना क्षेत्र का है।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने परेड की सलामी लेकर किया परेड का निरीक्षण



जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने पुलिस लाइन में मंगलवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड में अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों की ड्रिल का निरीक्षण किया। इसके बाद अपर एसपी ने पुलिस लाइन का भ्रमण कर परिवहन शाखा, मैस, बैरिक, सीपीसी कैन्टीन, क्वार्टर गार्द, स्टोर रूम का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन शिवनारायण को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही कर्मचारियों का अर्दली रुम किया।

# दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ ने किया प्रतिज्ञा सभा का आयोजन

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ के प्रान्तीय बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार मंगलवार को जिला कचहरी में संघ के पदाधिकारियों ने प्रतिज्ञा सभा का आयोजन किया। जिसमें समस्याओं को लेकर चरणबद्ध आन्दोलन करने पर सहमति प्रदान की गयी।
जिला कचहरी में हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जानकीशरण प्रजापति व महासचिव मो अनश अंसारी ने बताया कि संघ के प्रान्तीय अध्यक्ष अभिषेक सिंह द्वारा विगत कई वर्षों से लम्बी समस्याओं को उठाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि न्यायालय में कार्यरत स्वीपर का मासिक वेतन 6 हजार रूपए प्रतिमाह कर न्यूनतम मजदूरी के समान न किए जाने, जनपद न्यायालय कार्मिकों का अन्तर्जनपदीय स्थानान्तरण वर्षों तक लम्बित रखने, संविदा कर्मियों का वेतन न बढाए जाने और



नियमितिकरण न करने, शेट्टी कमीशन की संस्तुतियों के विपरीत न्यायिक कर्मियों के पद और वेतनमान स्वीकृत न होने की समस्याएं लम्बे अरसे से लम्बित थी। इसके अलावा वर्ष 2013 में न्यायिक कर्मियों को वर्दी पहनने का शासनादेश न्याय अनुभाग से हुआ था, किन्तु अब तक धनराशि का निर्धारण नहीं किया गया है। इसी प्रकार विभागीय नियमावली में संविदा के पद न होने के बावजूद एफटीसी न्यायालय में संविदा के पद सृजित किए जाने की समस्याओं को लेकर अब चरणबद्ध आन्दोलन शुरू कर दिया गया है। जिसके तहत आज प्रतिज्ञा सभा का आयोजन किया गया है। साथ ही इन समस्याओं को लेकर आग के चरणबद्ध आन्दोलन पर भी सहमति प्रदान की गयी है।
इस मौके पर अनिल सिंह, उपेन्द्र कुमार तिवारी, धीरेन्द्र शर्मा, गोविन्द प्रसाद, जितेन्द्र सिंह, शिवनारायण वर्मा, पंकज श्रीवास्तव, दिनेश कुमार, अनूप सिंह, ललित, रवि प्रकाश, रेनू सिंह, रवि कुमार श्रीवास्तव, रितेश कुमार सिंह, राजेश कुमार यादव, नरेन्द्र चतुर्वेदी, दिलीप विश्वकर्मा, रघुवीर कुमार द्विवेदी, राजेश कुमार द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# चोरों ने एक रात में दो घरों से पार किए चार लाख के जेवर व हजारों की नगदी

जन एक्सप्रेस | उरई

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव में बीते दिन सोमवार की रात घूमी चोरों की बारात ने पुलिस से वेखौफ होकर दो घरों को निशाना बना लिया। जहां से चोर करीब 4 लाख कीमत के सोने चांदी के कीमती आभूषण व हजारों रुपए की नगदी समेट कर रफूचक्कर हो गए। सूचना पर पहुंचे सीओ व कोतवाल ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और मामला पंजीकृतकर चोरों की तलाश शुरू कर दी।
शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव के लोग गहरी नींद में सोए हुए थे। तभी चोरों ने गांव में धावा बोल दिया। इस दौरान चोर गाँव के ही शारदा प्रसाद के घर में छत के रास्ते से घुस गए। जबकि छत पर ही गर्मी की



वजह सो रहे घरवालों को उनकी भनक तक नहीं लगी। घर में घुसे चोरों ने घर से तकरीबन दो लाख कीमत के जेवरात और 50 हज़ार रुपये की नगदी समेली और फरार हो गए। जब चोरों का इतने में मन नहीं भरा तो उन्होंने गांव के ही अनूप पटेल के घर भी चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। जहां से करीब दो लाख कीमत के जेवर और 30 हज़ार रुपए नगद समेट ले गए। इसके अलावा चोरों ने गांव के ही दो अन्य घरों में भी चोरी का प्रयास किया जिसमें एक घर के लोगों के जागने और बाकी एक घर के कमरों के ताले न टूटने पर चोर भाग निकले। गांव में चोरों के दुस्साहस को लेकर ग्रामीणों में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आक्रोश है। फिलहाल सूचना मिलते ही सीओ सिटी गिरजा शंकर त्रिपाठी और शहर कोतवाल वीरेंद्र कुमार पटेल ने फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और चोरों को जल्द पकड़ने का आश्वासन दिया। फिलहाल पुलिस ने शारदा प्रसाद और अनूप की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## पालिका की 32 ओवरहैड टंकियों से होगी पानी की उपलब्धता

### व्यावसायिक क्षेत्रों में होगा पानी का छिड़काव-अरविंद

जन एक्सप्रेस | कालपी

भीषण गर्मी के मौसम में लोगों को राहत पहुंचाने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव व अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला द्वारा लगातार प्रबंध किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी में लोगों को राहत पहुंचाने के लिए पालिककर्मी तत्परता से जुटे हुये है। नगर पालिका कार्यालय में जानकारी देते हुए पालिकाध्यक्ष ने बताया कि बाजार, भीड़भाड़ वाले इलाकों तथा कॉमर्शियल क्षेत्र में पालिका के टैंकरों से पानी का छिड़काव किया जाएगा। ताकि जमीन में तरावट एवं नमी बनी रहे। नवतपा होने की वजह से लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। पानी का छिड़काव हो जाने से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि नगरीय क्षेत्र के अलग-अलग मोहल्लों तथा सार्वजनिक स्थानों में ओवरहेड टैंक सहित पानी की 32 टंकियां संचालित हो रही हैं। बोरिंग तथा पानी की टंकियों के माध्यम से लोगों को पाने की उपलब्धता कराई जा रही है। जिम्मेदार कर्मचारियों शिशुपाल सिंह यादव, सरफराज खान को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि नगर में लगातार भ्रमणशील रहकर पानी की समस्या पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि इस काम में किसी भी प्रकार की को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इस मौके पर सभासद इकबाल हुसैन के अलावा अन्य सभासद व कर्मचारी मौजूद रहे।

## तीन जगह लगी आग पर काबू पाया, गैस गोदाम बाल-बाल बचा

जन एक्सप्रेस | कालपी

तहसील क्षेत्र में तीन अलग-अलग स्थानों में अग्निकांड की घटनाएं हो गई। दमकल वाहन लेकर मौके पर पहुंचे। कर्मचारियो को आग बुझाने के लिए मशक्कत करनी पड़ी।
अग्निशमन अधिकारी एमपी वाजपेई ने बताया कि ग्राम चमारी के वन क्षेत्र में आग लगने की सूचना पर विभाग की टीम दमकल वाहन लेकर मौके पर पहुंच गई तथा आग पर नियंत्रण? कर लिया। इसी तरह ग्राम आटा हाइवे किनारे स्थित रामदत के गैस गोदाम की बाउंड्री वॉल के अंदर आग सुलगने लगी। सूचना मिलने पर अग्निशमन वाहन लेकर दमकल वाहन लेकर मौके पर पहुंचे तथा आग बुझाने में कामयाबी हासिल कर ली। दरअसल अग्निशमन विभाग का वाहन नजदीक था। इसलिये तत्परता से आग बुझाने की कार्यवाही हो गई।कदौरा विकासखंड के ग्राम चतेला में किसानों ने पराली जला दी। पराली से धीरे-धीरे आग ने बिकराल रुप धारण कर लिया। आग धीरे-धीरे एक निजी नलकूप की ओर पहुंचने लगी। सूचना मिलने पर अग्निशमन केंद्र कालपी से वाहन के साथ मौके पर पहुंचे कर्मचारियों ने पानी का छिड़काव कर के आग बुझाने में कामयाबी हासिल की। नियंत्रण करने में अगर देर हो जाती तो नुकसान पहुंच सकता था। विनोद नायक, फायरमैन रवि प्रकाश, वीरेंद्र सिंह, सुधीर सिंह, चालक विनोद कुमार नायक फायरमैन अमृतलाल फायरमैन रवि प्रकाश शर्मा फायरमैन शिवकुमार फायरमैन गोविंद सिंह, फायरमैन रणधीर सिंह फायरमैन मानवेंद्र सिंह आदि आग बुझाने में शामिल रहे।

# मध्यस्थता केन्द्र में समझौते से निस्तारित हुआ चेक बाउंस का मुकदमा

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम के मार्गदर्शन में मध्यस्थता केन्द्र में मंगलवार को धारा 138 एनआई एक्ट के मामले में सुलह कराई गई। इसके चलते लगभग 8 माह से न्यायालय में लम्बित प्रकरण समाप्त हो गया।
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने बताया कि लव सिंह ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय में धारा 138 एनआई एक्ट के तहत वाद दायर किया था। जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम द्वारा इस पत्रावली को सुलह समझौते के लिए संदर्भित किया गया था। जिसके बाद मध्यस्थता केन्द्र के मध्यस्थ अधिवक्ता राहुल शर्मा ने इस पत्रावली को सुलह समझौते के लिए प्रस्तुत किया और उनके प्रयास से 8 माह से चल रहे



इस विवाद में मंगलवार को सुलह के लिए सहमति बन गई और दोनों पक्षों ने सुलहनामा दाखिल किया।
इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम के मार्गदर्शन में मंगलवार को जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों के मध्य विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें चयनित न्यायिक अधिकारी सिविल जज सीडि सचिन कुमार दीक्षित ने चिन्हित की गयी पांच पत्रावलियों में से एक में आरोपी द्वारा स्वेच्छा से जुर्म स्वीकार करने पर मुकदमा समाप्त कराया गया।

### 50 हजार के आभूषण व नगदी समेट कर चोर फरार

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली के मोहल्ला इंदिरा नगर में सोमवार रात चोरों ने एक मकान को निशाना बना लिया। जहां से चोर करीब 50 हजार के आभूषण व नगदी समेट कर फरार हो गए। गृहस्वामी द्वारा मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला इंदिरा नगर में सोमवार रात को गर्मी में बिजली न आने की वजह से सैफ मैरिज हॉल के पीछे रहने वाला राजीव वर्मा परिवार के साथ छत पर सो रहा था। तभी देर रात को चोर उसके घर में पीछे के रास्ते से घुसे और नीचे के कमरे में पहुंच गए। इस दौरान चोरों ने कमरे में रखी अलमारी को खोलकर तकरीबन 50 हज़ार कीमत के कीमती जेवर और 5200 रूपए निकाल कर चम्पत हो गए। सुबह जागने के बाद जब परिवार के लोग नीचे उतर कर आए और उन्होंने कमरे में बिखरा पड़ा सामान देखा तो उनके होश उड़ गए। घटना की खबर मोहल्ले में फैलते ही लोगों में अफरातफरी मच गई और मोहल्ले के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। ग्रह स्वामी द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दी गई। फिलहाल पीड़ित गृहस्वामी द्वारा मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी गई है।

## पांच जून से शुरू होगी परीक्षा, 968 पदों पर भर्ती के लिए तीन दिन होंगे एग्जाम

जन एक्सप्रेस | प्रयागराज

यूपी और बिहार के अभ्यर्थियों के लिए एसएससी मध्य क्षेत्र की वेबसाइट पर प्रवेश पत्र उपलब्ध है। ऐसे ही एसएससी के अन्य क्षेत्रीय कार्यालयों से भी प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है। यह परीक्षा देशभर में एक साथ होगी। कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने जूनियर इंजीनियर (जेई) भर्ती की ऑनलाइन परीक्षा का प्रवेश पत्र जारी कर दिया है।
प्रवेश पत्र का लिंक एसएससी मध्य क्षेत्र प्रयागराज की वेबसाइट https://www.ssc-cr.org पर जारी किया गया है। इस लिंक के जरिए अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र का शहर और शिफ्ट जान सकते हैं। परीक्षा के चार दिन पहले यह लिंक अपडेट होगा, तब उसमें केंद्र नाम आ जाएगा और अभ्यर्थी उसे डाउनलोड कर सकेंगे। केंद्र सरकार के विभागों और मंत्रालयों में जूनियर इंजीनियर के 968 पदों पर भर्ती का विज्ञापन एसएससी ने 28 मार्च 2024 को जारी किया था। सबसे अधिक पद बॉर्डर रोड आर्गनाइजेशन में सिविल जेई के 438 हैं। वहीं केंद्रीय लोक निर्माण विभाग में सिविल जेई के 217 और इलेक्ट्रिकल जेई के 121 पद हैं। इसके अलावा अन्य विभागों के पद हैं। इन पदों के लिए 18 अप्रैल तक आवेदन लिया गया था। रिक्त पदों के सापेक्ष देशभर से 4,83,557 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। पहले यह परीक्षा चार, पांच और छह जून को करानी थी। लोकसभा चुनाव के चलते इसकी परीक्षा एक दिन टलते हुए पांच, छह और सात जून को कराई जाएगी। यूपी और बिहार के अभ्यर्थियों के लिए एसएससी मध्य क्षेत्र की वेबसाइट पर प्रवेश पत्र उपलब्ध है। ऐसे ही एसएससी के अन्य क्षेत्रीय कार्यालयों से भी प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है। यह परीक्षा देशभर में एक साथ होगी। जेई पद के लिए दो परीक्षा होगी। इस परीक्षा के सफल अभ्यर्थी द्वितीय परीक्षा में शामिल होंगे। एसएससी मध्य क्षेत्र के निदेशक राहुल सचान ने बताया कि सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा होगी। परीक्षा में कोई सेंधमारी न कर सके, इसलिए केंद्र का नाम चार दिन पहले बताया जाएगा।

## अज्ञात शव की हुई पहचान मानसिक रूप से कमजोर बताया गया मृतक

जन एक्सप्रेस | कालपी

कोतवाली क्षेत्र में उसरगांव से सरसेला जाने वाली सड़क पर बीते दिन मिले अज्ञात शव की पहचान होने के बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने मानसिक रूप से कमजोर होने की बताई बात।
कालपी कोतवाली क्षेत्र में उसरगांव से सरसेला जाने वाली सड़क पर सोमवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिलने से हड़कंप मच गया था। मौजूद लोगों द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दी गई थी। सूचना मिलते ही ज्ञान भारती चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थे और उन्होंने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त करवाने का प्रयास किया था। इतना ही नहीं बल्कि मृतक का फोटो इंटरनेट मीडिया पर



प्रसारित किया गया था। मामले में चौकी प्रभारी ने बताया कि मंगलवार को मृतक की शिनाख्त अय्यूब पुत्र अनवार निवासी भट्टीपुरा कालपी के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि वह मानसिक रूप से कमजोर था और वह शनिवार को घर से निकल गया था। अंदेशा है कि युवक की मौत भीषण गर्मी से हुई है। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### दुकान खाली कराने पर अस्पताल स्टाफ से मारपीट

**फतेहपुर।** प्राइवेट अस्पताल में महंगी दवा बेच रहे मेडिकल स्टोर संचालक को जब दुकान खाली करने को कहा गया तो उसने डॉक्टर व स्टाफ के साथ मारपीट व गाली-गलौज की। अस्पताल संचालक ने मुकदमा दर्ज कराया है। शहर के रामगंज पक्का तालाब निवासी डॉ. राकेश साहू पक्का तालाब पर अस्पताल व ट्रामा सेंटर का संचालन करते हैं। उन्होंने बताया कि अस्पताल में हुसैनगंज थाना क्षेत्र के मथैयापुर निवासी अभिषेक ने मेडिकल स्टोर खोला था। अभिषेक मरीजों को महंगे दाम पर दवाएं बेचता था। उन्होंने शिकायत मिलने पर मेडिकल स्टोर संचालक को चेतावनी दी। उसके बाद भी बढ़े दाम में दवा देना बंद नहीं किया। इस पर सेंटर से मेडिकल स्टोर खाली करने को कहा गया। अभिषेक ने मेडिकल स्टोर में कुछ सामान छोड़कर सारा हटा लिया। पूरा सामान हटाने को कहा गया, तो 22 मई की शाम सात बजे अभिषेक, अनमोल, सौरभ व उनके साथी अस्पताल पहुंचे।

## पुलिस और बदमाशों की मुठभेड़: तीन लुटेरे गिरफ्तार, नगदी और अवैध असलहे समेत सामान बरामद

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

सीओ खागा बृजमोहन राय की अगुवाई में पुलिस ने दिनदहाड़े लूट का सफल खुलासा किया है। एसपी उदय शंकर सिंह ने टीम को बधाई दी है। फतेहपुर जिले के सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र में सीएससी संचालक के साथ तीन दिन पूर्व हुई लूट के आरोपितों के साथ थाना प्रभारी राजेंद्र त्रिपाठी व हमराही सिपाहियों की आज भोर पहर मुठभेड़ हो गई।
मुठभेड़ के दौरान दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। वहीं, एक को दौड़कर पकड़ लिया गया। पकड़े गए बदमाशों में दो घोष थाने के और एक खागा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत का रहने वाला है।
बदमाशों के पास से बीसी संचालक के पास से लूटी गई नगदी में



73,5000 रुपयों के अलावा बैंक की पासबुक के साथ अवैध असलहे ,कारतूस और प्रयुक्त बाइक भी बरामद हुई है। सीओ खागा बृजमोहन राय की अगुवाई में पुलिस ने दिनदहाड़े लूट का सफल खुलासा किया है। एसपी उदय शंकर सिंह ने टीम को बधाई दी है। पकड़े गए बदमाशों में घोष थाने के आरामपुर बसई निवासी दिलशाद, मकदूमपुर निवासी अंकित पासवान, खागा छीमी निवासी रूप चंद्र है।

### अंडर 19 मंडल ट्रायल मैच में चौथे और आखिरी दिन

# इटावा ने 192 और जालौन ने 157 रन बनाए

जन एक्सप्रेस | उरई

डीसीए जालौन के अंडर 19 मंडल ट्रायल मैच में चौथे और आखिरी दिन जालौन और इटावा के बीच मैच पुलिस लाइन ग्राउंड पर मंगलवार को जालौन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करते हुए जालौन डीसीए ने 157 रन बनाए। जबकि इटावा ने 192 रन बनाए। मैच 45 - 45 ओवर का खेला गया। इससे ट्रायल दे रहे सभी गेंदबाजों और बल्लेबाजों को प्रदर्शन करने का मौका मिला। सचिव विकास कुमार ने बताया कि सभी मैचों में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का



जोनल ट्रायल के लिए चयन होगा। मैच के दौरान उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर श्याम बाबू, डीसीए उपाध्यक्ष सुरेश निरंजन भैया जी, ज्वाइंट सेक्रेटरी विनय कुमार, सचिव विकास कुमार, हरेंद्र विक्रम सिंह, उदयवीर निरंजन, सचिन पाटकार, रिक्की सिंह आदि मौजूद रहे। यूपीसीए के सिलेक्टर, अंपायर की निगरानी में ट्रायल मैच खेला गया। आज से शुरू अंडर 16 के मंडल ट्रायल का पहला मैच जालौन और औरैया के बीच खेला जाएगा।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 45.2 (+4.8)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 28.8 (+3.4)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 46 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 21 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 4.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

*- कृषि मौसम वैज्ञानिक*





# 500 करोड़ के राजस्व की क्षति का मामला जल्द पहुंचेगा लोकायुक्त

- जोन एक के भ्रष्टाचार का भी मामला पहुंच चुका है हाईकोर्ट
- जिम्मेदार अधिकारियों के निलंबन और उनसे राजस्व वसूली की मांग
- 4 जून के बाद चलेगा शासन से वैधानिक कार्रवाई का हंटर, पूर्ण रूप से अवैध निर्माण होंगे जमींदोज

**जन एक्सप्रेस | कमलेश फाइटर**







कानपुर नगर। कानपुर विकास प्राधिकरण के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अवैध निर्माण की अनदेखी करने तथा राजस्व को करोड़ों रुपए की क्षति पहुंचाने के मामले में जल्द खबर का असर दिखाई देने वाला है। जहां एक ओर 4 जून को रिजल्ट आने के बाद शासन स्तर पर बड़ी कार्रवाई अवैध निर्माण और अधिकारियों के खिलाफ देखने को मिल सकती है तो वहीं दूसरी ओर हाई कोर्ट प्रयागराज के साथ-साथ मामला लोकायुक्त में ही भी बहुत जल्द पहुंचने वाला है इसकी पुष्टि शिकायतकर्ताओं द्वारा जन एक्सप्रेस संवाददाता को बता कर की जा चुकी है। लगातार जन एक्सप्रेस के अखबार द्वारा अवैध निर्माण और राजस्व की क्षति को लेकर प्रकाशित की जा रही खबरों से राजधानी में भी हलचल जोरों पर हुई है। शासन स्तर के एक बड़े अधिकारी ने जन एक्सप्रेस अख़बार के लखनऊ स्थित मुख्यालय से 500 करोड रुपए के रेवेन्यू को क्षति पहुंचाने के मामले में इनपुट और अवैध निर्माणों जानकारी मांगी है।

ज्ञातव्य हो कि कानपुर विकास प्राधिकरण के कोपरगंज, अनवरगंज, विरहाना रोड, चौक, मूलगंज, चमनगंज, बेकनगंज, बजरिया, हालसी रोड, एक्सप्रेस रोड आदि क्षेत्रों में बड़े स्तर पर अवैध निर्माण के रुप में बहुमाजिली इमारतें खड़ी हो चुकी हैं। जिस कारण सरकार और प्राधिकरण की छवि तो धूमिल हुई ही है साथ ही साथ करोड़ों रुपए के रेवेन्यू को भी क्षति पहुंचाने का काम जोन एक के जिम्मेदारों ने किया है।

## सचिव से लेकर सुपरवाइजर तक की होगी शिकायत

समाजसेवी संगठन चलाने वाले अधिवक्ता राकेश कुमार ने जन एक्सप्रेस संवाददाता को जानकारी देते हुए बताया है कि वह पूर्ण रूप से तैयारी कर चुके हैं। उनका कहना था कि वह लगातार जन एक्सप्रेस अखबार को पढ़ते हैं और उन्होंने जब पढ़ा की 500 करोड रुपए के रेवेन्यू को क्षति पहुंची है और मौत का कब्रिस्तान बनाने वाली अवैध मानक विहिन भी इमारतें तैयार हो चुकी है तो उनसे रहा नहीं गया उन्होंने शासन स्तर पर पत्र भेजे हैं जिसमें उनके द्वारा जन एक्सप्रेस में प्रकाशित खबरों को आधार बनाया गया है जल्द ही वह लोकायुक्त में के.डी.ए. सचिव, अपर सचिव, जोन एक प्रवर्तन प्रभारी जेई समेत जो भी सुपरवाइजर हैं उनकी लापरवाहियों का काला चिट्ठा लोकयुक्त में पेश कर नजीर बनने वाली वैधानिक कार्रवाई की मांग करेंगे।

## जिम्मेदार अधिकारियों से हो राजस्व की वसूली

राकेश कुमार ने यह भी जानकारी देते हुए बताया है कि उनके द्वारा उत्तर प्रदेश को सरकार को पत्र लिखते हुए जिन अधिकारियों ने राजस्व की क्षति होने के समय अपने पद पर रहते हुए लापरवाही बरती है उनसे वसूली किए जाने के लिए मांग की है।

## हाई कोर्ट प्रयागराज में दाखिल जनहित याचिका पर आ सकता है ऐतिहासिक फैसला

अभी हाल ही में एक सामाजिक संस्था द्वारा कानपुर विकास प्राधिकरण, अग्निशमन, एनबीसी, प्रदूषण के द्वारा अवैध निर्माण में की गई अनदेखी हाई कोर्ट प्रयागराज में जनहित याचिका दायर की गई थी। याचिका को स्वीकृत करते हुए सीजे ने संबंधित विभागों से जवाब मांगा है। कानूनी जानकार बताते हैं कि इस याचिका में कानपुर विकास प्राधिकरण समेत जितने भी जिम्मेदार विभाग हैं उनके लिए ऐतिहासिक फैसला हो सकता है। और यह भी बताया कि आने वाले समय के अधिकारियों के लिए यह फैसला एक नजीर बनेगा जिससे कि ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति ना हो।




## खुद के न्यायालय की साख बचा पाने में असफल है के.डी.ए.

आपको बताते चलें कि कानपुर विकास प्राधिकरण अक्सर शिकायतों का निस्तारण करते हुए यह लिखकर देता है कि जिस निर्माण के संबंध में शिकायत की गई है उसका मामला प्राधिकरण के अर्धन्यायिक न्यायालय में विचाराधीन है और मामले की सुनवाई के बाद ही कोई कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के लिए आपको बताते चलें कि कानपुर विकास प्राधिकरण अपने ही न्यायालय के सम्मान को नहीं बचा पा रहा है और लगातार यहां पर तैनात जिम्मेदार अधिकारी न्यायालय की अवमानना करा रहे हैं। प्रमाण के तौर पर कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन एक स्थित जीटी रोड के किनारे कोका कोला अशोक नगर क्षेत्र में बने शॉपर स्टाफ कान्हा गैलेक्सी नामक मॉल का ले लीजिए प्राधिकरण के अभिलेखों के अनुसार शॉपर्स स्टॉप का मामला कानपुर विकास प्राधिकरण के न्यायालय में विचाराधीन है लेकिन शॉपर्स स्टॉप नाम का मॉल उद्घाटन होने के बाद चालू भी हो चुका है। ऐसे में कानपुर विकास प्राधिकरण के जिम्मेदार अधिकारियों को क्या कहा जाए शब्द नहीं मिल रहा है क्योंकि जो अपने विभाग के न्यायालय की इज्जत नहीं बचा सकते हैं वह शहर और प्रदेश सरकार की इज्जत को क्या बचाएंगे। हालांकि जल्द ही शॉपर्स स्टॉप का मामला भी एक भाजपा नेता वा समाजसेवी प्रदेश की अंकुश समिति में ले जाने वाले हैं। आने वाले समय में यह माल भी जिम्मेदार अधिकारियों के लिए काल बनेगा।..... *शेष जारी*

# पीड़ित दिव्यांग पर एफआईआर के विरोध में, किदवई नगर थाने पर देंगे धरना

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



किदवई नगर थाने में दिव्यांग राजेश कुमार शुक्ला व उनकी पत्नी के विरूद्ध फर्जी मुकदमा दर्ज करवाने के खिलाफ राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी 31 मई को थाने में धरना देगी।

यह निर्णय कल पार्टी की शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क में आयोजित बैठक में लिया गया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि पुलिस धनबल, बाहुबल के प्रभाव मे आकर दिव्यांग व्यक्ति का उत्पीड़न कर रही है। पार्टी ने 11 मई को थाना प्रभारी किदवई नगर को पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग की थी लेकिन पार्टी के पत्र पर कार्यवाही करने की बजाय। आरोपियों के प्रभाव मे आकर दिव्यांग राजेश कुमार शुक्ला व उनकी पत्नी रोली शुक्ला के विरूद्ध फर्जी रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इससे पुलिस के प्रति अविश्वास की भावना जागृत हुई है। वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि पुलिस को पहले तथ्यों की पड़ताल करनी चाहिए उसके बाद मुकदमा दर्ज करना चाहिए। दिव्यांगजन के उत्पीड़न के राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी अब सड़क पर उतरेगी। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार के अलावा जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, प्रदेश प्रवक्ता अल्पना कुमारी, प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी, गुड्डी दीक्षित, वैभव दीक्षित, राजेश शुक्ला, गौरव कुमार, महेश चन्द्र साहु, अनुराधा गुप्ता, सीमा कुशवाहा, गोमती, याशमीन, सरला, त्रिसी खरे, रोली शुक्ला, धीरेन्द्र केशरवानी, गुलजार, आदि शामिल थे।

# बिकरू कांड: फरार मनु पांडेय की दादी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



बिकरू कांड की आरोपी मनु पांडेय की दादी माधुरी शुक्ला उम्र 70 वर्ष उर्फ मुनिया बहन का शव बिठूर के बहलोलपुर मंधना स्थित मकान की दूसरी मंजिल पर बंद कमरे में मिलने के बाद क्षेत्र में हड़कंप पहुंच गया। माधुरी की बहू सुनीता से पटती नही थी इसलिए वह ऊपरी मंजिल पर रहती थी जबकि बहू सुनीता बच्चों के साथ निचले हिस्से में रहती थी। उम्र अधिक होने की वजह से मृतका बाहर से खाना मंगवाती थी।

बुधवार की सुबह करीब 11 बजे जब टिफिन देने वाला अंशु तिवारी खाना लेकर पहुचा तो कमरें से आ रही बदबू के बारे उसने मकान के निचले हिस्से में रहने वाली बहू को बताया।

इस पर सुनीता का बेटा हर्ष शुक्ला ऊपरी मंजिल पर गया। हर्ष की सूचना पर मंधना चौकी इंचार्ज अमित मलिक फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़कर पुलिस कमरें के अंदर दाखिल हुई तो माधुरी का शव करवट पड़ा हुआ था।

शव करीब 3 दिन पुराना होने की वजह से बदबू आ रही थी।

मौके पर पहुंच कर फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं।

# कुलपति संग बैठक में ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के संचालन पर बनी सहमति



**जन एक्सप्रेस | प्रदीप शर्मा**

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो.विनय पाठक के नेतृत्व में मंगलवार को विद्या परिषद की बैठक आयोजित हुई। जिसमें अन्य मुद्दों के साथ-साथ ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के संचालन पर सहमति बनी। विश्वविद्यालय में स्थापित द्रोणाचार्य, सेंटर फॉर ऑनलाइन एंड डिस्टेंस एजुकेशन द्वारा दूरस्थ एवं ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के संचालन के माध्यम से विद्यार्थियों को अब विश्वविद्यालय के उच्च स्तरीय अध्यापकों द्वारा अपने ज्ञान और कौशलों के विकास के अवसर प्राप्त होंगे। विद्यार्थी घर बैठे ही ऑनलाइन लर्निंग मैटेरियल का लाभ भी उठा सकेंगे जो आने वाले समय में पंजीकृत विद्यार्थियों को उपलब्ध करा दिया जाएगा।

इसके साथ ही विश्वविद्यालय का स्कूल आफ लैंग्वेज और एजुकेशन डिपार्टमेंट बीए के नए प्रोग्राम्स भी विद्यार्थियों को आगामी सत्र से उपलब्ध कराएगा। अन्य विश्वविद्यालय के विद्यार्थी भी अब मध्य-सत्र से विश्वविद्यालय में अध्ययन की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। विश्वविद्यालय में पढ़ाए जाने वाले विभिन्न पाठ्यक्रमों में समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप आवश्यक संशोधन भी किए गए। विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले दो विद्यार्थियों को डॉ.विश्वनाथ सेठ पुरस्कार दिए जाने को विद्या परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

बैठक में प्रति कुलपति प्रो.सुधीर कुमार अवस्थी, कुलसचिव डॉ.अनिल यादव, डॉ.वृष्टि मित्रा, डॉ.अनुराधा कलानी, प्रो.राजेश कुमार द्विवेदी, प्रो.संदीप सिंह, सीओई राकेश कुमार, एफओ अशोक कुमार त्रिपाठी, एसोसियेट डीन डॉ.अंशू सिंह, डॉ.रत्नार्थु मिश्र, डॉ.अखिलेन्द्र, समरेंद्र सिंह सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में दाल मिल कर्मी की मौत परिजनों ने काटा हंगामा

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

किराए के मकान मे रहकर दाल मील मे काम करने वाले मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों मे सोमवार की देर रात मौत हो गई। दाल मील मैनेजर के द्वारा मृतक मजदूर को बर्रा क्षेत्र मे स्थित मातृ छाया अस्पताल मे भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के भेज दिया। शव को जबरन पोस्टमार्टम के लिए भेजने से मृतक के परिजनों ने अस्पताल के बाहर जमकर हंगामा काटा।

बीती रात सोमवार/मगंलवार को थाना पनकी क्षेत्र के सराय मे बनी गौरी दाल मील मे गुजैनी गांव के 30 वर्षीय विनोद की अचानक मील मे काम करने के दैरान संदिग्ध परिस्थितियों मे मौत हो गई। परिजनों ने दाल मील के मालिक पर आरोप लगाते हुए बताया कि विनोद गुजैनी मे अपने पत्नी और बच्चों के साथ रहकर यहां काम करता था। अचानक मील से घर मे फोन आया कि विनोद की तबीयत बहुत खराब है। मील पहुंचे परिजनों को जब विनोद मील मे नही मिला तो उन्हे जानकारी मिली की विनोद को बर्रा थाना क्षेत्र के सचान चौराहे पर स्थित मातृ छाया अस्पताल मे मील के मैनेजर द्वारा भर्ती कराया गया है। जहां से विनोद के परिजन फौरन मातृ छाया अस्पताल पहुंचे तो उन्होने देखा कि विनोद को पोस्टमार्टम के लिए हैलट भेजा जा रहा है। परिजनों द्वारा इसका विरोध करने के बावजूद जबरन पनकी पुलिस ने मृतक विनोद के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जिसके बाद मृतक विनोद के परिजनों का रोड पर रो रो कर बुरा हाल हो गया। वहीं मृतक विनोद की बहन ने जब चौकी प्रभारी को फोन किया तो उन्होने जवाब मे बोला कि ज्यादा चिल्लाओ नही अब यहां फोन मत करना और अस्पताल मे कार्यरत लोगों ने कहा कि हमारा वीडियो बनाकर कुछ नही कर पाओगे जो करते बने कर लेना। काफी देर रोड पर रोने धोने के बाद मृतक विनोद के परिजनो ने पनकी थाने पहुंच कर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई।

# 30 मई से ताज़ा पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पश्चिम भारत की ओर आने का अनुमान

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



कृषि मौसम वैज्ञानिक यस.यन. सुनील पांडे ने देश भर की मौसम प्रणाली के बारे में बताया कि अगले 5 दिनों के दौरान केरल में मानसून की शुरुआत के लिए परिस्थितियाँ अब अनुकूल हैं। बांग्लादेश के ऊपर बना गहरा डिप्रेशन (चक्रवाती तूफान रेमल के अवशेष) पूर्व उत्तर-पूर्व दिशा में आगे बढ़ गया है। पूर्वी बांग्लादेश के ऊपर अक्षांश 24.4 उत्तर और देशांतर 91.1 पूर्व ऊपर एक डिप्रेशन के रूप में बना हुआ है, यह सिलचर (असम) से लगभग 170 किमी पश्चिम दक्षिण-पश्चिम में, मोंगला (बांग्लादेश) के 260 किमी उत्तर-पूर्व, श्रीमंगल (बांग्लादेश) से 60 किमी पश्चिम दक्षिण पश्चिम, और ढाका (बांग्लादेश) से 100 किमी उत्तरपूर्व में बना हुआ है। इस सिस्टम के 28 मई की शाम तक पूर्व उत्तर पूर्व दिशा क्षेत्र में आगे बढ़ने की संभावना है और यह धीरे-धीरे और कमजोर हो जाएगा। उत्तर पश्चिमी उत्तर प्रदेश पर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। उत्तर पूर्वी राजस्थान पर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। एक ट्रफ रेखा पूर्वोत्तर राजस्थान के ऊपर बने हुए चक्रवाती परिसंचरण से होते हुए निचले स्तर पर मध्य प्रदेश से होते हुए उत्तरी छत्तीसगढ़ तक फैली हुई है। 30 मई से एक ताज़ा पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पश्चिम भारत की ओर आ सकता है।

## हनुमंत विहार पुलिस ने शातिर चोरों को दबोचा



**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर।** शहर की दक्षिण पुलिस ने तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से चोरी की 12 मोटरसाइकिल भी बरामद की हैं। डीसीपी साउथ ने हनुमंत विहार पुलिस के द्वारा किए गए इस बड़े गुड वर्क पर प्रशंसा की है। कानपुर पुलिस द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार थाना हनुमंत विहार पर दर्ज़ चोरी के मुकदमे में अभियुक्तगणो की खोजबीन के लिए निकली टीम को मुखबिर से वाहन चोरों की सूचना मिली। सूचना पर थाना हनुमंत विहार पुलिस ने 12 चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शातिर चोरों के नाम कुलदीप यादव, रोहित यादव, मोहन सिंह यादव बताया गया है।

## दो पहिया वाहन की टक्कर से साइकिल सवार हुआ घायल

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

कंपनी बाग चौराहा स्थित चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय के गेट नंबर 3 के पास मोटरसाइकिल सवार ने साइकिल सवार अज्ञात युवक को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया।

टक्कर पड़ते ही साइकिल सवार अज्ञात युवक बेहोश होकर गिर गया आसपास मौजूद लोगों ने घायल को उठाकर डायल 112 पुलिस को सूचना दी वही पास में मेट्रो का काम कर रहे एक कर्मचारी एजाज ने बताया कि युवक साइकिल से जा रहा था तभी बगल से तेज रफ्तार मोटरसाइकिल के संपर्क में आ जाने से अनियंत्रित होकर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया।

राहगीरों ने पुलिस को सूचना दे दी है और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

# पुष्प अर्पण कर श्रमिक नेता को दी भावभीनी श्रद्धांजलि




**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के संस्थापक महामन्त्री व पुरोधा स्व.पी.एन.शुकुल की पुण्यतिथि पर मंगलवार को कृषि विभाग सभागार में उन्हें पुष्पमाला व पुष्प अर्पण कर भावभीनी श्रद्धॉजलि दी गई।? कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे परिषद के अध्यक्ष राजा भरत अवस्थी ने कहा कि पी.एन.शुकुल ने कर्मचारियों व शिक्षकों के हितों के लिए एक बड़ी लड़ाई लड़ी। उन्होंने केन्द्र के समान राज्य कर्मचारियों व शिक्षकों को एक समान वेतन भत्ता दिए जाने के लिए ढाई वर्ष की जेल यात्रा भी की।

उन्होंने कहा कि उनके अदम्य साहस,निर्भीकतापूर्वक किए गए आंदोलन आज भी हमें प्रेरणा देते है। कार्यक्रम का संचालन इं.कोमल सिंह ने किया।

# डीएम ने गीष्म ऋतु में लू (हीट स्ट्रोक) गर्म हवाओं से बचाव हेतु जनहित मे जारी की एडवायजरी

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

जिलाधिकारी ने बताया कि भारतीय मौसम विभाग के अनुसार जब किसी जगह का स्थानीय तापमान लगातार तीन दिनों तक वहाँ के सामान्य तापमान से 03 डिग्री से0 या उससे अधिक रहें तो उसे लू या हीट वेव कहते हैं। जब वातावरणीय तापमान 37 डिग्री से0 तक रहता है तो मानव शरीर पर उसका कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है, पर जैसे ही तापमान 37 डिग्री से0 से ऊपर बढ़ता है तो हमारा शरीर वातावरणीय गर्मी को शोषित कर शरीर के तापमान को प्रभावित करने लगता है। गर्मी में सबसे बड़ी समस्या होती है लू लगना। गर्मी में उच्च तापमान में ज्यादा देर तक रहने से या गर्म हवा के झोंकों के सम्पर्क में आने पर लू लगने की प्रबल सम्भावना होती है।उन्होंने बताया कि गर्मी में शरीर के द्रव्य, सूखने लगते हैं, शरीर में पानी, नमक की कमी होने पर, शराब की लत, हृदय रोग, पुरानी बीमारी, मोटापा, पार्किंसंस रोग, अधिक उम्र, अनियंत्रित मधुमेह के मरीजों तथा डाययूरेटिक, एंटीस्टिमिनिक, मानसिक रोग की कुछ औषधियां लेने वाले मरीजों को लू लगने का खतरा अधिक रहता है। लू लगने पर परिलक्षित होने वाले लक्षण जैसे-त्वचा का गर्म, लाल, शुष्क होना, पसीना न आना, पल्स तेज होना, उल्टे श्वास गति में तेजी, सिरदर्द, मिचली, थकान और कमजोरी का होना या चक्कर आना तथा मूत्र न होना अथवा इसमें कमी होना है। उच्च तापमान से शरीर के आंतरिक अंगों, विषेश रूप से मस्तिष्क को नुकसान पहुँचता है तथा इससे शरीर में उच्च रक्तचाप उत्पन्न हो जाता है। मनुष्य के हृदय के कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव उत्पन्न होता है। जो लोग एक या दो घंटे से अधिक समय तक 40.6 डिग्री से0/105 डिग्री एफ0 या अधिक तापमान अथवा गर्म हवा में रहते हैं, तो उनके मस्तिष्क में क्षति होने की सम्भावना प्रबल हो जाती है।जिलाधिकारी ने लू (हीट वेव) से बचने के उपायों यथा-'क्या करें और क्या ना करें' की जानकारी देते हुए बताया कि अधिक से अधिक पानी पियें, यदि प्यास न लगी हो, तो भी पानी पियें ताकि शरीर में पानी की




कमी से होने वाली बीमारियों से बचा जा सके। हल्के रंग के पसीना शोषित करने वाले हल्के वस्त्र पहनें। धूप में गमछा, चश्मा, छाता, टोपी व पैरों में चप्पल का उपयोग अवश्य करें। खुले में कार्य करने की स्थिति में सिर, चेहरा, हाथ-पैरों को गीले कपड़े से ढँके रहें तथा छाते का प्रयोग करें। लू से प्रभावित व्यक्ति को छाये में लिटाकर सूती गीले कपड़े से पोछें अथवा नहलायें तथा चिकित्सक से सम्पर्क करें। यात्रा करते समय पीने का पानी अवश्य साथ रखें। शराब, चाय, कॉफी जैसे पेय पदार्थों का इस्तेमाल न करें, यह शरीर को निर्जलित करते हैं। ओ0आर0एस0 घोल या घर में बने हुये पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी (माड़), नीबू-पानी, छाछ, कच्चे आम से बना पना आदि का उपयोग करें, जिससे कि शरीर में पानी की कमी न हो। अगर आपकी तबीयत ठीक न लगें, तो गर्मी से उत्पन्न हाने वाले विकारों, बीमारियों को पहचाने और किसी भी प्रकार की तकलीफ होने पर तुरन्त चिकित्सकीय परामर्श लें।

अपने घर को ठण्डा रखें, पर्दे, दरवाजे आदि का उपयोग करें तथा शाम/रात के समय घर तथा कमरों को ठण्डा करने हेतु इसे खोल कर रखें ;अपनी सुरक्षा का विषेश ध्यान रखते हुए)। पंखे, गीले कपड़ों का उपयोग करें तथा आवश्यकतानुसार स्नान करें। कार्य स्थल पर ठण्डे पीने का पानी रखें और उसका नियमित उपयोग करते रहें। श्रमसाध्य कार्यों को ठण्डे समय में करने कराने का प्रयास करें। घर से बाहर होने की स्थिति में आराम करने की समयावधि व आवृत्ति को बढ़ायें तथा गर्भवती महिला कर्मियों तथा रोगग्रस्त कर्मियों का अतिरिक्त एवं विषेश ध्यान रखे।

## स्वास्थ्य जागरूकता के लिए हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

झुनझुनवाला पीजी कॉलेज में रेडक्रास के तत्वाधान में एक दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता के लिए कार्यक्रम, अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य विषय पोस्चर और पोस्चरल डिफॉरमेटी था।

जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर संजीव सिंह आयुर्वेद चिकित्सक अयोध्या पधार कर अपना व्याख्यान दिया एवं छात्रों को जागरुक करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर करुणेश तिवारी ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के अलावा महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग डॉक्टर रीषा पांडेय, डॉक्टर संजीव कुमार शुक्ला डॉ पूर्णिमा तिवारी डॉक्टर सरिता मिश्रा आशा मैम आशुतोष वर्मा एवं पैरा मेडिकल के प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# जिला चिकित्सालय अयोध्या में मरीजों का बुरा हाल, भर्ती मरीज सिस्टम की झेल रहे मार

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



जिला अस्पताल अयोध्या में मरीजों का बुरा हाल है। वार्डों में एसी न होने के कारण भीषण गर्मी में दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। कूलर लगे हैं, लेकिन उनकी टंकियों में पानी न होने के कारण वे गर्म हवा फेक रहे हैं, जबकि चिकित्सकों और नर्सों के कक्ष में एसी लगा हुआ है। गर्मी ने चौतरफा कहर बरपा रखा है। सड़कों पर निकलना भारी पड़ रहा है। दोपहर के समय लोग घरों में दुबके हुए हैं। लोग एसी-कूलर छोड़कर निकलना नहीं चाह रहे हैं। वहीं जिला अस्पताल में भर्ती मरीज सिस्टम की मार झेल रहे हैं। मेल सर्जिकल वार्ड में बुरा हाल दिखा। कूलर तो लगा था लेकिन गर्म हवाएं फेंक रहा था। रौजा गांव से आईं मालती देवी ने अपने बेटे को वार्ड में भर्ती कराया है। उन्होंने बतायाि क कूलर की टंकी लीक कर रही है। रविवार को पानी भरा गया था, लेकिन पूरे वार्ड में भर गया। इसके बाद से पानी ही नहीं डाला जा रहा। बच्चा वार्ड में दो एसी लगे हैं, लेकिन बीमार बच्चों की संख्या बढ़ने के कारण वहां बेड बढ़ा दिए गए हैं। लगभग 16 बेड लगाए हैं। दो एसी है, लेकिन कूलिंग ही नहीं कर रहे हैं। लोगों को हाथ वाले पंखे से अपने लाडलों को हवा देनी पड़ रही है।

मेडिकल वार्ड में तो बुरा हाल है। सारे बेड फुल हैं। लोग जगह-जगह अपने मरीज के पास घर से फर्राटा व टेबल फैन लाकर लगाए हैं। मकबरा के रामदीन मेडिकल वार्ड में भर्ती हैं। उनके पैरों में तकलीफ है। उन्होंने बतायाि क पंखे से हवा नहीं आ रही थी। इसलिए घर से मंगवाना पड़ा। ककरही बाजार की सुमित्रा देवी को ब्लड कम था। उनके परिजनों ने उन्हें भर्ती कराया था। उनके पास टेबल फैन लगाया गया है। आर्थो वार्ड में भी मरीजों के साथ यही दुर्गति है। अमित के पैर टूट गया था। वह 20 मई को भर्ती हुए। पास में ही कूलर लगा है, लेकिन किसी भी मरीज को नहीं लगती। यहां भर्ती होने के बाद उनके परिजन दो हजार रुपये का टेबल फैन खरीदकर लगाा दए।

सीएमएस डॉ. उत्तम कुमार ने बताया कि मुझे जानकारी नहीं है कि लोग घरों से पंखे लेकर आ रहे हैं। घर से पंखे लाकर लगाना गलत है। हालांकि गर्मी तो बहुत पड़ रही है। सभी परेशान हैं। हर वार्डों में एसी लगाने का बजट नहीं है। कोशिश की जा रही हैंि क कुछ संस्थाओं से संपर्क कर वार्डों में एसी लगवाया जाए।

# पीरियड्स के दौरान महिलाओं को साफ सफाई के बारे में किया गया जागरुक

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

दुनिया भर में हर वर्ष 28 मई को **विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस** के रूप में मनाया जाता है।उसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा राज कुमार ने बतायाकि **वर्ल्ड मेन्सट्रुअल हाइजीन डे** पीरियड्स के दौरान महिलाओं को साफ-सफाई के प्रति जागरूक रखने के लिए मनाया जाता है।पीरियड्स महिलाओं को होने वाली 4-5 दिन की एक प्राकृतिक प्रकिया है, जिससे एक उम्र के बाद हर महिला को होकर गुजरना पड़ता है। इस दौरान महिलाओं को साफ-सफाई का खास ध्यान रखने की जरूरत होती है, जिसकी अनदेखी करने पर महिलाओं को कई बार कई तरह की गंभीर समस्याएं हो जाती हैं। नोडल किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अधिकारी डा आशुतोष सिंह ने बताया कि विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस का महत्त्व- **वर्ल्ड**




**मेन्सटुअल हाइजीन डे** मनाए जाने के पीछे भी एक खास महत्व है। दरअसल, ज्यादातर महिलाओं और युवतियों को हर महीने 5 दिन मासिक धर्म होता है। पीरियड्स साइकिल का औसत अंतराल भी 28 दिन का होता है। यही वजह है कि इस दिन हर साल 28 तारिख को मनाया जाता है।

जिला प्रबंधक राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम सुनील वर्मा ने बताया कि किशोरी सुरक्षा योजना जनवरी 2016 से जनपद के समस्त सरकारी / परिषदीय विद्यालयों में लागू है जिसके अंतर्गत इन विद्यालयों में कक्षा 6 से 12 तक पढ़ने वाली समस्त किशोरियों को निःशुल्क सेनेटरी नेपकिन के पैकेट वितरित किए जा रहे हैं तथा उनको व्यक्तिगत स्वच्छता, सेनेटरी नेपकिन के समुचित उपयोग व निस्तारण तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां प्रदान की जा रही हैं इसी क्रम में 28 मई को जनपद के 8 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों पर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीमों द्वारा भ्रमण कर किशोरियों को माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के बारे में जागरूक करते हुए सेनेटरी नेपकिन भी वितरित किए।

## गर्मी में नारायण फाउंडेशन की अनोखी पहल, जरूरतमंदों को वितरित किए बड़े छाते

**जन एक्सप्रेस/अम्बेडकर नगर।** जनपद की प्रमुख समाजसेवी संस्थान नारायण फाउंडेशन ने गर्मी में आम जन को राहत पहुंचाने के लिए एक अनोखी पहल की है नारायण फाउंडेशन के संरक्षक विवेक मौर्य के निर्देशों पर संस्था जरूरतमंदों को 1100 बड़े साइज के छातो के वितरण करने का निर्णय लिया है उसी क्रम में अकबरपुर में प्रथम चरण का शुभारंभ करते हुए 250 से अधिक छातो का वितरण का कार्यक्रम संस्था की ओर से रखा गया नारायण फाउंडेशन ने जिले में विभिन्न स्थानों पर सड़कों के किनारे फल सब्जी विक्रेता मोची और अन्य जरूर जरूरतमंदों को बड़े पैमाने पर छाता का वितरण कर रहा है ताकि धूप से इनका बचाव हो सके इस वितरण कार्यक्रम में भागीदारी करते हैं उत्तर प्रदेश व्यापारिक कल्याण प्रतिनिधित्व के सदस्य शुभम अग्रहरी ने कहा नारायण फाउंडेशन के संरक्षण विवेक मौर्य की संस्था अंबेडकर नगर के सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही।

# जेसीबी से चकरोड की पटाई के विवाद में घायल वृद्धा की इलाज के दौरान मौत, प्रधान प्रतिनिधि पर उकसा कर मारपीट करवाने का आरोप

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद के सम्मनपुर थाना क्षेत्र के सिकरोहर गांव में प्रधान प्रतिनिधि द्वारा जेसीबी से चकरोड की पटाई के दौरान सूखी लकड़ी हटाने व फलदार आम का वृक्ष काटने के विरोध को लेकर हुए मारपीट में घायल वृद्धा की इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने नामजद आरोपियों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

सम्मनपुर थाना क्षेत्र के सिकरोहर गांव में प्रधान प्रतिनिधि रमेश राजभर लेखपाल से पैमाइश कराने के बाद जेसीबी मशीन से चक मार्ग की पटाई करा रहे थे। गांव के राजाराम के घर के पास चौड़ाई से अधिक जमीन लेकर पटाई के दौरान उक्त जमीन पर रखी सूखी लकड़ी व एक नीम व आम के पेड़ को काटने को लेकर पटीदार सुनील से कहा सुनी हो गई। वहीं पास में ही राजा



राम के पटीदार सुनील की जमीन भी है। आम के पेड़ को काटने के विरोध पर दोनों पक्षों में कहा सुनी के बाद गाली गलौज शुरू हो गई।

आरोप है कि प्रधान प्रतिनिधि के उकसाने पर सुनील व सीता ने राजाराम को लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। बीच बचाव के लिए आई पत्नी कमलेश को भी धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया और जमकर पीटा गया। मारपीट के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। विपक्षियों ने मामूली बात को लेकर हुए विवाद में पीड़ित परिवार को दौड़ा-दौड़ा कर खूब पीटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राजाराम से तहरीर लेकर घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल महिला 65 वर्षीय कमलेश की मौत हो गई। वृद्धा की मौत से स्वजनों में कोहराम मच गया। इतनी बड़ी घटना पुलिस ने हल्के में लिया। और महज एनसीआर में मुकदमा दर्ज किया है।घटना के बाद गांव में सन्नाटा पसर गया है।

सीओ सुरेश कुमार मिश्र ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और पुलिस को कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उप निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि मारपीट के मामले में नामजद आरोपियों के विरुद्ध दर्ज मुकदमे में गैर इरादतन हत्या की धारा बढ़ाई जा रही है। विवेचना में पीड़ित के बयान के आधार पर नाम बढ़ाया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

# मतगणना कार्य की तैयारियों को लेकर डीएम व एसपी ने की प्रेस कांफ्रेंस

**✻ मतगणना कार्य को सही सलामत संपन्न कराने के लिए प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक**

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी निशा अनंत एवं पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट सभागार में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ वार्ता की।जिसमें मतगणना कार्य को लेकर की जा रही तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई।इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना चार जून को प्रातः 8:00 बजे से जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में विधान सभा वार बनाए गए मतगणना सेंटरों पर कराई जाएगी।नवोदय विद्यालय में मीडिया सेंटर की स्थापना प्रवेश गेट के बाईं तरफ की गई है। जिसमें मीडिया बंधुओ के बैठने की व्यवस्था तथा चार्जिंग पॉइंट, वाई-फाई एवं टीवी आदि की व्यवस्था की गई है।तथा नियमित रूप से चक्रवार परिणाम की सूचना उपलब्ध कराई जाएगी।इसके साथ ही मतगणना की फोटो,वीडियो भी मीडियाप्रतिनिधियों को नियमानुसार उपलब्ध कराया जाएगा। इस मौके पर एडीएम वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता,अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा सहित अन्यअधिकारी एवं मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहे।

लोकसभा चुनाव की मतगणना को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मंगलवार को जिलाधिकारी निशा अनंत ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक किया। और अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा किया। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को चिकित्सा व्यवस्था हेतु मतगणना स्थल पर पर्याप्त एंबुलेंस, डॉक्टर तथा आवश्यक दवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा, मतगणना स्थल पर साफ सफाई, मोबाइल टॉयलेट,पीने का पानी आदि व्यवस्था के लिए अधिशासी अधिकारी गौरीगंज को निर्देशित किया।विद्युत व्यवस्था को लेकर अधिशासी अभियंता विद्युत प्रथम को मतगणना के दिन सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा।टेलीफोन, ब्रॉडबैंड,इंटरनेट व्यवस्था के लिए एसडीओ बीएसएनल को निर्देश दिया की मतगणना के दिन इंटरनेट की सुचारूव्यवस्था उपलब्ध रहे। मतगणना कार्मिकों को सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था जिला पूर्ति अधिकारी को सौंपा।मीडिया सेंटर में मीडिया प्रतिनिधियों के लिए सभी व्यवस्थाओं हेतू जिला सूचना अधिकारी को निर्देशित किया।मुख्य अग्निशमन अधिकारी को मतगणना स्थल पर फायर टेंडर एवं अन्य उपकरणों की व्यवस्था करने को कहा।मतगणना स्थल पर टेंट, फर्नीचर बैरिकेडिंग की व्यवस्था के लिए अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को मतगणना से पूर्व सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। मतगणना हेतु एक्सेल शीट,एन्कोर पर ऑनलाइन फीडिंग के कार्य के लिए जिला सूचना विज्ञान अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मतगणना स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था एवं पुलिस प्रबंधन के लिए अपर पुलिस अधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।बैठक में डीएम ने कहा कि सभी प्रभारी अधिकारी सौंप गए कार्यों को पूरी निष्ठा व लगन के साथ करते हुए मतगणना का कार्य सकुशल संपन्न कराएंगे। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता,अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# ज्येष्ठ माह के पहले बड़े मंगल पर धूमधाम से की गई पूजा, बांटा गया प्रसाद

**जन एक्सप्रेस । तिलोई अमेठी**

जेठ माह के पहले बड़े मंगल पर श्रद्धालु हनुमान भक्ति में डूबे नजर आए। चहुंओर हे बजरंगबली हनुमान, हे महावीर करो कल्याण, तेरी शक्ति का क्या कहना जैसे भक्तिगीतों की गूंज सुनाई देती रही। जगह-जगह लगे भंडारों की रौनक देखते ही बनी। भंडारों में प्रसाद बांटने और पाने का जोश देखने लायक रहा। पहला बड़ा मंगल उत्सव सरीखा रहा। क्षेत्र के कस्बा सेमरौता में क्षेत्र पंचायत सदस्य अर्चना शुक्ला के आवास पर ज्येष्ठ माह के प्रथम बड़े मंगल पर प्रातः संगीतमयी सुंदरकाण्ड पाठ आयोजित किया गया और आरती पूजन के बाद प्रसाद वितरित किया गया। वहीं सेमरौता में रामगंज चौराहे पर अपने प्रतिष्ठान पर राकेश सैनी द्वारा सुंदरकाण्ड पाठ कर लोगो प्रसाद



वितरित किया।

इस मौके पर प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार तिवारी, प्रधान सेमरौता देवी शरण बाजपेई,पूर्व जिला पंचायत सदस्य कर्ण कुमार बाजपेई,आशीष मिश्रा, राजेश पाण्डेय, वही रामगंज चौराहे पर रवि सैनी आदर्श सैनी, अजय गुप्ता, शिवम्, प्रभांशु प्रजापति, रितिक सैनी आदि लोग मौजूद थे।

# वरिष्ठ जनों के लिए आयोजित हुआ चिकित्सा सेवा शिविर

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

मा0 जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के तत्वाधान में वृद्धजन आवास (वृद्धाश्रम), आई0टी0आई0 कैम्पस दूरभाष नगर, रायबरेली में वृद्धजनों की सेहत जाँचने व मुफ्त इलाज दिये जाने हेतु निःशुल्क चिकित्सा सेवा शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त चिकित्सा सेवा शिविर में डाक्टरों के द्वारा बीमार वृद्धजनों की सेहत की जाँच कर चिकित्सीय सलाह दी गयी। इस अवसर पर अपर जिला जज/सचिव अनुपम शौर्य के द्वारा उपस्थित वृद्धजनों को यह बताया गया कि आपको अपनी सेहत के प्रति सचेत




रहना है।

बीमारी के शुरुआती चरणों में स्वास्थ्य जांच और परीक्षण बीमारी को तेजी से ठीक करने और किसी भी नुकसान का कारण बनने से पहले जीवन बचाने में मदद कर सकते हैं। सचिव द्वारा बताया गया कि कोई व्यक्ति तभी लंबे समय तक और स्वस्थ रह सकता है जब उसे सही तरह की स्वास्थ्य जांच, स्क्रीनिंग और उपचार मिले।

इस चिकित्सा सेवा शिविर में डॉ नीलम सिंह नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ गीता सिंह दंत चिकित्सक, डॉ डीपी सरोज ऑर्थोपेडिक सर्जन, डॉ अशोक वर्मा फिजिशियन, सरफराज लैब टेक्नीशियन के अतिरिक्त भण्डारी अनुज श्रीवास्तव, स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव व खुशबू भारती उपस्थित रही।

## ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार को हनुमान मंदिरों में भक्तों का उमड़ा जनसैलाब

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार सभी हनुमान मंदिरों में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब। सुबह से ही मंदिरों के बाहर भक्तों की लंबी-लंबी लाइनें लगी रही और सभी भक्त अपनी - अपनी बारी का इन्तजार करते नजर आए। बता दे धार्मिक शास्त्रों के अनुसार ऐसी मान्यता है कि ज्येष्ठ माह में मंगलवार के दिन किष्किंधा पर्वत पर हनुमान जी की भगवान श्रीराम से मुलाकात हुई थी और भगवान राम ने हनुमान जी को आशीर्वाद देते हुए भक्त के रूप में स्वीकार किया था तभी से ज्येष्ठ माह के मंगलवार को हनुमान जी के दिन के रूप में मनाया जाता है ऐसी मान्यता है की ज्येष्ठ माह में पड़ने वाले मंगलवार को अगर कोई भी भक्त अपनी सच्ची श्रद्धा और आस्था के साथ हनुमान जी का विधि-विधान से पूजन करता है तो हनुमान जी उसकी सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करते हैं।

# मतगणना को लेकर डीएम व एसपी ने प्रत्याशियों तथा उनके प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना कार्य को सकुशल निष्पक्ष निर्भीक व शांतिपूर्वक संपन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट सभागार में प्रत्याशियों तथा उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मतगणना के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने उम्मीदवारों तथा उनके प्रतिनिधियों को मतगणना को लेकर गणना एजेंट बनाए जाने की पात्रता, प्रति उम्मीदवार गणना एजेंटों की संख्या, काउंटिंग हाल के अंदर के नियम आदि के संबंध में



विस्तृत जानकारी दी तथा बैठक में डीएम व एसपी ने निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों तथा उनके प्रतिनिधियों के सुझावों को भी सुना। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रत्याशियों तथा उनके प्रतिनिधियों को बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना 04 जून 2024 को प्रातः 8:00 बजे से राष्ट्रीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गोरा बाजार में 06 विधानसभावार बनाए गए मतगणना सेंटरों पर करायी जाएगी।

सर्वप्रथम ई0टी0पी0बी0एस0 एवं पोस्टल बैलेट से पड़े मतों की गणना की जाएगी तत्पश्चात ईवीएम से पड़े मतों की गणना प्रारंभ की जाएगी। विधानसभावार मतगणना के पश्चात परिणाम संबंधित एआरओ द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। विधानसभावार ईवीएम से पड़े मतों की गणना हेतु टेबलें स्थापित की गई हैं एआरओ हेतु एक टेबल अतिरिक्त लगाई जाएगी। प्रत्येक टेबल पर मतगणना हेतु एक मतगणना पर्यवेक्षक, एक मतगणना सहायक प्रथम, एक मतगणना सहायक द्वितीय तथा एक माइक्रो आब्जर्वर नियुक्त किया जा रहे हैं।

निर्वाचन अभ्यर्थियों के एजेंट के पास निर्वाचन कार्यालय से निर्गत किए जाएंगे पास हेतु प्रारूप पर आवेदन दो प्रतियों में करते हुए साथ में दो फोटोग्राफ एवं एक फोटो अवश्य उपलब्ध करा दें जिससे समय से एजेंटो के पास जारी किए जा सके। मतगणना स्थल पर उम्मीदवार/एजेंट निर्धारित समय से एक घंटा पूर्व अवश्य प्रवेश कर लें।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 44°C | 31°C |
| कानपुर | 46°C | 32°C |
| देहरादून | 40°C | 27°C |
| नई दिल्ली | 46°C | 33°C |

# महंत अवैद्यनाथ के सामाजिक समरसता के लिए किए गए कार्य हैं प्रेरक

**लोक पहल संस्था द्वारा ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ की जयंती के अवसर पर, समरस समाज के मजबूत स्तंभ महंत अवैद्यनाथ विषय पर गोष्ठी आयोजित**

- मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने कहा, सेवानिवृत्त लोग अपने अनुभव का लाभ समाज को सुसंस्कृत बनाने और एक व्यवहारिक दृष्टिकोण विकसित करने में लगाएं
- अध्यक्षीय भाषण में डॉक्टर गोपाल सिंह ने महंत अवैद्यनाथ ने समाज के विविध वर्गों को एक साथ लाने का प्रयास और राम जन्मभूमि के निर्माण में उनके महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

विश्व संवाद केंद्र में लोक पहल संस्था द्वारा ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ के जयंती के अवसर पर, ÷समरस समाज के मजबूत स्तंभ महंत अवैद्यनाथ÷ विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया।
सोमवार को आयोजित इस गोष्ठी के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी रहे। अध्यक्षता डॉ. गोपाल सिंह ने की जो कि संत कीनाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय रॉबर्ट्सगंज सोनभद्र में प्राचार्य हैं। कार्यक्रम की प्रस्तावना लोक पहल संस्था के संस्थापक डॉ विजय सिंह ने रखी । मुख्य अतिथि ने महंत अवैद्यनाथ के कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात की चिंता जाहिर की कि वर्तमान वरिष्ठ नागरिक सेवानिवृत्ति के बाद अपने बहुमूल्य समय को सोशल मीडिया और मोबाइल की स्क्रीन पर गवा देते हैं जबकि उन्हें चाहिए कि वह अपने अनुभव का लाभ समाज को सुसंस्कृत बनाने में और एक व्यवहारिक दृष्टिकोण विकसित करने में लगाएं। उन्होंने संयुक्त परिवार की भारतीय परंपरा के दिन प्रतिदिन हो रहे क्षरण पर चिंता जाहिर की। अपने अध्यक्षीय भाषण में डॉक्टर गोपाल सिंह ने महंत अवैद्यनाथ के सामाजिक समरसता के लिए किए गए कार्यों को स्मरण किया। महंतअवैद्यनाथ ने समाज के विविध वर्गों को एक साथ लाने का प्रयास किया। राम जन्मभूमि के निर्माण में उनके महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया। स्वदेशी जागरण मंच और स्वालंबी भारत अभियान के पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्रीय संयोजक अनुपम ने मंच और उपस्थित सभी महानुभावों का धन्यवाद ज्ञापन किया। मंच का सफल संचालन नीरा सिन्हा वर्षा ने किया। इस अवसर पर स्वालंबी भारत अभियान के प्रांत समन्वय अमित सिंह लघु उद्योग भारती की उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष रीता मित्तल और प्रदेश के विभिन्न अंचलों से आए हुए विद्वतजन और स्वदेशी जागरण मंच के डा. अनिल प्रकाश शुक्ल, अवध प्रांत विचार विभाग प्रमुख, डॉ आनन्द दीक्षित प्रांत प्रचार प्रमुख, अभिषेक सिन्हा प्रांत संपर्क प्रमुख, राजीव श्रीवास्तव, प्रांत पूर्णकालिक किशन सिंह प्रांत युवा प्रमुख, गरिमा प्रांत महिला सह प्रमुख, सुप्रिया, प्रांत महिला सह समन्यवक, कुलदीप खरे महानगर सोशल मीडिया प्रमुख, वैभव संपर्क प्रमुख, डा मंगलेश श्रीवास्तव महानगर सह संयोजक, अभिषेक युवा प्रमुख, सोनी सिंह महिला प्रमुख, निर्मला महिला सह प्रमुख आदि कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वर्षों पूर्व बहमी बंटवारे के बाद भी परिजन नहीं करने दे रहे जमीन पर बाउंड्रीवॉल

- कुछ लोग हमारे परिवार में कलह करा कर हमारी साफ सुथरी जमीन को करना चाहते हैं विवादित

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

काकोरी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पलेहन्दा में किसान को अपने हिस्से में नहीं करने दे रहें बाउंड्री वॉल। सरोजनी नगर तहसील क्षेत्र के ग्राम पलेहन्दा निवासी शिव शंकर व बाबादीन पुत्रगण स्व0 गया प्रसाद ने बताया कि हमारे पिता जी के समय में पप्पू पुत्र स्व0 नन्हा व रामखेलावन पुत्र स्व0 द्वारिका आदि कि उपस्थित में करीब 50 वर्ष पूर्व हमारी जमीन जिसका खसरा संख्या 467, 468, 470 व 466 का बहमी बंटवारा हुआ था और उसी समय से हम सभी लोग बंटवारे में मिले हिस्से पर काबिज है, और हम लोगों द्वारा अपने-अपने हिस्से पर आम के पेड़ लगाए थे जिनकी उम्र करीब 30 साल है, अब हम जब अपने हिस्से में बाउंड्री वॉल कर रहें हैं तो परिवार के रामखेलावन व मुकेश पाल द्वारा हमारी जमीन को विवादित कर बाउंड्री वॉल नहीं करने दे रहें, जब हमने पूर्व ग्राम प्रधान संतोष सिंह को बुलाया तो रामखेलावन व मुकेश पाल ने प्रधान पर ही आरोप लगाया कि जमीन पर प्रधान व टीटू सिंह कब्जा करा रहे हैं, जबकि जिस जमीन पर हम बाउंड्री वॉल कर रहें हैं वह हमारी जमीन है और प्रधान व टीटू सिंह से कोई मतलब नहीं है। सूत्रों ने बताया कि मुकेश पाल रामखेलावन कि जमीन खरीदना चाहता है इसीलिए शिवशंकर द्वारा कराए जा रहें बाउंड्री वॉल को विवादित करा रहें है।



> मेरी जानकारी के अनुसार रामखेलावन, शिवशंकर, बाबादीन व पप्पू कि जमीन का बंटवारा बहुत पहले हो चुका था, जिसपर पर परिवार के लोग आम के पेड़ लगाकर किसानी कर रहें हैं और परिवार के किसी अन्य व्यक्ति को कोई परेशानी नहीं है केवल रामखेलावन को है और वह दूसरों के इसारे पर शिवशंकर, बाबादीन को बाउंड्री वॉल नहीं करने दें रहें हैं
> – अमरजीत

> हमारी उम्र करीब 60 साल है शिवशंकर, बाबादीन, पप्पू व रामखेलावन का बंटवारा पूर्व में हो चुका था और वह लोग अपने-अपने हिस्से पर काबिज है।
> – सालिगराम

> रामखेलावन, शिवशंकर, बाबादीन, पप्पू का बंटवारा बहुत पहले हो चुका था, जिसपर सभी लोग काबिज है
> – बाबूलाल

## फास्ट फॉरवर्ड

### ईडब्ल्यूएस कोटे में प्रवेश न देने पर हाईकोर्ट खफा

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ईडब्ल्यूएस श्रेणी के छात्र को अनिवार्य शिक्षा कानून के तहत स्कूल में प्रवेश न दिए जाने पर नाराजगी जताई है।कोर्ट ने बीएसए शामली से प्रवेश न देने के कारणों की स्पष्ट जानकारी तलब करते हुए चेतावनी दी है। कल 29 मई तक जानकारी देनी है। कोर्ट ने कहा है कि प्रवेश न दिए जाने कतार्किक कारण न मिला तो अदालत कड़ा फैसला लेगी। यह आदेश न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला ने शामली के कैराना नगर पंचायत क्षेत्र में रहने वाले छात्र अमन और अन्य की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। याची की अधिवक्ता चमन आरा ने बताया कि याची ने ईडब्ल्यूएस कोटे के तहत प्राइमरी स्कूल में प्रवेश का आवेदन दिया था लेकिन खंड शिक्षा अधिकारी ने बिना उचित कारण बताए प्रवेश देने से इन्कार कर दिया,जबकि अनिवार्य और निशुल्क शिक्षा छात्र का कानूनी हक है।इससे पहले भी अदालत ने जानकारी तलब की थी लेकिन अधिकारियों की ओर से दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं थी। नाराज अदालत ने 29 मई तक जानकारी तलब की है।

### छुट्टी में ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों को उपार्जित अवकाश दे सरकार

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी को पत्र लिखकर छुट्टी में लोकसभा चुनाव में ड्यूटी पर तैनात शिक्षक-शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को काम के बदले उपार्जित अवकाश देने की मांग की है।संघ के प्रदेश अध्यक्ष चेत नारायण सिंह व प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने कहा है कि माध्यमिक शिक्षा विभाग में 21 मई से 30 जून तक ग्रीष्मावकाश है। इस दौरान सामान्य लोकसभा चुनाव में प्रदेश के हजारों शिक्षक शिक्षणेत्तर कर्मचारी निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न करा रहे हैं। शासनादेश के अनुसार अवकाश अवधि में ड्यूटी करने वाले शिक्षक-शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को उपार्जित अवकाश देने की व्यवस्था पूर्व में विहित है किंतु माध्यमिक शिक्षा विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। लोकसभा चुनाव में छुट्टी में काम करने वाले शिक्षक-शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को काम के बदले उपार्जित अवकाश दिए जाने के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दें।

### समर कैंप को लेकर शिक्षक संघ और विभाग आमने-सामने

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में भीषण गर्मी और ग्रीष्मावकाश में समर कैम्प के आदेश से विभाग और शिक्षक संगठनों में टकराव की स्थिति बन गई है। माध्यमिक शिक्षा परिषद और बेसिक शिक्षा विभाग दोनों ने ही पांच से 11 जून तक विद्यालयों में समर कैम्प के आदेश जारी किए हैं जबकि शिक्षक संगठनों का कहना है कि ग्रीष्मावकाश चल रहा है और प्रदेश में पारा 43 से 48 डिग्री है। ऐसे समय में समर कैम्प जोखिम भरा हो सकता है।महानिदेशक स्कूली शिक्षा के समर कैम्प कराने के आदेश के साथ ही शिक्षक संगठनों ने विरोध दर्ज कराना शुरू कर दिया है। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन उत्तर प्रदेश, विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश, उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट समेत अन्य शिक्षक संगठन समर कैम्प के विरोध में उतरे हैं। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा समेत अन्य अधिकारियों को पत्र लिख विरोध जताया।

### पूर्वांचल में बड़ी तेजी से हो रहा दलबदल

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** लोकसभा चुनाव का आखिरी यानि सातवाँ फेज बहुत ही अहम हो गया है। सियासी पार्टियों, गठबंधनों,निर्दलीयों ने पूरी शक्ति लगा दी है। सब सियासी फार्मूले और हथकण्डे अपनाए जा रहे हैं। कोई इस दल में सेंधमारी कर रहा है तो कोई उसमें, दलबदल बड़ी तेजी से हो रहा है। रातोरात पार्टी छोड़ने और नया ठिकाना तय करने की होड़ सी लग गई है। ये तो हर इलेक्शन में होता है लेकिन इस दफा अपेक्षाकृत अधिक है।उत्तर प्रदेश में सातवें चरण का चुनाव बेहद दिलचस्प हो गया है।वोटिंग के आखिरी दिनों में भी नेताओं का एक तरफ से दूसरी तरफ आना जाना लगातार जारी है। कहीं कोई सपा छोड़कर बीजेपी में जा रहा है तो कहीं कोई बीजेपी छोड़ कर सपा में जा रहा है।सभी अपने-अपने लिहाज से अपने राजनीतिक समीकरण सेट कर रहे हैं। पूर्वांचल में बड़े भूमिहार नेता नारद राय ने सपा के खिलाफ बगावत कर बीजेपी की तरफ जाने का इशारा कर दिया तो कुशीनगर के भूमिहारों के कद्दावर नेता दो बार के विधायक पीके राय के बीजेपी छोड़ सपा में जाने की सुगबुगाह है। सूत्रों की मानें तो बीजेपी नेता डॉक्टर पी के राय सपा में शामिल होंगें। उनकी लखनऊ में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात हुई और मुलाकात के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई है उनके सपा में आने की। सूत्रों के मुताबिक पीके राय के सपा की सदस्यता लेने के बाद कुशीनगर और देवरिया के गठबंधन प्रत्याशी के लिए चुनावी कैंपेन करेंगे।पीके राय की भूमिहार जाति के वोटों पर अच्छी पकड़ हैं वो पूर्व में तमकुहीराज क्षेत्र से दो बार विधायक रह चुके हैं।

### रिटायर्ड आईएएस की पत्नी की हत्या का खुलासा

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रिटायर्ड आईएएस देवेंद्र नाथ दुबे की पत्नी मोहिनी दुबे की हत्या उनके ड्राइवर अखिलेश ने की थी। साजिश में उसका भाई रवि और दोस्त रणजीत भी शामिल था। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। अखिलेश को एनकाउंटर में गोली भी लगी है। गाजीपुर थाने का हेड कॉन्स्टेबल भी मुठभेड़ में घायल हो गया। मोहिनी दुबे हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया लूट की नीयत से हत्या की गई। आरोपियों की प्लानिंग घर में रखे जेवर और कैश चोरी करने की थी। लेकिन आखिरी वक्त में मोहिनी दुबे ने उनको देख लिया। पकड़े जाने के डर से आरोपियों ने उनकी गला दबाकर हत्या कर दी। डीसीपी उत्तरी अभिजीत आर शंकर ने बताया- गहने और रुपए के लालच में हत्या हुई है।

# योगी के गढ़ में सपा की काजल निषाद भर रही दम

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

गोरखपुर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गढ़ माना जाता है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ इस निर्वाचन क्षेत्र से पांच बार सांसद रहे हैं। वह गोरखनाथ मठ के प्रमुख हैं, जिसका पूर्वी यूपी क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रभाव है। गोरखपुर सीट पर पहली जून को लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में मतदान होगा। भाजपा ने मौजूदा सांसद और अभिनेता से नेता बने रवि किशन शुक्ला को फिर मैदान में उतारा है जिनकी सपा की काजल निषाद से सीधी लड़ाई मानी जा रही हैं। काजल भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री हैं, जो सपा और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे के समझौते के बाद विपक्षी इंडिया गठबंधन की संयुक्त उम्मीदवार हैं। गोरखपुर की लड़ाई प्रत्याशी भले ही रवि किशन हैं लेकिन प्रतिष्ठा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जुडी है। गोरखपुर के लोगों का एक बड़ा वर्ग योगी के नाम पर भाजपा का समर्थक है, उम्मीद कर रहा है कि पिछड़े क्षेत्र में विकास होगा, वहीं एक अन्य वर्ग इंडिया की जीत के लिए सपा के उम्मीदवार के पीछे रैली कर रहा है। दोनों पक्ष जाति के आधार पर बंटे हुए प्रतीत होते हैं। निषाद समुदाय गोरखपुर में अहम भूमिका निभाता है। क्योंकि यह यहां की आबादी का लगभग एक-चौथाई है।2018 के गोरखपुर उपचुनाव में निषाद मतदाताओं ने उलटफेर करने में अहम भूमिका निभाई थी, जब तत्कालीन सपा उम्मीदवार प्रवीण निषाद ने भाजपा के उपेंद्र शुक्ला को 21,801 वोटों से हराया था। उपचुनाव की आवश्यकता थी क्योंकि तत्कालीन सांसद आदित्यनाथ ने 2017 में अपने पहले कार्यकाल के लिए सीएम के रूप में शपथ लेने के बाद सीट खाली कर दी थी। उनके आध्यात्मिक गुरु महंत अवैद्यनाथ 1989 से हिंदू महासभा के साथ भाजपा के टिकट पर तीन बार गोरखपुर से जीते। आदित्यनाथ ने 1998 से लगातार पांच बार सीट जीती थी। काजल निषाद को बड़े पैमाने पर अपने समुदाय का समर्थन मिल रहा है। वह 2012 और 2022 में कांग्रेस और सपा के टिकट पर कैंपियरगंज से विधानसभा चुनाव हार गई थी। 2023 में सपा उम्मीदवार के रूप में गोरखपुर मेयर का चुनाव हार गई थीं। निर्वाचन क्षेत्र के 21 लाख मतदाताओं में 5.50 लाख निषाद, 2.25 लाख यादव, 2 लाख मुस्लिम, 2 लाख दलित, 3 लाख ब्राह्मण और ठाकुर और एक लाख भूमिहार और बनिया शामिल हैं। संजय निषाद के नेतृत्व वाली निषाद पार्टी भाजपा की सहयोगी है, लेकिन यह मुख्य रूप से भाई भतीजावाद को लेकर सत्ता विरोधी लहर का सामना कर रही है। संजय निषाद एमएलसी और राज्य सरकार में मंत्री हैं, उनके बेटे श्रवण विधायक हैं।उनके दूसरे बेटे प्रवीण मौजूदा सांसद हैं, जो भाजपा के टिकट पर पड़ोसी संत कबीर नगर सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। काजल को निषाद वोटों को एकजुट करने की कोशिश में बढ़त मिल गई है।2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी उम्मीदवार और अभिनेता घ्घ्रवि किशन ने पहली बार 3,01,664 वोटों के अंतर से सीट जीती। उन्हें 60.52 फीसदी वोट शेयर के साथ 7,17,122 वोट मिले। उन्होंने सपा उम्मीदवार रामभुआल निषाद को हराया, जिन्हें 4,15,458 वोट यानि 35.06 फीसदी मिले थे। वैध मतों की संख्या 11,84,635 थी।



# बड़े मंगल के अवसर पर श्रद्धालुओं ने जगह-जगह किया भंडारे का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

जेष्ठ माह बड़े मंगल के शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए जगह-जगह कराया भंडारे का आयोजन। पारा कोतवाली क्षेत्र के सरोसा मोड़ पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़े मंगल के अवसर पर पूर्व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सरोसा भरोसा बनवारी लाल उर्फ नन्हई व सुधीर रावत द्वारा भण्डारे का आयोजन कराते हुए पहले हनुमान जी को पुष्प अर्पित किया फिर प्रसाद वितरित कराया, वहीं दूसरी तरफ काकोरी क्षेत्र के पान खेड़ा निवासी आकाश राजपूत अपने सहयोगियों के साथ मिलकर दूसरी बार भण्डारे का आयोजन कराया, वहीं भण्डारे में श्रद्धालुओं ने पूड़ी सब्जी व बूंदी का प्रसाद ग्रहण किया।

# केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज पूर्वांचल में

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह कल 29 मई को महराजगंज, देवरिया, बलिया, सोनभद्र व गाजीपुर के प्रवास पर रहेंगे। अमित शाह सुबह 11 बजे जवाहर लाल नेहरू पीजी कॉलेज ग्राउण्ड, महराजगंज में जनसभा को संबोधित करेंगे। दोपहर 12:30 बजे चीनी मिल ग्राउण्ड, देवरिया में जनसभा को संबोधित करेंगे तथा दोपहर 02 बजे माल्देपुर मोड, हैबतपुर, बलिया में जनसभा को संबोधित करेंगे। सायं 04 बजे रेलवे खेल ग्राउण्ड, चोपन, सोनभद्र में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात सायं 05:30 बजे गाजीपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण से प्रारम्भ होकर लाल दरवाजा चौक होते हुए चीतनाथ मोड़ तक रोड-शो करेंगे।

# 31 मई तक हीटवेव का रहेगा असर अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

नोएडा में गर्मी बढ़ने और लू चलने से लोगों की परेशानी बढ़ने लगी है। सुबह नौ बजे ही तापमान 38 डिग्री तक पहुंच गया। आईएमडी के मुताबिक मंगलवार को तेज गर्मी पड़ेगी। अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक गया। आईएमडी के मुताबिक 31 मई तक हीट वेव रहेगी। इसके बाद दो से तीन डिग्री तक तापमान में कमी आएगी। ऐसे में लोग संभल कर रहे। तेज गर्मी से बचने के लिए अपने को हाइड्रेट रखे। आईएमडी के मुताबिक दोपहर ढाई बजे तक 45 डिग्री तक रहा। लेकिन एहसास 47 डिग्री वाला रहा। डॉक्टरों ने बताया कि कार में बैठने से पहले ऐसी ऑन करने के बाद शीशे खोल दे। कुछ मिनट ठहरने के बाद ही कार में बैठे। बहुत जरुरी काम होने पर ही घर से बाहर निकले। गर्मी के चलते रोजाना मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। विगत तीन दिनों से रोजाना की ओपीडी करीब 2000 के आसपास की है। अस्पताल में मरीजों की भीड़ है। हवा की रफ्तार सात से 5 किमी प्रतिघंटा रहेगी। न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रहेगा। अधिक गर्मी में ज्यादा समय रहने से इंफ्लेमेशन भी बढ़ सकता है जिससे शरीर में मौजूद इम्यून सैल्स जैसे इंटरल्यूकिन 1 मैक्रोफैज और बी लिंफोसाइट्स को नुकसान पहुंच सकता है।

# राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का मुख्यमंत्री को ज्ञापन, स्थानांतरण सत्र शून्य करने की मांग

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने आज मुख्यमंत्री के आधिकारिक ईमेल आईडी पर एक पत्र प्रेषित कर 2024ऋ25 के वर्तमान स्थानांतरण सत्र को सामान्य स्थानांतरण के लिए शून्य घोषित करने की मांग किया है। उन्होंने अवगत कराया है कि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने 10 अप्रैल को मुख्य मंत्री से वर्तमान स्थानांतरण सत्र शून्य करने की मांग की थी। राज्य कर्मचारी पांच महीने से लोकसभा चुनाव के महापर्व में निष्ठा पूर्वक कर्तव्यों के निर्वहन में लगे है। विषम परिस्थितियों में भी कर्मचारियों ने संकल्पित होकर निष्पक्ष चुनाव में भूमिका निभाई है। बहुत से कर्मचारी हीट स्ट्रोक के कारण बीमार भी पड़े ,जिनका इलाज अस्पतालों में चल रहा है। चुनाव के चलते एक कर्मचारी की हत्या भी हो चुकी है फिर भी कर्मचारियों ने लोकसभा चुनाव का संपादन निष्पक्षता पूर्वक कराने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। कर्मचारियों में थकान एवं मानसिक तनाव है। इस दौरान यदि उनको स्थानांतरित किया गया तो सरकारी कामकाज में व्यवधान आ सकता है। परिषद अध्यक्ष ने प्रदेश के राज्य कर्मचारियों को निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए बधाई देते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री से अपील की है कि लोकसभा चुनाव के बद स्थानांतरण सत्र शून्य करके कर्मचारियों को राहत देने पर विचार करें।

# वन ऐप की समस्याओं का तत्काल समाधान होगा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

नोएडा प्राधिकरण में नोएडा वन ऐप का प्रस्तुतीकरण किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायत मिलती है। इसकी समीक्षा सीईओ नोएडा प्राधिकरण ने की। ऐप में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निवारण तत्काल करने के लिए कहा। साथ ही लापरवाही बरतने वाले स्टॉफ के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके अलावा वर्क सर्किल ने दो महीने में क्या काम किए इसकी रिपोर्ट तीन दिन में देने के लिए कहा। भीषण गर्मी को देखते हुए सेक्टर-49 में लेबर चौक पर श्रमिकों के लिए शैल्टर का निर्माण करने और वाटर कूलर लगाने के निर्देश दिए। टॉयलेट में पानी की अनुपलब्धता की शिकायतें मिल रही है। जिनको ठीक किया जाए। बैठक के दौरान सिविल परियोजनाओं का प्रस्तुतिकरण किया गया। इसमें सेक्टर-151ए एवं प्रशासनिक भवन व सेक्टर-96 परियोजना के बजट में बढ़ोतरी की जांच के लिए अलग-अलग समिति का गठन किया गया। गोल्फ कोर्स, सेक्टर-151ए के बजट का परीक्षण करने के लिए विशेष कार्याधिकारी (एमपी), अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसपी) एवं वित्त नियंत्रक की 3 सदस्य समिति गठित की गई। प्रशासनिक भवन, सेक्टर-96 के बजट का परीक्षण करने के लिए अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसके), विशेष कार्याधिकारी (एमपी) एवं वित्त नियंत्रक की 3 सदस्य समिति गठित की गई।

# लोकसभा चुनाव: प्रारूप 17-सी की अनदेखी नुकसानदेह अभिकर्ता छोड़िये, कई प्रत्याशियों ने भी नहीं रखा ध्यान

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

चुनाव जीतना और चुनाव जीत खातिर प्रयास, दोनों अलग-अलग बातें हैं। किसी भी चुनाव में प्रत्याशियों का लक्ष्य सिर्फ जीत होता है किन्तु जीत के लिए जरुरी कार्यो की नजरन्दाजी चिंतनीय है।चुनाव में 1990 के आसपास लोग मतदान अभिकर्ता बनते थे तो उनको बाकायदा प्रशिक्षण मिलता था। मतगणना अभिकर्ताओं को भी ट्रेंड किये जाने की व्यवस्था थी।इस बार के लोकसभा चुनाव में मतदान अभिकर्ताओं को सीधे अथवा बूथ प्रभारियों के माध्यम से कोई प्रशिक्षण नहीं दिया गया। बूथ प्रभारी सम्मेलन के नाम पर भाषणबाजी हुई ,जबकि पहले प्रशिक्षण कराया जाता था। यह किसी विशेष राजनैतिक दल की बात नहीं है सबकी यही स्थिति है। स्वीप के अंतर्गत जागरूकता अभियान में कहीं एक या दो जगह वोटिंग की पूरी प्रक्रिया का नाटकीय मंचन किया गया, बूथ बनाया गया, पीठसीन अधिकारी बनाये गए, मतदाताओं से आईडी देखी गई और मतदान कराया गया। जैसे-जैसे लोग हाईटेक हो रहे हैं उनमें वहम पनप रहा है कि वे श्काबिलश् हो गए हैं जबकि वास्तविकता इतर है। कई प्रत्याशियों तक को 17-सी प्रारूप की जानकारी नहीं है। उनसे जब सवाल पूछे गए तो कहा कि पहली बार सुन रहे हैं। जब हमारे प्रत्याशी ही अनभिज्ञ तो बाकी अनुमान लगाना आसान है।जानो तो सही कि आखिर यह 17-सी प्रारूप है क्या? चुनाव आयोग द्वारा चुनाव की अधिकृत घोषणा होने के बाद से चुनाव समापन तक अनेक प्रारूप भरे जाते हैं, अनेक घोषणाएं व शपथ-प्रारूप, भरे-भराये जाते हैं। इन प्रारूप को चुनाव प्रक्रिया में जरूरत के क्रम से निर्धारित कर क्रमांक दिया गया है। इन्हीं में एक प्रारूप है 17-सी। यह प्रारूप मतदान पूर्ण होने के पश्चात पीठसीन अधिकारी द्वारा भरा जाता है। इसमें मतदान केंद्र पर कुल मतों की संख्या, कुल मतदान कितना हुआ, कितने पुरुष कितनी महिलाओं ने मतदान किया जैसे आंकड़े अंकित होते हैं। ये प्रारूप कई प्रतियों में भरकर विभिन्न दलों के मतदान अभिकर्ताओं को प्राप्त कराया जाता है, किन्तु प्रायः पीठसीन अधिकारी यह कह बच जाते हैं कि अभिकर्ता अंतिम समय तक नहीं रुकते हैं। दूसरी विशेष बात यह, मतदान अभिकर्ता वास्तव में प्रारूप 17-सी मांगते ही नही हैं क्योंकि मतदान अभिकर्ताओं को प्रारूप 17-सी की जानकारी ही नहीं होती है। लोक सभा चुनाव 2024 की सच्चाई यह है कि मतदान अभिकर्ता तो छोड़िये कई प्रत्याशियों तक को इस प्रारूप की जानकारी और इसकी उपयोगिता की समझ नहीं है। बाराबंकी में एक भी प्रत्याशी नहीं, जिसने मतदान अभिकर्ताओं के माध्यम से प्रारूप 17-सी मँगवाया हो। न ही मतदान-अभिकर्ताओं को किसी तरह का प्रशिक्षण दिया गया और न ही इन्होंने प्रारूप 17-सी प्राप्त किया। जिन मतदान अभिकर्ताओं को स्वयं से जानकारी थी अथवा जो अनेक बार मतदान अभिकर्ता बन चुके थे उन्होने पीठसीन अधिकारी से प्रारूप 17-सी प्राप्त किया। यह हाल अकेले बाराबंकी के ही नहीं है, ये तो सिर्फ बानगी भर है,पूरे सूबे में लगभग ऐसा ही है।बाराबंकी के लोकसभा चुनाव 2024 में मुख्य रूप से दो दलों इण्डिया गठबंधन यानि कांग्रेस गठबंधन और सत्ताधारी दल एनडीए यानि भाजपा के बीच कड़ी जंग हुई है, नतीजा जून को आयेगा। तीसरा दल बसपा है जिसने बाराबंकी ही नही करीब करीब सभी जगह लड़ाई टैंगुलर बनाने की कोशिश की है, कितना असर हुआ यह ईवीएम खुलने पर सामने आ जाएगा।मजेदार बात देखिए, बाराबंकी में कोई भी दल अथवा प्रत्याशी, प्रारूप 17-सी संग्रह करने में सफल नहीं रहा है। इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी लगभग आधे बूथों से ही प्रारूप 17-सी संग्रह कर पाए हैं। सत्ताधारी दल को प्रारूप 17-सी की जरूरत उतनी नहीं होती है क्योंकि जिला प्रशासन प्रायः आँकड़े बड़ी सहजता से उपलब्ध करा देता है। इस प्रारूप की सबसे ज्यादा उपयोगिता विपक्ष को होती है।विपक्ष कितना गंभीर है ,बताने की जरूरत नहीं। कुछ अपनी मजबूती से जंग जीतते हैं तो कुछ लोग विपक्ष की कमजोरी से।किसानों से ही सियासी लोगों को कुछ सीख ले लेनी चाहिए। किसान जानते हैं कि जितना ध्यान फसल उगाने में उतना ही ध्यान फसल बचाने में। लक्ष्य अच्छी फसल उगाना ही नहीं बल्कि भंडार तक उपज का समुचित भण्डारण भी है। प्रारूप 17-सी की उपयोगिता तब और भी बढ़ जाती है जब विपक्ष ने चुनाव-आयोग पर ही सवाल उठा दिया है और इस आधार पर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खट-खटाया है कि कुल मतदान की संख्या देरी से जारी किये जाने के कारण अपर्याप्त और संदिग्ध प्रतीत होते हैं? न्यायालय का सम्मान सबको करना है। किन्तु प्रारूप 17-सी की अनदेखी स्वस्थ लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं।खैर अब चार जून की तारीख पर पूरे देश की निगाहें टिकी हैं।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# निर्णायक क्षण–एक गलती से सदियों को सजा मिलेगी

**पिछले वर्षों में खालिस्तान का आतंकवाद, कश्मीर से कोयंबटूर तक के जिहादी विस्फोट, हिन्दुओं का हर कदम पर अपमान, हर वर्ष होने वाले दंगे, पाकिस्तानी आतंकवाद, गरीबी का फैलाव, सडकों की जगह गड्ढे। राशन की तरह खुशामद कर करके गैस के सिलिंडर लेने की कवायद, कठिन और बेतरतीब रेल यात्रायें, विदेशों में हमारे प्रति एक तिरस्कार और गरीब–पिछड़े–सबसे भ्रष्ट देश होने की दृष्टि से भारतीयों की ओर देखने वाले विदेशी– क्या यह सब हम भूल गए और इसमें हुआ विराट परिवर्तन हममें कोई उत्साह और जोश पैदा नहीं करता?**

*सही और गलत के मध्य बारीक धागे सा अंतर होता है लेकिन एक सही निर्णय राष्ट्र का निर्माण तो उसी गलत फैसला उस देश के लोगों को सदियों तक सजा देता है। ग़ज़नवी हज़ार मील से भारत आया, सोमनाथ तोड़कर हज़ारों को गुलाम बनाकर हमारी धरती से ले गया- सही निर्णय होता कि सब भेद स्वार्थ भूलकर उसको रोकते, ख़त्म कर देते। ऐसा नहीं हुआ, शताब्दियों तक भारत को दुःख और दासता झेलनी पडी। पानीपत में एक निर्णय गलत हुआ- आपसी समझ और भोजन की जिम्मेदारी के अहंकार ने जीती बाजी हरवा दी। 1947 में सत्ताकामी नेताओं की महत्वाकांक्षाओं ने विभाजन का गलत निर्णय लिया, दस लाख हिन्दू सिखों का नरसंहार हुआ, उसके बाद आज तक हम युद्ध की निरंतर विभीषिका झेल रहें हैं। पटेल की जगह नेहरू को प्रथम प्रधानमंत्री बनाने का गलत निर्णय हुआ, देश ने तुरंत एक लाख पचीस हज़ार वर्ग किलोमीटर भूमि के हाथों खोयी, अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर सेना के स्थान पर केंद्रीय आरक्षी पुलिस की गश्ते लगवाईं। अक्साई चीन खोया। आज उसका दंश और निरंतर युद्ध हम झेल रहे हैं। चुनाव भी केवल कुछ जाने अनजाने, अच्छे या कम अच्छे लोगों को लोकसभा भेजने का उपक्रम नहीं- यह राष्ट्र रक्षा के निमित्त युद्ध ही होता है जिसमें शताब्दियों भविष्य दांव पर लगा होता है। सही शासक राष्ट्र का नवीन निर्माण करते हैं- यदि विदेशी धन और मन वाले क्षुद्र विवेकी गए तो अच्छा खासा साम्राज्य ढहते देर नहीं लगती। देश रक्षा के निर्णायक क्षणों में भी बहुत से लोग कहते देखे गए- मोदी तो ठीक है लेकिन जिनको टिकट दिया गया उनमें बहुत से निकम्मे और संवेदनहीन हैं, या सारे कांग्रेसी भर दिए- अब हम किसको पहचाने? वे भूल जाते हैं की युद्ध के समय सेनापति के निर्णय पर बहस नहीं हो सकती- सिर्फ सेनापति को देखो, हर सैनिक में सेनापति की छवि देखो, देश विजयी बनाने के लिए कटिबद्ध होकर जूझो और विजयी होकर निकलो- बस यही एक लक्ष्य होता है। ग़ज़नवी और गोरी हमारे अपने उन पूर्वजों की कमजोरियों और इन्ही स्वार्थों के कारण आए और हमें लूट गए जो कहते थे, हमारा क्या, हम अपनी जमींदारी, अपने हित संभाल रहे हैं। मुट्ठी भर अंग्रेज तीस करोड़ भारतीयों पर ढाई सौ वर्ष राज कर गए- इन्ही स्वार्थी कूप मंडूक भारतीयों की सहायता से। इन्हीं भारतीयों ने अपने ही भारतीयों पर विदेशी शासकों के आदेश से जलियांवाला में गोलियां चलाईं और सावरकर जैसे हज़ारों क्रांतिकारियों पर अत्याचार किये। भगत सिंह, राजगुरु सुखदेव को फांसी देने के फैसले पर पाखंडी मुहर लगाने के लिए लाहौर के अंग्रेज जज को स्थानीय गवाहियां चाहिए थीं- तीन सौ सिख मुस्लिम और सनातनी हिन्दुओं ने गवाहियां दीं- वे सब भारतीय थे। उनके नाम राष्ट्रीय अभिलेखागार में फाइलों में हैं। सिर्फ राय साहबियत, राय बहादुरी खिताब लेने, साउथ नार्थ ब्लॉक बनाने की ठेकेदारी लेने हमने अपने देश के खिलाफ खड़े होने में लज्जा महसूस नहीं की। मुझे क्या मिलेगा? इसी प्रश्न पर हम देश की सदियों को गुलामी और विनाश के अँधेरे में झोंक देने में संकोच नहीं करते। देश सिर्फ पानी बिजली और सडकों से नहीं बनता। राष्ट्र की आत्मा और चैतन्य होता है। उस चैतन्य को जागृत होते हम देख रहें हैं तो विदेशी शक्तियां बौखला गयीं हैं। हर कीमत पर वे इस चैतन्य यात्रा को रोकना चाहते हैं- स्वार्थी विकृत सोच के भारतीयों की ही मदद से। मुफ्त पानी, बिजली और लैपटॉप नहीं देता। बलिदानी सैनिकों की स्मृति यदि नागरिकों को सशक्त नेतृत्व निर्माण हेतु प्रेरित नहीं उनको राष्ट्र की किसी भी कल्याण योजना का लाभ उठाने का भी अधिकार नहीं हो सकता।*

### एक्सप्रेस आलेख

बहरहाल, अभी लोकसभा चुनाव का अंतिम चरण होना शेष है। इतनी भयंकर गर्मी में मतदान करने के लिए घर से निकलना और मतदान केन्द्रों पर खड़ा होना सच में हिम्मत की बात है। चुनाव आयोग को सरकार और सियासी दलों से मिलकर यह तय करना चाहिए कि आगामी लोकसभा चुनाव मार्च के महीने तक सम्पन्न हो जाएं। आजकल देश के बड़े भाग में सूरज देवता आग उगल रहे हैं। पारा 45 डिग्री तक पहुंच रहा है। इन हालातों में मतदान के बढ़ने की उम्मीद करना बेमानी ही होगी। एक बात और! मतदान की तारीख वीकेंड पर न रखी जाए। वीकेंड पर मतदान होने से बहुत सारे लोग बच्चों को लेकर घूमने के लिए निकल जाते हैं। इसलिए मतदान सप्ताह के बीच में रखा जा सकता है।

# किसकी बनेगी सरकार, किसको खारिज करेगी देश की जनता?



आर.के. सिन्हा

**इस बीच, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हाल ही में राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया था, जब उन्होंने दावा किया था कि मोदी जी 75 वर्ष की आयु तक पहुंचने पर प्रधानमंत्री पद छोड़ देंगे। मतलब उन्होंने पूरी तरह यह मान लिया था, उनका गठबंधन हार रहा है।**

लोकसभा चुनाव के लिए मतदान का छठा चरण 25 मई को संपन्न होने के साथ ही देश के राजनीतिक विश्लेषक, आमजन, चौक-चौराहों के चौपाल विशेषज्ञ, छोटे-बड़े ज्योतिषी वगैरह, सभी अपने-अपने तरीके से चुनाव नतीजों को लेकर अपना निष्कर्ष देने लगे हैं। अब तो सिर्फ एक चरण का मतदान ही शेष है। आगामी 1 जून को अंतिम चरण का मतदान समाप्त होने के बाद देश को 4 जून की दोपहर तक ही पता चल जाएगा कि भारत का अगला प्रधानमंत्री कौन होगा, कौन सी राजनीतिक पार्टी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरेगी और एनडीए को या इंडी गठबंधन को कितनी सीटें मिल रही हैं। हालांकि अभी तक अधिकतर जानकारों का यह दावा है कि देश में फिर से नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ही एनडीए गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। प्रख्यात पॉलिटिकल कमेंटेटर और डेटा साइंटिस्ट सुरजीत भल्ला कह रहे हैं कि भारत के लोगों ने बीते दस सालों के दौरान जो तरक्की देश में देखी है इतनी तरक्की सत्तर साल में नहीं देखी। भाजपा को इस चुनाव में कुल 42 से 45 प्रतिशत तक वोट मिल सकते हैं। ज्यादा भी मिल जाएं तो कोई आश्चर्य नहीं ? जाहिर है, अगर भाजपा और उसके मित्र दलों को इतने फीसद वोट मिले तो सरकार तो उनकी ही बनेगी। अब बात कर लें अपने को महान राजनीतिक चिंतक बताने वाले योगेन्द्र यादव की। वे राहुल गांधी की एक पदयात्रा में भी शामिल हुए थे। डॉ. लोहिया के विचारों को मानने वाले योगेन्द्र यादव के मुताबिक, इन चुनाव में भाजपा को 240-260 और एनडीए के साथी दलों को 35-45 सीटें मिल सकती हैं। मतलब भाजपा / एनडीए को 275 से 305 के बीच सीटें मिलने जा रही हैं। देश में सरकार बनाने के लिए 272 सीटें चाहिए और जारी लोकसभा चुनाव में भाजपा / एनडीए की 303/323 सीटें हैं। यह तो राहुल समर्थक योगेन्द्र जी की भविष्यवाणी है।हालांकि, मेरा मत है कि एनडीए गठबंधन को योगेन्द्र यादव के दावे से कहीं अधिक सीटें मिल रही हैं। मैं भी 1967 से लेकर अबतक के सभी चुनावों को करीब से देखता रहा हूं और अपने अनुभव के आधार पर यह कह रहा हूं कि इसबार भाजपा और सहयोगी दलों का प्रदर्शन अबतक के सारे रिकॉर्ड तोड़ने वाला होगा । मैंने लोकसभा चुनाव की कैंपेन के दौरान सारे देश भर की खाक छानी है। आम जनता से बातें की और उनका मन टटोला। उसके बाद मैं या मानता हूं कि एनडीए को हर हालात में 350 से अधिक ही सीटें मिलेंगी। इस बीच, मुंबई के जाने-माने ज्योतिषी, स्तंभकार और लेखक पंडित जे.पी.त्रिखा पिछले कम से कम दो लोकसभा चुनाव की सटीक भविष्यवाणी कर चुके हैं। उन्होंने 2014 और 2019 में एनडीए की सफलता की भविष्यवाणी कर दी थी। उन्होंने ज्योतिष विद्या के आधार पर 2024 के लोकसभा चुनाव के परिणामों पर भी गहन शोध के बाद अपनी भविष्यवाणी कर दी है। पंडित त्रिखा कहते हैं, मेरा ज्योतिष अध्ययन स्पष्ट रूप से कहता है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में सबसे अधिक सीटें जीतने वाली पार्टी बनने जा रही जा रही है। इस मामले पर कोई बहस नहीं होनी चाहिए। इसलिए, भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू श्री मोदी को 4 जून के बाद सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करेंगी। पंडित त्रिखा के अनुसार, श्री नरेन्द्र मोदी की चंद्र राशि वृश्चिक है। उनका जन्म 17 सितंबर, 1950 को हुआ था। वे मंगल ग्रह से शासित हैं। वृश्चिक राशि वाले बहुत बुद्धिमान और चतुर होते हैं और उनमें नेतृत्व करने के गुण होते हैं। वे जन्मजात नेता होते हैं। मोदी जी ने इसे बार-बार साबित किया है। दिलचस्प बात यह है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन भी वृश्चिक राशि के हैं। वृश्चिक राशि के नेताओं को अक्सर उनके दृढ़ संकल्प के लिए जाना जाता है। वे अपने मुखर और रणनीतिक नेतृत्व शैली के लिए भी जाने जाते हैं। वृश्चिक राशि वाले जुनूनी, दृढ़संकल्प से भरे और संकट में भी जुझारू रूप से मैदान में डटे रहते हैं। वृश्चिक राशि वाले संकटों को संभालने और चुनौतियों को पार करने में अच्छे होते हैं। इस बीच, चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर कांग्रेस को लेकर दावा कर रहे हैं कि 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस तीन अंकों के आंकड़े तक नहीं पहुंचेगी। इसके साथ ही, वे इस बात पर भी जोर दे रहे हैं कि भाजपा इस बार 2019 के आम चुनावों में प्राप्त अपनी सीटें दोहराने जा रही है या उससे भी आगे निकल सकती है। जब उनसे पूछा गया कि उन्हें भाजपा की तरफ से कितनी सीटें जीतने की उम्मीद है, तो प्रशांत किशोर ने कहा कि मेरे पास जो भी अवलोकन और अनुभव है, उसके आधार मुझे नहीं लगता कि भाजपा की संख्या 2019 में जहां थी, वहां से कम हो जाएगी। वे दावा कर रहे हैं कि 2019 में भाजपा के पास जो संख्या थी, कमोबेश वही संख्या मुझे दोहराती हुई दिख रही है या शायद यह और भी बेहतर हो जाएगी। हालांकि उनके दावों पर बहुत बवाल भी मचा हुआ है। उनकी राय से इत्तेफाक न रखने वाले उन पर तमाम तरह के आरोप भी लगा रहे हैं। पर, सुरजीत भल्ला या योगेन्द्र यादव के दावों पर कोई कुछ नहीं कर रहा। यानी कमोबेश देश को पता चल चुका है कि देश में अगली सरकार किसकी बनेगी। वैसे , मैं भी ज्योतिषियों पर विश्वास करता हूं। पर मेरा विश्वास प्रोफेशनल ज्योतिषियों पर थोड़ा कम और शौकिया ज्योतिषियों पर कुछ ज्यादा है , क्योंकि; ज्योतिष उनकी रोजी- रोटी का साधन नहीं, उनकी व्यक्तिगत साधना है जो निश्वार्थ है । ऐसी ही एक ज्योतिषी महिला का कल रात फोन आया और उन्होंने कहा, अंकल जी , इस बार मोदी जी 400 से ज्यादा सीटें ला रहे हैं। मैंने पूछा कि तुम्हारी इस भविष्यवाणी का आधार क्या है ? उन्होंने बताया कि मैंने 1984 में राजीव गांधी की जो ग्रहदशा चल रही थी उसका गंभीरता से सूक्ष्म विश्लेषण किया है। मोदी जी की वैसी ही ग्रहदशा चल रही है और मोदी जी की ग्रहदशा 1984 के राजीव गांधी की ग्रहदशा से कहीं ज्यादा मजबूत है।



**गृहमंत्री अमित शाह और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने साफ कर दिया है कि मोदी जी 2029 के बाद भी प्रधानमंत्री बने रहेंगे। पंडित त्रिखा भी कुछ इसी तरह का दावा करते हैं कि मोदी जी 2029 तक प्रधानमंत्री पद पर बने रहेंगे।**





*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | षष्टी 13:39 तक |
| नक्षत्रः | श्रवण 08:38 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | बुधवार |
| योगः | ऐन्द्र, 23:33 |
| सूर्योदयः | 05:26 |
| सूर्यास्तः | 19:11 |
| चंद्रमाः | कुम्भ राशि में |
| राहुकालः | 12:18-14:01 |
| विक्रमी संवत्ः | 2081 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | ज्येष्ठ |
| शुभ मुहूर्तः | नहीं है |

## जन एक्सप्रेस

### आग है बरस रही !

*उमस और गर्मी ने ।*
*कर रखा बेहाल ।।*
*आग है बरस रही ।*
*मौसम में उबाल ।।*
*कर रहे सब त्राहिमाम ।*
*पर राहत है दूर ।।*
*झमाझम बारिश ।*
*चाहिए भरपूर ।।*
*त्रस्त सारे प्राणी ।*
*मन व्याकुल बैचैन ।।*
*रहे निहार बदरा ।*
*सबके प्यासे नैन ।।*
*टकटकी लगाए ।*
*सब बैठे तैयार ।।*
*बूंदाबांदी जल्द हो ।*
*बारिश करे प्रहार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस कविता

*क्यों गुलाबों की तरह महकते नहीं,*
*क्यूं चिड़ियों की तरह चहकते नहीं।*
*दफ्न हो रही है तमन्ना ए आरज़ू,*
*क्यू कलियों की तरह खिलते नहीं।*
*मर जायेगा आशिक़ तनहा होकर,*
*क्यों खतो में इत्र की तरह महकते नहीं।*

*फीकी पड़ गई है हमारी मोहब्बत,*
*क्यो तसव्वुर की तरह लहकते नहीं।*
*तमन्नाओं सी मंजिल हो तुम मेरी,*
*क्यों जुगनू की तरह चमकते नहीं।*
*आदतन मुश्किलें तो पैदा करेगा जमाना,*
*क्यों हसीन ख्वाबों की तरह जुड़ते नहीं।*
*पहलू में सुकून दो पल गुजार तो लो,*
*क्यों मिलने की तरह मिलते नहीं।*


संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

*अपनी कंपनी सोच-समझकर चुनें उन लोगों के साथ आगे बढ़ें जो आपको आगे बढ़ने में मदद करते हैं*

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# महिलाओं के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं 3 तरह के बीज, जानें खाने का सही तरीका



**नट्स** यानि बीज खाना सेहत के लिए हमेशा से फायदेमंद रहा है। यह शरीर के लिए जरूरी कई पोषक तत्वों की आपर्ति करने में मददगार माना जाता है। सीड्स में ओमेगा 3 फैटी एसिड, एंटीऑक्सीडेंट्स और कैल्शियम जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। महिलाओं को कुछ बीज को अपनी रेगुलर डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। इससे सेहत को कई तरीकों से फायदा पहुंचता है।

**हलीम के बीजः** हलीम के बीज महिलाओं के लिए कई तरीकों से फायदेमंद होते हैं। महिलाओं में मासिक धर्म के दौरान ब्लीडिंग होती है, जिसमें कई बार खून की कमी हो जाती है। ऐसे में हलीम के बीज का सेवन करना चाहिए। यह बीज आयरन से भरपूर होते हैं। इन्हें खाने से शरीर में खून की कमी पूरी होती है। इसके लिए आप आप गुड़ और हलीम के बीज को एकसाथ मिलाकर इसके लड्डू बनाकर खा सकते हैं। आमतौर पर भी आप इन लड्डू को खाने से एनर्जी आने के साथ-साथ खून की कमी पूरी होती है।

**तिल के बीजः** तिल के बीज लड्डू महिलाओं की सेहत के लिए काफी फायदेमंद साबित होते हैं। महिलाओं को अक्सर ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा रहता है। यह हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसमें कैल्शियम की भरपूर मात्रा होती है, जिससे हड्डियां मजबूत होती हैं साथ ही साथ अर्थराइटिस और ऑस्टियोपोरोसिस होने का जोखिम कम होता है। यह बीज मैग्नीशियम और कैल्शियम दोनों से भरपूर होते हैं, जिससे हड्डियों की ग्रोथ होती है। इसे खाने के लिए इन बीजों को हल्का भुनकर सलाद और चावल आदि के उपर डालकर खाना चाहिए।

**मेथी के बीजः** महिलाओं को अपनी रेगुलर डाइट में मेथी के बीजों को शामिल करना चाहिए। यह बीज आपके इंसुलिन रेसिस्टेंस के साथ ही साथ ब्लड शुगर लेवल को भी कंट्रोल करने में मदद करता है। यह बीज कार्बोहाइड्रेट्स और शुगर के अवशोषण को धीमा कर ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मदद करते हैं। इसके लिए आप मेथी के दानों को भिगोकर इन्हें अंकुरित बनाकर खाएं।

### एक्सप्रेस विशेष

# बनारस में जीत तो तय लेकिन....



डॉ ओ0पी0 मिश्र

**जब प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री समाज के लिए, राष्ट्र के लिए तथा नागरिकों के लिए कुछ करते हैं तो वह पब्लिक मनी से करते हैं। उस टैक्स से आई रकम से करते हैं जो आम आदमी देता है। यही कारण है कि मैंने बौखलाहट शब्द का इस्तेमाल किया।**

**हम 80 करोड लोगों को मुफ्त में खाद्यान्न जो दे रहे हैं तो उनका आशीर्वाद भी तो वोट की शक्ल में मुझे मिल रहा है। इस तरह के बयान देना और एहसान जताने की बात करना फिलहाल प्रधानमंत्री के पद पर आसीन व्यक्ति के लिए कतई उचित नहीं है। क्योंकि प्रधानमंत्री या राज्यों के मुख्यमंत्री जब जनता जनार्दन के उत्थान और उसके विकास के लिए कुछ करते हैं तो वह एहसान नहीं होता है।**

**तकरीबन** 8 घंटे हो चुके हैं मुझे बनारस लोकसभा क्षेत्र में भ्रमण करते हुए इस बीच हमने बीएचयू के छात्रों, रेलवे स्टेशन के बाहर टेंपो, टैक्सी वालों, बाबा विश्वनाथ मंदिर के सामने के दुकानदारों, घाट पर आरती देखकर निकल रहे नागरिको, लकां चौराहे पर ई रिक्सा चलाने वाले तथा गुदौलिया और सिगरा के आसपास रहने वाले लोगों से बातचीत के बाद इस नतीजे पर पहुंचा हूं कि लोकसभा का ये चुनाव इस बार कुछ अलग किस्म के हैं। वैसे इस बात को हर कोई स्वीकार कर रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी की जीत निश्चित है लेकिन देखने वाली बात यह है कि क्या प्रधानमंत्री मोदी कि यह जीत 2014 और 2019 के उनके ही रिकॉर्ड तोड़ पाएगी? इस सवाल का जवाब 55 प्रतिशत लोगों का यह था कि प्रधानमंत्री मोदी अपना पिछला रिकॉर्ड तोड़ेंगे जबकि 45 प्रतिशत का कहना था कि इंडिया गठबंधन के अजय राय से उनकी जीत का अंतर कम होगा। अब यह तो 4 जून को ही पता चलेगा कि 55 प्रतिशत वालों की बात सही है या 45 प्रतिशत वालों की। लेकिन इतना तो तय है कि प्रधानमंत्री मोदी की बौखलाहट यह बता रही है कि उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार में इस बार शायद उतना दम नहीं है जितना 2019 में था। इस बार के चुनाव में खासतौर से उत्तर प्रदेश में ना तो राष्ट्रवाद का जोर चल रहा है, ना ही राम मंदिर का उफान है और ना ही जातिवाद का परचम लहरा रहा है। अगर इस चुनाव में कुछ खास है तो वह है वर्तमान 90 प्रतिशत सांसदों के खिलाफ एंटी इनकंबेंसी। एन्टी इनकंबेंसी सांसदों के खिलाफ है ना कि नेतृत्व के खिलाफ और ना ही मोदी सरकार के खिलाफ। ऐसे में अंतिम चरण का चुनाव जो चार दिन बाद अर्थात 1 जून को उत्तर प्रदेश की 13 सीटों पर होने वाला है कुछ ना कुछ गुल तो खिला ही सकता है। 2019 के चुनाव में इन 13 सीटों में से भाजपा को 9 सीटें तथा अपना दल और बसपा को दो-दो सीटे मिली थी। लेकिन इस बार यह समीकरण गड़बड़ाते नजर आ रहे हैं। इस गड़बड़ाहट को शायद प्रधानमंत्री मोदी भी समझ रहे हैं तभी तो वे उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबन्धन के साथ मुजरा शब्द जोड़ रहे हैं और राशन पाने वाले लोगों को भी बता रहे हैं कि हम 80 करोड लोगों को मुफ्त में खाद्यान्न जो दे रहे हैं तो उनका आशीर्वाद भी तो वोट की शक्ल में मुझे मिल रहा है। इस तरह के बयान देना और एहसान जताने की बात करना फिलहाल प्रधानमंत्री के पद पर आसीन व्यक्ति के लिए कतई उचित नहीं है। क्योंकि प्रधानमंत्री या राज्यों के मुख्यमंत्री जब जनता जनार्दन के उत्थान और उसके विकास के लिए कुछ करते हैं तो वह एहसान नहीं होता है। एहसान तब होता है जब अपनी जेब से किसी के लिए कुछ किया जाता है। जब प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री समाज के लिए, राष्ट्र के लिए तथा नागरिकों के लिए कुछ करते हैं तो वह पब्लिक मनी से करते हैं। उस टैक्स से आई रकम से करते हैं जो आम आदमी देता है। यही कारण है कि मैंने बौखलाहट शब्द का इस्तेमाल किया। प्रधानमंत्री मोदी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी तथा भाजपा के स्टार प्रचारक यह बात स्वीकार करें या ना करें लेकिन हकीकत यही है कि यदि बनारस में प्रधानमंत्री मोदी को वॉक ओवर मिल रहा है तो उसके साथ ही साथ चंदौली, मिर्जापुर, हरबंसगंज, गाजीपुर, भदोही तथा बलिया की सीटे पूरी तरह से फंसी है। इन फंसी सीटों का परिणाम किसके पक्ष में जाएगा कहां नहीं जा सकता। क्योंकि तमाम ऐसी जगह हैं जहां मतदाता स्वयं चुनाव लड़ रहा है और उसका मुकाबला भाजपा एनडीए के प्रत्याशी को करना पड़ रहा है। यह स्थिति मात्र कुछ सीटों पर नहीं बल्कि तकरीबन 30 सीटों पर है जहां या तो भाजपा प्रत्याशी इंडिया गठबंधन से 19 बैठ रहा है या तो उसे कड़े संघर्ष से निपटना पड़ रहा है। क्योंकि यह चुनाव 2019 के चुनाव से बिल्कुल भिन्न है । यही कारण है कि चुनाव के दिन गांव और कस्बो में तो मतदान के लिए कुछ भीड़ जुट रही है लेकिन शहरों की सड़क खाली हैं। लोगों के अंदर उत्साह नदारत है, वे मात्र फर्ज अदायगी कर रहे हैं किसी तरह अपना वोट डालकर अपने कर्तव्य की इतीश्री कर रहे हैं । वोट किसको दे रहे हैं, किसके लिए दे रहे हैं, किन मुद्दों पर दे रहे हैं उनके जवाब देने से वे कतराते हैं। लेकिन आक्रोश से लबरेज हैं। उन्हें जाति, धर्म, भाषा, वर्ग, मंदिर-मस्जिद, चीन- पाकिस्तान, यूक्रेन-रूस तथा विदेश और चांद पर पहुंच जाना विचलित नहीं कर पा रहा है। उन्हें अगर कुछ विचलित कर रहा है तो वह है संविधान में संशोधन की बात, आरक्षण खत्म करने की बात, बेरोजगारी, महंगाई, नौकरी तथा पेपर लीक का मामला क्योंकि इनसे वे भी लगातार दो -चार हो रहे हैं और इनसे जूझ भी रहे हैं।

# प्रेमिका से मिलने आए प्रेमी को पीटकर उतारा मौत के घाट

**❋ घायल अवस्था में युवक ने खुद ही 112 पर कॉल की जब तक पुलिस आई आई घायल अवस्था में घर से निकालते ही युवक ने दम तोड़ दिया युवक के साथ साथ परिजनों ने लड़की को भी बेरहमी से की पिटाई जिला अस्पताल में भर्ती**



जन एक्सप्रेस | सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** यह इश्क नहीं आसान इतना समझ लेना एक आग का दरिया है और डूब के जाना है डूब गया आग के दरिया में एक प्रेमी चली गई उसकी जान

बताते चलें नीमगांव थाना क्षेत्र में यह सनसनीखेज वारदात घटित हुई मिर्जापुर गांव का रहने वाला 22 वर्षीय नागेश नाम का युवक सुबह करीब पांच बजे अपनी प्रेमिका से मिलने आया था। तभी प्रेमिका के परिजनों ने उसे पकड़ लिया और पीट पीट कर उसकी हत्या करने के बाद आरोपी फरार हो गए। युवक की हत्या से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने के बाद नीमगांव थाना पुलिस पहुंची।पुलिस ने छानबीन करते हुए युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लड़की का घर लड़के के घर से 50 मीटर की दूरी पर है।बताया गया है कि लड़की के घर में ही युवक को बेरहमी से पीटा गया। और इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को लहूलुहान अवस्था में लड़की के घर से बाहर निकाला। उसके बाद युवक ने तुरंत ही दम तोड़ दिया। युवक और युवती दोनों एक ही बिरादरी के हैं। वारदात के बाद से लड़की के घरवाले फरार हैं। पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है। परिजनों ने लड़की को भी पीटा, अस्पताल में भर्ती प्रेमिका से मिलने गए युवक की हत्या के मामले में एक और अहम बात सामने सामने आई है। आरोपियों ने लड़की की भी पिटाई लगाई है।

उसको भी चोटें आई हैं, उसे भी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि परिजनों ने लड़की और लड़के को एकसाथ पकड़ लिया था। गुस्से में आकर दोनों की पिटाई लगाई।

युवक को ज्यादा पीटा, इसलिए उसकी मृत्यु हो गई है।

सीओ और एसओ ने गांव पहुंचकर जांच पड़ताल जारी कर दी है।

# सांड ने युवक को उठाकर पटककर पेट में घुसेड़ दी सींग

**❋ युवक की हालत गंभीर ट्रॉमा सेंटर रेफर**

जन एक्सप्रेस | निघासन खीरी



सांड ने युवक पर किया हमलाः उठाकर पटका और पेट में घुसा दी सींग,गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर रेफर निघासन कस्बे में लगने वाली साप्ताहिक सब्जी बाजार का है।यहां पर कस्बा निवासी अनिल वर्मा अपने एक मित्र से मुलाकात करने के लिए गये थे। बाजार के अंदर कुछ दूरी पर दो सांड आपस में लड़ रहे थे तो वह कुछ देर तक रुक गए। सांड की लड़ाई खत्म हुई और एक भाग गया तो वह आगे बढ़े। इसी दौरान दूसरे सांड ने उनको दौड़ा लिया और उठा-उठाकर पटका। स्थानीय लोगों ने सांड से बचाया घायल अनिल ने बताया कि जब उसने जोर-जोर से चिल्लाना शुरू किया तो आसपास के लोगों ने आकर सांड को भगाया। इस दौरान सांड की सींग उसके पेट में घुस गई।

जिससे उसका पेट फट गया।

पहले इलाज नजदीकी सीएचसी में चला और अब उसका इलाज ट्रामा सेंटर में किया जा रहा है। आवारा पशुओं की वजह से आये दिन हो रहे हादसों से स्थानीय लोगों में आक्रोश है।

# नहाते समय डूबे युवक का शव तीसरे दिन नहर मिला

जन एक्सप्रेस | मोहम्मदी खीरी

उचौलिया थाना क्षेत्र के बरनैया में शारदा नहर में रविवार को नहाते समय युवक डुबा गया था जिसकी तलाश में उचौलिया पुलिस ने रात दिन एक कर दिया और लगातार तलाश जारी रही लेकिन कोई पता नहीं चल सका। मंगलवार की दोपहर को उचौलिया पुलिस को सूचना मिली की टोडरपुर जनपद हरदोई में नहर में एक शव है सूचना पर उचौलिया पुलिस पहुंची और शव को बाहर निकलवाया तो उसकी पहचान आशीष यादव पुत्र तारा शंकर यादव निवासी धुई थाना हंडिया जनपद प्रयागराज के रूप में हुई जो रविवार को उचौलिया क्षेत्र के बरनैया के निकट शारदा नहर में नहाते समय डूब गया था मृतक की पहचान हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। मृतक आशीष तीन भाई व एक बहन है।

# सड़क किनारे खड़े बालक को बस ने रौंदा हुई मृत्यु

जन एक्सप्रेस | सीतापुर

सड़क किनारे खड़े बालक को अनियंत्रित होकर तेजगति से आ रही बस ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल बालक को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी महमूदाबाद लाया गया जहां से चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। बड़े मंगल के मौके पर डफरा गांव के सामने रेउसा-महमूदाबाद मार्ग पर भंडारा चल रहा है। दोपहर करीब एक बजे सेमरी के पीयूष (08) पुत्र स्व. संतोष कुमार भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने आया था, इसी दौरान महमूदाबाद की ओर से तेजगति से आ रही प्राइवेट बस ने अनियंत्रित होकर पीयूष को टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीररूप से घायल पीयूष को एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए सीएचसी महमूदाबाद लाया गया, जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। कोतवाल महमूदाबाद अनिल सिंह ने बताया कि रेउसा मार्ग पर बस की टक्कर से बालक की मौत हुई है। केस दर्जकर दुर्घटना को अंजाम देने वाली बस को कब्जे में लेते हुए चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

# एक साल रहे बेमिसाल, खैराबाद में तेजी से हुआ विकास

जन एक्सप्रेस | सीतापुर

खैराबाद नगर पालिका के एक वर्ष रहे बेमिसाल रहे। इस दौरान खैराबाद में तेजी से चहुमुखी विकास होगा। शासन स्तर से भी भरपूर सहयोग मिल रहा है, यही वजह है कि खैराबाद में विकास का पहिया तेजी से घूम रहा है। यह बात खैराबाद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बबलू ने कही। वे खैराबाद नगर पालिका परिषद के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बोल रहे थे।

खैराबाद नगर पालिका के सभाकक्ष में नगर पालिका परिषद के 1 वर्ष पूर्ण होने पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष बेबी अभिषेक गुप्ता रहीं। विशिष्ट अतिथि ईओ प्रेम शंकर गुप्ता रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने कहा कि विगत एक वर्ष से पूरी नगरपालिका परिषद एक साथ मिलजुलकर काम कर रही है। शासन की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र परिवारों को दिया जा रहा है। जबसे नगर की जनता ने अभूतपूर्व आशीर्वाद प्रदान कर नगर की सेवा के लिए परिषद में भेजा है, हम सब दलगत राजनीति से ऊपर उठकर प्रत्येक मोहल्ले में विकास कार्य करावा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार व प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने सबका साथ सबका विकास करके सबका विश्वास जीता है। केंद्र व प्रदेश सरकार ने गरीबों के उत्थान के लिए तमाम कल्याणकारी योजनाएं बनाई हैं, जिनसे आम जनमानस को लाभ हो रहा है। आगे भी निरंतर बिना किसी भेदभाव के विकासकार्यों को करवाया जाएगा।

नगर में वृहद स्तर की विस्तृत कार्ययोजना बनाई गई है, जो शीघ्र ही शासन स्तर से स्वीकृत होकर धरातल पर उतरेगी।

खैराबाद क्षेत्र में कई वर्षों से जर्जर पड़े हिंदू धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्वार किया गया हैं।

वहीं अन्य हिंदू धार्मिक स्थलों को चिन्हित कर उनके विकास का डीपीआर शासन को भेजा चुका है। स्वीकृति होते ही जल्द ही उनका जीर्णोद्वार किया जाएगा।

# बड़े मंगल पर जगह-जगह हुआ भंडारा और शरबत वितरण




जन एक्सप्रेस | मालपुर खीरी

ज्येष्ठ माह के पहले बड़े मंगल पर बिजुआ क्षेत्र के मंदिरों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।श्रद्धालुओं ने हनुमानजी के दर्शन किए। इसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ और सुंदरकांड भी किया। वहीं, दूसरी ओर पुण्य लाभ कमाने के लिए क्षेत्र में जगह-जगह भंडारा और शरबत वितरण कराया गया।सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले व यूएस फिलिंग स्टेसन मालिक अचल मिश्र पाले की ओर से अपनी पेट्रोल टँकी पर शर्बत व प्रसाद वितरण किया गया। वही बाला जी मंदिर मालपुर में व्यापारी सुत्तन गुप्ता ने राहगीरों, यात्रियों व श्रद्धालुओं को भंडारा में सब्जी-पूड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे से पहले व्यापारी सुत्तन गुप्ता ने सात कन्याओं को भोजन कराकर उनको उपहार दिए गए। पडरिया तुला में श्रीबाला जी पावनधाम में व्यापारी रामजीत सिंह, प्रधान श्यामल सिंह, व्यापारी प्रवीण गोयल की ओर से शरबत का वितरण किया गया। इस मौके पर मदन कटियार, दीपू राज, आर्यन गुप्ता, अभिषेक तिवारी, देवेंद्र भरद्वाज आदि मौजूद रहे।

# रेल की पटरी पर मिला युवक का शव



जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी

के फरधान रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार सुबह युवक का क्षत-विक्षत शव रेल पटरी पर मिला। युवक जींस और आर्मी डिजाइन की टीशर्ट पहने था। उसकी जेब से कोई आईडी प्रूफ नहीं मिला। शव के पास ओयल हाल्ट से गोला को जाने के लिए 27 मई का टिकट पड़ा मिला है। सूचना पर रेलवे पुलिस गोला के अधिकारी मौके पर पहुंचे और छानबीन की। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। सिविल पुलिस की भी मदद ली जा रही है। रेलवे चौकी पुलिस ने शव को मोर्चरी भिजवा दिया है।

# महमूदाबाद में किन्नरों ने जमकर काटा हंगामा

जन एक्सप्रेस | सीतापुर

महमूदाबाद। अघोषित विद्युत कटौती से त्रस्त किन्नरों में सोमवार की रात पावर हाउस महमूदाबाद पहुंचकर करीब एक घंटे तक जमकर हंगामा काटा। एसएसओ से किन्नरों की तीखी नोंकझोंक हुई।

सोमवार दोपहर से बेलदारी टोला की आधे मोहल्ले की लाइट बार-बार ट्रिप कर रही थी। नगर व ग्रामीण क्षेत्र में लगातार अघोषित विद्युत कटौती से आमजन परेशान है। आलम यह है कि टोल फ्री नंबर के साथ अधिकारियों से कई बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। आरोप है सोमवार की शाम दो बजे से पांच बजे तक आपूर्ति बाधित रही। इसके बाद आधे घंटे, एक घंटे की ट्रिपिंग शुरू कर दी गई।

इसके बाद आक्रोशित रेशमा, मोहिनी, जानकी, रानी सहित करीब आधा दर्जन किन्नर पावर हाउस जा पहुंचे और हंगामा करने लगे।

किन्नरों ने एसएसओ संदीप कुमार से करीब एक घंटे नोंकझोंक हुई।



काफी बातचीत के बाद मामला शांत हुआ और जल्द समस्या का समाधान होने के आश्वासन के बाद किन्नर वापस लौटे।

आक्रोशित आधा दर्जन किन्नर करीब 10 बजे पावर हाउस महमूदाबाद पहुंचे।

यहां किन्नरों ने तालियां बजाते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया।

किन्नरों द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन को देखते ही अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए और तत्काल एसएसओ संदीप कुमार ने समझाना शुरू किया। करीब एक घंटे तक चली नोंकझोंक के बाद किन्नर मानें और प्रदर्शन समाप्त करते हुए घर चले गए।

## फास्ट फॉरवर्ड

### समाजसेवी के द्वारा किया गया भव्य भंडारे का आयोजन

जन एक्सप्रेस | हरदोई। हरपालपुर। समाजसेवी के द्वारा ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। जेठ माह के प्रथम बड़े मंगलवार को समाजसेवियों के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया इस मौके पर उपस्थित विनय मोहन शुक्ला, संजय मोहन शुक्ला, कृष्ण कुमार त्रिवेदी, डॉक्टर राहुल कुमार वर्मा, हर्षित त्रिवेदी, जितेंद्र श्रीवास्तव, रोहित सिंह ( डम्पी), आदर्श सिंह, संजय सिंह, विमलेश, हर्ष बाजपेई, विशाल, अनुराग शुक्ला, आदि लोग मौजूद रहे।



### संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता, पिता ने थाने पर दी तहरीर

जन एक्सप्रेस | हरदोई। हरपालपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक नाबालिग अचानक लापता हो गयी।काफी खोजबीन के बाद जब उसका कोई पता नही चल सका तो पीड़ित पिता ने थाने पर घटना की तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव में लगभग 16 वर्षीय किशोरी सोमवार की सुबह घर से अचानक लापता हो गयी।काफी खोजबीन के बाद जब किशोरी का कोई पता नही चल सका तो किशोरी के पिता ने गांव में ही अपनी बुआ के घर रह रहे एक युवक के खिलाफ पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है। हालांकि इस मामले में पुलिस जांच पड़ताल में लगी हुई है।फिलहाल घटना में पांच युवकों पर शक की जा रही है।फिलहाल पुलिस किशोरी व आरोपियो की तलाश में जुटी हुई है।

### आंगनवाड़ी केंद्रों पर 6 वर्ष तक के बच्चो का 28 मई से 15 जून तक रहेगा अवकाश: मनोज कुमार

जन एक्सप्रेस | हरदोई। जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार ने बताया है कि ऑगनबाड़ी केन्द्रो पर 03-06 वर्ष की आयु के बच्चों को स्कूल पूर्व शिक्षा दी जाती है जिन्हें प्रतिदिन ऑगनबाड़ी केन्द्रो पर आना होता है। वर्तमान में भीषण गर्मी एवं लू चल रही है जिसके कारण ऑगनबाड़ी केन्द्रो पर आने वाले बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। वर्तमान में (20 मई से 15 जून 2024 तक) प्राथमिक विद्यालयों में भी ग्रीष्म कालीन अवकाश चल रहा है। ऐसी स्थिति में जिलाधिकारी के निर्देशानुसार ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले 03-06 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए ऑगनबाड़ी केन्द्रो पर 28 मई से 15 जून 2024 तक अवकाश घोषित किया जाता है। इस अवधि में 03-06 वर्ष आयु के बच्चों की उपस्थिति ऑगनबाड़ी केन्द्र पर नही होगी, परन्तु समस्त ऑगनबाड़ी कार्यकत्री एवं मिनी ऑगनबाड़ी कार्यकत्री अपने ऑगनवाड़ी केन्द्र पर निर्धारित समयानुसार उपस्थिति रहते हुए, पोषण ट्रैकर ऐप पर नियमित रूप से कार्य करेंगी तथा ऑगनबाड़ी कार्यकत्री, मिनी ऑगनबाड़ी कार्यकत्री एवं ऑगनबाड़ी सहायिकाओं के द्वारा लाभार्थियों का पोषण पोषण ट्रैकर ऐप पर आधार सत्यापन, अनुपूरक पोषाहार का वितरण, वजन, मेजरिंग ऐफिसियेन्सी तथा गृह भ्रमण सहित समुदाय आधारित गतिविधियों एवं अन्य शासकीय कार्यो का निष्पादन पूर्व की भाँति किया जायेगा।

### बिजली की समस्या से गर्मी में बिलबिला रहे ग्रामीण

जन एक्सप्रेस | हरदोई। हरपालपुर। हरपालपुर विकास खण्ड के गांव नाऊपुरवा में विद्युत उपकेंद्र पलिया से आपूर्ति दी जाती है। गांव में एक ट्रांसफार्मर रखा है। जिससे महताब पुरवा को भी सप्लाई दी जा रही है। ट्रांसफार्मर कम क्षमता का होने के कारण लोगो को आवश्यकता नुसार वोल्टेज व आपूर्ति नही मिल पा रही है। जिससे लोग गर्मी से बेहाल हो गए हैं।यही नही टू फेस की एलटी लाइन पूरे गांव की टूटी हुई पड़ी है।जिससे वोल्टेज कि समस्या बराबर बनी हुई है। बताते चले कि ब्लाक हरपालपुर के गांव पंचायत दयालपुर के मजरा नाऊपुरवा में लगभग 5 साल पूर्व में विद्युतीकरण हुआ था।ओर दूसरे गांव से सप्लाई चालू कर दी गई थी। गांव नाऊपुरवा के रहने वाले बलराम सिंह ने बताया है कि जब से विद्युतीकरण हुआ है तब से पूरे गांव में टू फेस की एलटी लाइन हमेशा टूटती रही है। ओर लो वोल्टेज की समस्या हमेशा बनी रहती है।

# बाल श्रमिकों के चिन्हांकन हेतु 01 जून से 30 जून तक चलाया जायेगा अभियान :-डीएम

जन एक्सप्रेस | हरदोई

जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि मा0 राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा बाल एवं किशोर श्रमिकों के उन्मूलन की दिशा में 01 जून 2024 से 30 जून 2024 तक विशेष अभियान प्रारम्भ किये जाने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने बताया कि बालश्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1988 के अन्तर्गत 18 व्यवसायों एवं 65 प्रक्रियाओं में बाल श्रम का नियोजन निषेधित है। शासन द्वारा सभी जिलों में बाल श्रमिकों के चिन्हांकन हेतु प्रत्येक तिमाही में कम से कम एक सप्ताह का विशेष अभियान संचालित किये जाने के निर्देश दिये गये है। इस क्रम मे जनपद में श्रम विभाग व अन्य विभागों के अधिसूचित निरीक्षकों के माध्यम से बाल श्रमिकों के चिन्हांकन हेतु 01 जून 2024 से 30 जून 2024 तक अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान के सार्थक परिणाम हेतु बाल श्रमिकों के चिन्हांकन एवं अन्य विधि सम्मत कार्यवाही हेतु जनपद में तहसीलवार टास्क फोर्स का गठन किया जाता है। उन्होंने बताया कि 01 जून से 03 तक हरदोई सदर क्षेत्र मे तथा 04 जून से 08 जून 2024 तक रेलवेगंज स्टेशन रोड़ मे यह अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान के लिए तहसील सदर मे उपजिलाधिकारी सदर को इस अभियान का अध्यक्ष नामित किया गया है, तथा खण्ड विकास अधिकारी सुरसा, नायब तहसीलदार सदर, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सदर व श्रम प्रवर्तन अधिकारी हरदोई को सदस्य नामित किया है। इसी तरह तहसील सण्डीला मे 10 जून से 12 जून तक यह अभियान चलाया जायेगा, जिसके लिए उपजिलाधिकारी सण्डीला को इस अभियान का अध्यक्ष व खण्ड विकास अधिकारी सण्डीला, नायब तहसीलदार सण्डीला, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी तहसील सण्डीला, व श्रम प्रवर्तन अधिकारी हरदोई को सदस्य नामित किया है। 13 जून से 15 जून 2024 तक तहसील शाहाबाद व पिहानी क्षेत्र मे यह अभियान चलाया जायेगा, जिसके लिए उपजिलाधिकारी शाहाबाद को इस अभियान का अध्यक्ष व खण्ड विकास अधिकारी शाहाबाद, नायब तहसीलदार शाहाबाद, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी तहसील शाहाबाद, श्रम प्रवर्तन अधिकारी हरदोई को सदस्य नामित किया है। 17 जून से 20 जून 2024 तक तहसील सवायजपुर व साण्डी क्षेत्र मे यह अभियान चलाया जायेगा, जिसके लिए उपजिलाधिकारी सवायजपुर को इस अभियान का अध्यक्ष व खण्ड विकास अधिकारी सवायजपुर, नायब तहसीलदार सवायजपुर, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी तहसील सवायजपुर, व श्रम प्रवर्तन अधिकारी हरदोई को सदस्य नामित किया है। 21 जून से 24 जून 2024 तक तहसील सण्डीला के अतरौली से बेनीगंज क्षेत्र मे यह अभियान चलाया जायेगा, जिसके लिए उपजिलाधिकारी सण्डीला को इस अभियान का अध्यक्ष व खण्ड विकास अधिकारी सण्डीला, नायब तहसीलदार सण्डीला, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी तहसील सण्डीला, व श्रम प्रवर्तन अधिकारी हरदोई को सदस्य नामित किया है। 25 जून से 27 जून 2024 तक तहसील बिलग्राम व माधौगंज, मल्लावां क्षेत्र मे यह अभियान चलाया जायेगा, जिसके लिए उपजिलाधिकारी बिलग्राम को इस अभियान का अध्यक्ष व खण्ड विकास अधिकारी बिलग्राम, नायब तहसीलदार बिलग्राम, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी तहसील बिलग्राम, व श्रम प्रवर्तन अधिकारी हरदोई को सदस्य नामित किया है। 28 जून से 29 जून 2024 तक तहसील सण्डीला के बेहन्दर व कछौना क्षेत्र मे यह अभियान चलाया जायेगा, जिसके लिए उपजिलाधिकारी सण्डीला को इस अभियान का अध्यक्ष व खण्ड विकास अधिकारी सण्डीला, नायब तहसीलदार सण्डीला, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी तहसील सण्डीला, व श्रम प्रवर्तन अधिकारी हरदोई को सदस्य नामित किया है।

जिलाधिकारी ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा है कि संयुक्त रूप से बाल श्रमिकों का चिन्हांकन करने हेतु सम्बन्धित तहसील से पुलिस बल का सहयोग प्राप्त करके कृत कार्यवाही से अद्योहस्ताक्षरी को अवगत करायेगें।

# भैंस नहलाते समय तालाब में डूबने से किशोर की मौत

जन एक्सप्रेस | हरदोई

हरपालपुर। थाना क्षेत्र के बरनई चतरखा गांव निवासी एक किशोर की तालाब में डूबने से मौत हो गयी।घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बरनई चतरखा गांव निवासी सुनील राजपूत का लगभग 14 वर्षीय पुत्र अचल राजपूत मंगलवार को गांव के बाहर भैस चराने गया था। जहां बहेलियन पुरवा व रामपुर के बीच स्थित तालाब में वह अपनी भैंसों को नहलाने लगा। इसी बीच वह गहरे



पानी मे चला गया और दुभ गया।मौके पर मौजूद अन्य चरवाहों ने उसे तालाब से जब तक बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।तथा पुलिस को सूचना दी गयी।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### 12 श्रद्धालुओं की जान लेने वाला डंपर चालक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | शाहजहाँपुर। शाहजहांपुर में शनिवार रात खुटार कस्बे के नजदीक श्रद्धालुओं से भरी बस को टक्कर मारकर 12 लोगों की जान लेने वाले डंपर चालक भीमसेन को पुलिस ने पकड़ लिया। हादसे के बाद वह रिश्तेदारी में छुपा हुआ था। भीमसेन ने भी झपकी आने से हादसा होने की बात कही, यह आशंका पहले से ही जताई जा रही थी। सीओ पंकज पंत ने बताया कि पीलीभीत के जहानाबाद के मोहल्ला जोशी निवासी भीमसेन को सोमवार शाम पकड़ा गया। पूछताछ में भीमसेन ने बताया कि वह बजरी भरा डंपर लेकर खुटार से गोला के लिए निकला था।

# सड़क हादसों में दो की मौत, बहू व सास घायल



जन एक्सप्रेस | बहराइच

फखरपुर। अलग-अलग जगह हुए सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई। वहीं दो महिलाएं भी घायल हो गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घायलों को एंबुलेंस से उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। हमीरपुर जिले के कुरारा थाना क्षेत्र के सिकरोडी गांव निवासी गुलाब यादव (19) डंपर पर खलासी का काम करता था। सोमवार की सुबह फखरपुर थाना क्षेत्र के लखनऊ-बहराइच हाईवे स्थित नहर के पास सड़क किनारे खड़े डंपर में बैठे वह मुंह धो रहा था। तभी पीछे से आ रहे दूसरे मौरंग भरे ट्रक ने खलासी को अपनी चपेट में ले लिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे मृतक के पिता राजेंद्र ने बताया कि वह बाराबंकी निवासी राजा सरदार के डंपर में पिछले एक महीने से खलासी का काम कर रहा था। रविवार को हमीरपुर से मौरंग लेकर बहराइच के गोलवाघाट जा रहा था। चार भाई दो बहन में तीसरे नंबर का था। मौत से मां फूलकुमारी सहित अन्य परिजनों का रो रोकर काफी खराब हाल है। फखरपुर पुलिस का



कहना है कि नंबर के आधार पर टक्कर मारने वाले डंपर की तलाश की जा रही है।

### मां और पत्नी के साथ मंदिर जा रहे युवक की बाइक में लोडर ने मारी टक्कर

दरगाह शरीफ थाना क्षेत्र के करहना चमारनपुरवा निवासी पवन (25) सोमवार को बाइक से अपनी पत्नी संजना (22) और मां मीरा (50) के साथ सुजौली थाना क्षेत्र के कैलाशपुर मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। जब उनकी बाइक मटेरा चौराहा के पास पहुंची तभी लोडर ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे तीनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने पवन को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायलों का उपचार चल रहा है।

### एक महीने पहले हुई थी शादी

मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी बीती 26 अप्रैल को मलूहा भखूरहा मटेरा निवासी संजना से हुई थी। नवदंपती अपनी मां के साथ बाइक से दर्शन के लिए जा रहे थे। छह भाइयों में दूसरे नंबर का था। मुंबई में रहकर मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। शादी होने के चलते 16 अप्रैल को घर आया था। मौत से परिजनों में कोहराम है। प्रभारी निरीक्षक मटेरा परमानन्द तिवारी का कहना है कि टक्कर मारने वाला चालक वाहन छोड़कर मौके से भाग गया।

# कटरी कांड के आरोपियों पर बड़ी कार्रवाई

जन एक्सप्रेस | बरेली

बरेली के फरीदपुर के चर्चित कटरी कांड के गुनाहगारों पर शिकंजा कसा जा रहा है। एसपी उत्तरी ने दोनों पक्षों के छह आरोपियों को गुंडा एक्ट में निरुद्ध कर दिया है। इन्हें जिला बदर करने की संस्तुति भी की गई है, जिसका फैसला जिला प्रशासन की ओर से लिया जाएगा।

पिछली साल जनवरी में गोविंदपुर की कटरी में जमीन पर कब्जे की कोशिश में गोलियां तड़तड़ाई थीं। रायपुर हंस गांव के पूर्व प्रधान हिस्ट्रीशीटर सुरेश प्रधान और पंजाब से कटरी में आकर झाला बनाने वाले परमवीर सिंह के लोगों ने एक-दूसरे पर फायरिंग की थी। इसमें सुरेश प्रधान की नाव चलाकर लाए गोलू पंखिया व परमवीर सिंह के दो साथियों की हत्या हो गई थी।

दोनों ओर से एक-दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने भी दोनों गुटों की गिरफ्तारी और कार्रवाई की थी।

इन दिनों इस केस की सुनवाई विशेष अदालत में चल रही है। दोनों ही पक्षों की जमानत हो चुकी है और अक्सर ही वह तारीखों पर एक-दूसरे के सामने आ रहे हैं।

# भाजपा के डबल इंजन की सरकार को कुशीनगर तक आते-आते विकास के इंजन का निकल जाता है धुआं : अखिलेश

**✻ कुशीनगर में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की हुई चुनावी जनसभा**



**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव मंगलवार को कुशीनगर के पड़रौना में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए का कि भगवान् बुद्ध की धरती को नमन् करता हूं ये धरती हमेशा क्रन्तिकारी रही है कुशीनगर की जनता इंडिया गंठबंधन के प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह ऊर्फ पिन्टू सिंह को इस बार भारी मतों से जीता कर भेजने जा रही है। उन्होंने ने कहा कि लोकतंत्र में असली ताकत कोई है तो वो जनता है बीजेपी 400 पार का नारा देकर संविधान बदलना चाह रही है रोटी, कपडा और मकान सबसे पहले बचाना है संविधान। जो लोग संविधान बदलने के लिए निकले है जनता उन्हें बदलने जा रही है। उन्होंने ने भाजपा व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पर हमला करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार कुशीनगर आते आते धुँआ फेकने लगी है। यहां के किसानो ने समय समय पर सत्ता का बदलाव किया है।किसानो के ऊपर महंगाई की मार पड़ रही है बीज व खाद सहित कीटनाशक भी काफी महंगा हो गया है।किसानो के फसल का उचित मूल्य भी भाजपा एनडीए की सरकार नहीं दे रही है।हम सत्ता में आये तो किसानो के उपज का उचित कीमत देंगे। उन्होंने मंच से जनता से अपील करते हुए कहा कि गंठबंधन की दिल्ली की सरकार बनी तो हम नई चीनी मिल लगाएंगे।

सपा मुखिया ने भाजपा सरकार की अव्यवस्थाओं पर करारा चोट करते हुए कहा कि नौकरी के लिए प्रदेश में जीतनी भी परीक्षाये बीजेपी सरकार के समय में हुई है सबका पेपर सरकार ने लीक करा दी है। सरकार ने पेपर लीक करा कर नौजवानों के एक तिहाई उम्र ख़त्म कर दी है।आज प्रदेश व देश का नौजवान सड़कों पर नौकरी व रोजगार के दर दर भटक रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले 4 जून को हमारी सरकार बनेगी तो अग्निवीर को ख़त्म कर देश व प्रदेश के युवाओं को स्थाई नौकरी देंगे ।बीजेपी ने सबको धोखा दिया है और अपने लोगो को फायदा दिया है। देश के किसानों के साथ भाजपा सरकार ने हर बोरी से 5 और 10 किलो खाद की चोरी सरकार ने किया है।नैनो यूरिया खाद बनाने वाले देश छोड़ कर भाग गए है। उन्होंने ने चुनावी जनसभा में आम जनमानस से अपील करते हुए कहा कि आप अपने और अपने बच्चों के भविष्य के लिए सरकार चुनिए गठबंधन की सरकार को हर जगह भारी समर्थन मिल रहा है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि देश में बड़े बड़े कार्यक्रम करके सरकार उद्योग पतियों से सिग्नेचर करा कर आज उन्हें भी धोखा दे दिया है।सपा मुखिया ने भाजपा के चार सौ पार के नारे को खोखला बताते हुए कहा कि जो लोग 400 पार का नारा देने वाले 400 हारने जा रहे है।जबसे गठबंधन ने पीडीए का नारा दिया तभी से एनडीए काफी घबरा गई है।

हम एमएसपी की गारंटी दे रहे है

जैसे ही सरकार बदली बीजेपी ने सभी योजनाओ को बंद कर दिया। उन्होंने ने कहा कि हमारी सरकार बनी तो सभी माताओं बहनो के खाते में 1 लाख रुपये देंगे ।हम गरीबो को 4 जून के बाद राशन की मात्रा बढ़ाएंगे और उन्हें पौष्टिक राशन देंगे पैकेट का आटा और डाटा फ्री में देंगे। कुशीनगर की जनता से अपील करते हुए कहा कि आपलोग मदद करिये और कुशीनगर से पिंटू सिंह को अधिक मतों से विजई बनाए। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कुशीनगर के भाजपा सरकार के विकास को लोगो को गुमराह करने वाला विकास बताते हुए कहा कि ये सरकार वालों ने जिस एयर पोर्ट का उद्घाटन किया है उसको बेच देंगे आपलोग सतर्क रहिये क्योकि कुशीनगर की एयर पोर्ट भी बीक जायेगी। यहां के युवाओं को सरकारी नौकरियों को ये बीजेपी वाले आउटसोर्सिंग कर दी इसका क्या मतलब है।पिंटू सिंह के पिता ने पूरी जिंदगी समाज की सेवा में बिता दिए इसलिए आपलोग इन्हें वोट देकर इनका सहयोग कर गठबंधन की सरकार बनवाईये। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को नौकरी के लिए परीक्षा कराने से पहले पेपर लिंक हो जाता है पेपर लिंक मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बोलती बंद हो गईहै। ये इस मामले में कुछ नहीं बोल रहें हैं। इसके लिए इस सरकार की बुल्डोजर की चाभी खो गई है पेपर लिंक कराने वालों के खिलाफ क्यों नहीं बुल्डोजर की कार्यवाही हो रही है पेपर लिंक हुआ नहीं कराया गया है। हम आयेंगे तो नौजवानों को नौकरी देगें।उन्होंने ने कहा कि 4जून को जब ये भाजपा सरकार चली जायेगी तो हम आयेंगे और अच्छे दिन लायेंगे हम आयेंगे तो 4जून के बाद पड़रौना को कुशीनगर तक रेल लाईन से जोड़ने का काम करेंगे। उन्होंने ने कहा कि यह सातवें चरण का चुनाव है भाजपा के नेता भूल गए की भाजपा के खिलाफ जनता का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया है। जैसे जैसे जनता का गुस्सा बढ़ा है भाजपा के बड़े बड़े नेताओं की भाषा डगमगा गई है। जनता भाजपा की पुरानी कहानी किस्सा को नहीं सुनना चाहती है। जनता यह जानना चाहती है कि किसानों के साथ धोखा क्यों हुआ नौजवानों को नौकरी क्यों नहीं मिला इन लोगों ने वादा किया था हम चीनी मिल चलायेंगे किसान की आय बढ़ायेंगे। न चीनी मील चली न किसान का आय बढ़ी। कुशीनगर का एअरपोर्ट चल कर बंद हो गया। उन्होंने कहा कि जो कुशीनगर में मैत्रेय परियोजना मैंने दी थी उस पर सुन रहे हैं कि विश्व विद्यालय बना रही है सरकार यहां मेडिकल कालेज भी आधा अधुरा बनवा रही है। सरकार कोई ऐसी कार्य नहीं कर रही है जिससे यहां के युवाओं को रोजगार मिल सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर टिप्पणी करते हुए सपा मुखिया ने कहा कि मुख्यमंत्री तो इनके पड़ोसी हैं डबल इंजन की सरकार कहने वाले यहां तक आते-आते इनकी डबल इंजन की हवा क्यों निकल जाती है और धुंआ निकलने लगता है। इन्होंने न तो कोई सड़कें बनाई जो सड़क पहले से बनी है वह गढ्ढे में तब्दील हो गई है। 100 नम्बर खराब कर दिया है ऐम्बुलेंस खराब कर दिया है भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है निवेश के नाम पर सपने दिखाए कुछ नहीं किया।इलेक्टोरल बांड पर बड़े बड़े लोग से चंदा वसूला जिससे चलते महंगाई भी है और भ्रष्टाचार भी। उन्होंने कहा कि सही मायनों में भाजपा ने पिछड़ों व दलितों तथा आदिवासियों का आरक्षण छिना है। सरकार के पास पेपर लिंक व महंगाई पर जबाब नहीं है।

## 'एक दिया लोकतंत्र के नाम' जिला प्रशासन की अनूठी पहल...



**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत सामान्य प्रेक्षक दीपांकर चौधरी, व्यय प्रेक्षक आसवा मनोज राजगोपाल, जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला अधिकारी उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के अध्यक्षता में विधानसभा कुशीनगर तहसील कसया के अंतर्गत हिरण्यवती नदी घाट (बुद्धा घाट) के समीप भव्य दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उपस्थित समस्त अधिकारियों, मतदातगणों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सशक्त लोकतंत्र का निर्माण करने एवं 01 जून को अपने अपने बूथ पर पहुंच कर मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता संबंधी सुंदर एवं आकर्षक रंगोलिया भी बनाई गई तथा स्लोगन भी लिखे गए , जो चीख चीख कर मतदान करने हेतु आम जनमानस को मतदान करने हेतु जागरूक कर रहे थे। हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से अधिकारियों सहित मतदाता गणों, बीएलओ आदि उपस्थित रहे। आम जनमानस ने हस्ताक्षर कर मतदान करने एवं कराने का दृढ़ संकल्प लिया। उपस्थित अधिकारियों के द्वारा मतदाता गणों को आमंत्रण पत्र तथा मतदाता पर्ची का वितरण किया गया।दीपदान कार्यक्रम के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा शत प्रतिशत मतदान हेतु मतदाता शपथ भी उपस्थित अधिकारी/ कर्मचारी एवं जनमानस को दिलाई। उन्होंने सभी से अपील किया की लोकतंत्र के महापर्व में मताधिकार का प्रयोग कर सशक्त लोकतंत्र का निर्माण करें। एक दिया लोकतंत्र के नाम से नई ज्योति जलाकर आसपास के लोगो को भी जागरूक करें। मतदान दिवस के दिन घर से निकल कर मतदान अवश्य करें।

## कांग्रेसियों ने किया जनसंपर्क गिनाई भाजपा सरकार की खामियां



**जन एक्सप्रेस। गोला गोरखपुर**

लोक सभा क्षेत्र बांसगांव चुनाव को लेकर विधान सभा क्षेत्र चिल्लूपार के कांग्रेसियों ने घर घर जाकर लोगो से भेंट कर भाजपा सरकार की खामियां गिनाकर गठबंधन समर्थित प्रत्याशी सदल प्रसाद के पक्ष में मतदान की किया अपील। मंगलवार को बरिष्ठ कांग्रेसी नेता हरिशंकर गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने निबी दुबे के ग्राम सभा मदरहा दलुवा नकटा मदरिया भटनी पार आदि गांव में जन सम्पर्क कर भाजपा सरकार खामियां गिनाने के क्रम में बताया की इस तानाशाही सरकार में जनता को सिर्फ मिला तो अनियंत्रित महंगाई बेरोजगारी, भर्तियों के लिए आवेदित परिक्षाओं में धांधली व सरकारी संस्थाओ को धीरे धीरे ठेका में देने के साथ ही लोगो को पूर्ण कालिक व पूर्ण बैतनिक नौकरी के जगह अग्नि बीर आदि योजनाओं में गुमराह कर फसाने से के आलावा युवाओं के भविष्य पर भी संकट छाने का डर भी लोगो को सता रहा है ।इसलिए हम सभी को एक जून को एक जूट होकर इस ताना शाही सरकार के खिलाफ मतदान कर इसे उखाड़ फेकनें की जरूरत है। इस दौरान रामहरी राय, मधुकर गणेश मिश्र, श्रवण कुमार यादव अमरनाथ यादव, संजय यादव, दिनेश यादव, विनोद गुप्ता, पिंटू अंसारी, हकीक अली आदि सहित दर्जनो कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क किया।

# राहुल गांधी ने भाजपा सरकार पर जमकर निकाली भड़ास

**✻ गर्मी की नसीहत देते हुए सिर पर उड़ेल लिए पानी की भरी बोतल**

**जन एक्सप्रेस। देवरिया**

भीषण गर्मी में पड़ा लोकसभा चुनाव नेताओं को भी पानी पिला रहा है। इसका एक नजारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी की देवरिया रैली में देखने को मिला। जब उन्होंने पानी से भरी बोतल अपने सिर पर उड़ेल ली। वह रैली को संबोधित कर रहे थे, जब भाषण देते-देते पानी पीने लगे और तभी बोले गर्मी काफी है। इसके बाद उन्होंने पूरी बोतल अपने सिर पर उड़ेल ली। उन्होंने कहा कि देश के उत्तर-पश्चिमी राज्यों में भीषण गर्मी पड़ रही है और तमाम दलों के नेता लोकसभा के सातवें और आखिरी चरण के चुनाव के लिए रैलियों में जुटे हैं। बताया जा रहा है कि, अधिकतम तापमान सामान्य से करीब 8 डिग्री सेल्सियस ऊपर चल रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रधानमंत्री मोदी समेत तमाम नेता लोगों को गर्मी से बचने की सलाह भी देते नजर आ जाते हैं।




**हम कुछ नहीं करते, सब कुछ अपने आप हो जाता**

कांग्रेस नेता ने कहा कि, अगर परमात्मा ने ऐसा किया होता तो उन्हें भेजा तो उन्होंने गरीबों और किसानों की मदद की होगी ये नरेंद्र मोदी जी वाले परमात्मा हैं। राहुल मीडिया पर भड़के और बोले! कुछ चमचे मोदी से बैठकर सवाल करते हैं। मोदी जी आप आम कैसे खाते हो? धोकर या छीलकर खाते हो? मोदी जी इस पर कहते हैं कि, हम कुछ नहीं करते सब अपने आप हो जाता है।



**पीएम मोदी बायोलाजिकल नहीं**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने देवरिया रैली में प्रधानमंत्री को भी घेरा और उनके परमात्मा वाले बयान पर एक बार फिर निशान साधा। उन्होंने कहा कि, बाकी सभी लोग बायोलॉजिकल हैं, लेकिन नरेंद्र मोदी जी बायोलॉजिकल नहीं हैं, उन्हें उनके परमात्मा ने अंबानी और अडानी की मदद के लिए भेजा है। लेकिन परमात्मा ने उन्हें किसानों और मजदूरों की मदद के लिए नहीं भेजा है।

**सातवें चरण के चुनाव में सरकार के प्रति गुस्सा भी सातवें आसमान पर**

सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने अपने संबोधन में कहा कि 4 तारीख को खुशियों के दिन आएंगे, प्रेस वालों के भी खुशियों के दिन आएंगे। मित्र मंडली तो बदलेगी ही बदलेगी, मंत्री मंडल और मीडिया मंडल भी बदलेगा। जो सुनाते रहे मन की बात, अब होगी संविधान की बात,ये चुनाव हमारा आपका तो है ही, ये भविष्य की पीढ़ी का चुनाव है और ये चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है। ये संविधान हमारी संजीवनी है। रोटी कपड़ा और मकान, सबसे पहले संविधान बचाना है ।सपा सुप्रीमो ने कहा कि इंडिया गठबंधन और समाजवादी पार्टी ने तय किया है ना केवल सरकारी नौकरियां दी जाएगी, आरक्षण के तहत आपको हक और सम्मान मिलेगा, अग्निवीर व्यवस्था हमेशा हमेशा के लिए खत्म की जाएगी। उन्होंने कहा कि जो लोग कहते थे निवेश लाएंगे, निवेश ना गोरखपुर पहुंचा ना देवरिया पहुंचा, जो संस्थाएं नौकरियां दे सकती थी, आरक्षण दे सकती थी उन्हें भी इन्होंने बेच दिया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि ये सातवें चरण का चुनाव है और जनता का गुस्सा भी सातवें आसमान पर पहुंच गया है। जिन लोगों ने झूठी बातें और झूठे वादे किए हैं वो आज जनता के सामने डगमगा रहे हैं। जनसभा को कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह, पूर्व विधायक गजाला लारी, पूर्व सांसद कनकलता सिंह, कांग्रेस नेत्री सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पाण्डेय ने भी संबोधित किया।

**अंबानी, अडानी की मदद को बताए, पीएम मोदी के परमात्मा**

राहुल गांधी ने कहा कि, अगर परमात्मा ने उन्हें भेजा होता तो परमात्मा कहते कि, हिंदुस्तान के सबसे कमजोर लोगों की मदद करो, किसानों की मदद करो, गरीबों की मदद करो। लेकिन मोदी जी के परमात्मा ने कहा कि, अंबानी की मदद कद्रो, अडानी की मदद करो। अंबानी-अडानी का 16 लाख करोड़ माफ कर दो। ये कैसे परमात्मा हैं, ये मोदी जी के परमात्मा हैं।

## लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम 2013 विषयक पर किया गया विधिक जागरूकता साक्षरता शिविर का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। कुशीनगर**



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर के तत्वाधान में मंगलवार को अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ की कार्ययोजना वर्ष 2024-2025 के क्रियान्वन के क्रम में तथा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण / जनपद न्यायाधीश अशोक कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में महिलाओ का कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम 2013 विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बार एसोशिएसन के सभागार में किया गया। अपर जिला जज/सचिव द्वारा उपस्थित महिला अधवित्ताओ एवं महिला कर्मचारियों को कार्यस्थल पर लैगिंग उत्पीड़न से महिलाओ के संरक्षण के लिये उक्त विषयक पर ध्यान आकर्षित करते हुये बताया गया कि पूरे देश में कार्यस्थल पर महिलओ का यौन उत्पीड़न रोकने के लिये वर्ष 2013 में कानून बनाया गया था। इस कानून को POSH Act यानि प्रिवेंशन ऑफ सेक्सुअल हैरेसमेंट कहा जाता है। देश में किसी भी सेक्टर चाहे वो प्राइवेट हो, सरकारी हो या गैर सरकारी हो, जहाँ महिलायें कार्य करतीं हैं, उसमें महिलाओ के कार्यस्थल पर लैगिंग उत्पीड़न से संरक्षण और लैगिंग उत्पीड़न के निवारण के लिये प्राइवेट सेक्टर, सरकारी या गैर सरकारी संस्थानों में समिति बनाया गया है।

उन बनाये गये समितियों के तहत जो भी यौन उत्पीड़ने से पीड़ित महिलायें होंगी वे अपनी सूचना समिति को देंगी और समिति उस पर कार्यवाही करेगी। यह समिति दो प्रकार की होगी पहली आंतरिक समिति और दूसरी वाह्य समिति। इस शिविर में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कविता सिंह व किशोर न्याय बोर्ड के न्यायाधीश सुनन्दन गोयल ने भी कार्यस्थल पर लैगिंग उत्पीड़न के सम्बन्ध में विस्तार से बताया। इस अवसर पर स्थायी लोक अदालत की सदस्य दीपाली सिन्हा, महिला अधिवक्तागण नाजमा खातून, शशि कला यादव, पूनम जायसवाल, सुमन सिंह, रजिया खातून, अनामिका, राबिया खातून, मधु गुप्ता, पुष्पा योगेन्द्र यादव, पिंकी कुशवाहा, दिव्या सिंह, आबिदा खातून, कंचन त्रिपाठी, अच्छिता, आबरीन खातून व हसीना खातून तथा महिला कर्मचारीगण अर्चना पाण्डेय, उषा अस्थाना, रेनू, अम्बिका, एकता व अन्य महिला कर्मचारीगण उपस्थित रहीं।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन आज, करेंगे विशाल जनसभा को संबोधित

**जन एक्सप्रेस/भाटपार रानी, देवरिया।** सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी रविंद्र कुशवाहा के पक्ष में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन नगर में स्थित बाबा राघवदास कृषक इंटर कॉलेज भाटपार रानी के प्रांगण में आज 29 मई 2024 को दिन में12:00 बजे दिन में होना है, यहां प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रविंद्र कुशवाहा के पक्ष में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे , यह जानकारी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व मदन मोहन मालवीय शिक्षण संस्थान के प्रबंधक राघवेंद्र वीर विक्रम सिंह भाजपा के मीडिया प्रभारी अजय दुबे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र जयसवाल भाजपा नेता संतोष पटेल व भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक जितेंद्र जायसवाल ने संयुक्त रूप से दिया, व जनता से अपील किया।

## बेरोज़गारी से नौजवान परेशान, महंगाई से जनता हलकान : अखिलेश प्रताप सिंह

**जन एक्सप्रेस। देवरिया**



लोकसभा क्षेत्र देवरिया से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह ने मंगलवार को रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के हिरंदापुर, पचफेड़ा, सिरसिया, कोन्हवलिया, कामधेनावा, मथुरा छापर सहित दर्जनों गांवों में भ्रमण, जनसंपर्क एवं जनसंवाद करने के पश्चात कंचनपुर, कोटवा, रामपुर कारखाना और डुमरी में नुक्कड़ सभा किया। इस दौरान अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि आज देश में समस्याओं का अंबार लगा है देवरिया लोकसभा में मूलभूत सुविधाओं का भीषण अभाव है यहां के जनप्रतिनिधियों को अपने विकास की सुधि है ना कि क्षेत्र के विकास की, जिसके कारण देवरिया लगातार पिछड़ता जा रहा है भाजपा सरकार आमजनमानस को सिर्फ सपने दिखाती है धरातल पर कुछ भी नहीं होता महंगाई से आमजनमानस में त्राहि त्राहि मची हुई है बेरोजगारी से युवा हताश है अब देवरिया की जनता समझ चुकी है अब इनकी दाल गलने वाली नही है इस बार इण्डिया गठबंधन की सरकार बनेगी। पूर्व विधायक गजाला लारी, जयप्रकाश पाल, ओमप्रकाश यादव, मुन्ना यादव, चंद्रभूषण यादव, विवेक रंजन, जयदीप त्रिपाठी, अरविन्द शाही, सिद्धार्थ भारद्वाज, शिवशंकर सिंह सैथवार, रविन्द्र मल्ल, विजया शेखर मल्ल आदि लोग उपस्थित रहे।

## भाभी से रचाई शादी, विरोध करने पर भाई को पीट-पीट कर मार डाला

**जन एक्सप्रेस। रूद्रपुर, देवरिया**

जिले के रुद्रपुर क्षेत्र में सगे छोटे भाई ने अपनी भाभी से पहले तो मंदिर में शादी कर ली, फिर भाई ने विरोध किया तो उसे लाठी-डंडे से पीट-पीट कर मार डाला। भाई और भाभी के पहले से दो बेटे होने के बावजूद कुंआरे भाई ने यह शर्मनाक हरकत कर डाली। पुलिस ने आरोपी भाई को हिरासत में ले लिया है।

रुद्रपुर के रामलक्षन चौकी क्षेत्र के भृगुसरी गांव के रहने वाले संजय भारती(45) पुत्र रामअधार की पत्नी से उनके छोटे भाई देवीलाल ने 9 मई को देवरिया हनुमान मंदिर पर पहुंच कर शादी कर ली थी। देवी लाल कुंआरा है।


इसके बावजूद उसने दो बच्चों की मां अपनी सगी भाभी से शादी कर ली। इसी बात को लेकर दोनों भाईयों में पिछले 15 दिनों से विवाद चल रहा था। सोमवार की रात करीब 11 बजे दोनों भाई आपस में विवाद करने लगे।

उसी दौरान देवीलाल ने लाठी-डंडे से संजय भारती के ऊपर हमला कर दिया। उसने बेरहमी से बड़े भाई को मारापीटा। शोर सुनकर आसपास के लोग जुटे तो वह फरार हो गया। मारपीट में घायल संजय भारती की देर रात घर पर ही मौत हो गई। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया। संजय भारती के बेटे शिवकुमार (14) व सत्यम (11) का रो-रोकर बुरा हाल था।

## कूड़े के दुर्गंध से सड़क पर चलना हुआ दूभर, जिम्मेदार बेखबर

**जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर महराजगंज**

नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में आदर्श नगर पंचायत आनन्दनगर का प्रयास धरातल पर विफल दिखाई दे रहा है। नगर में बना प्रमुख कूड़ा डंपिंग यार्ड के बगल में विगत चार दिनों से कूड़ा-कचरे का उठान न होने से कूड़े का अंबार लगा हुआ हैं जिससे आने जाने वाले राहगीरों को तेज हवा के साथ दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि पूरे नगर का कूड़ा उक्त स्थान पर डंप किया जाता है, पीछे कई दिनों से जमा कचरा के दुर्गंध से आमलोगों का जीना दूभर हो गया है। एक तरफ डेंगू के डंक से बचाने के लिए विभाग की ओर से नगर पंचायत को जगह-जगह फॉगिंग व एंटी लार्वा छिड़काव का किया जा रहा है, तो वहीं दूसरी ओर लापरवाही के कारण कूड़ा इकट्ठा होता जा रहा है, कूड़ा डंपिंग यार्ड के बगल में जमा कचरा कई दिनों से नहीं हटाए जाने से संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है और लाखों रुपए की लागत से बनाया गया कूड़ा डंपिंग यार्ड अब बेमतलब साबित हो रहा है। कचरा से फैलने वाली दुर्गंध से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आने जाने वाले राहगीरों को गंदी हवा के दुर्गन्ध आने के कारण रास्ता बदलकर जाना पड़ रहा है। सवाल यह है कि नगर पंचायत में ट्रैक्टर ट्राली से कूड़े की ढेर को नगर के बाहर ले जाया जाता था लेकिन चार दिनों से कूड़े के ढेर का उठान न होने से एक तरफ नगर पंचायत समेत राहगीर परेशान है तो वही चुनाव संपन्न कराने आए सैनिक विद्यालय में ठहरें हुए हैं और इन सुरक्षा कर्मियों को दुर्गंध भारी हवाओं के मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ केंद्र व राज्य सरकार नगर में प्रमुख संसाधन लगाकर नगर को स्वच्छ बनाने में लाखों करोड़ों खर्च कर रही है तो वही आदर्श नगर पंचायत आनन्दनगर के जिम्मेदार स्वच्छता पर ध्यान न देकर बेपरवाह बने हुए हैं। जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा हैं। दर्जनों राहगीरों ने बताया कि जिम्मेदारों की लापरवाही से कूड़े का ढेर बना हुआ हैं, जिससे अब इस रोड पर सांस लेना मुश्किल हो गया हैं।



# ताजमहल पर भीषण गर्मी और लू से अमेरिकी समेत 6 पर्यटकों को आए चक्कर

**जन एक्सप्रेस | आगरा**




ताजमहल में सोमवार को लू से अमेरिकी पर्यटक समेत 6 लोगों को चक्कर आ गया। 47.8 डिग्री तापमान में पत्थर व संगमरमर भी दहक रहे थे। सोमवार की दोपहर अमेरिकी पर्यटक साबित्री सूक्राम सेंट्रल टैंक पर चक्कर आने से गिर पड़ीं। उन्हें व्हीलचेयर से डिस्पेंसरी तक ले जाया गया। वहां से उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। इसी तरह शाहाबाद से आई मानसी अग्रवाल, रंगारेड्डी से आई महिला पर्यटक और गुजरात से आई जीआर पांड्या की तबीयत खराब हो गई। ताजमहल डिस्पेंसरी के चिकित्सकों ने उन्हें प्राथमिक उपचार की दवाएं और ओआरएस पाउडर दिया।

### सुबह आएं पर्यटक

टूरिज्म गिल्ड ऑफ आगरा के अध्यक्ष राजीव सक्सेना ने सभी ऑपरेटर को सलाह दी है कि अपने पर्यटकों को ताजमहल का दीदार सुबह 6 से 9 बजे के बीच और शाम को 5 से 7 बजे के बीच ही कराएं। दोपहर में वह छायादार जगहों का ही भ्रमण कराएं। तेज धूप में पर्यटकों को घुमाने से बचें और ठंडे पानी के साथ लू से बचाव के लिए छाते और अन्य व्यवस्थाएं करके ही ले आएं।

### धूप में पैदल चलने से दिक्कत

ताजमहल में पूर्वी और पश्चिमी गेट पार्किंग से लौटने तक पर्यटक लगभग 4 किमी तक पैदल चल रहे हैं। गोल्फ कार्ट ताजमहल पूर्वी गेट पर पाठक प्रेस के सामने उतार रही है। पश्चिमी गेट पर यह नीम तिराहे तक ही आ रही है। इसके बाद ताज के फोर कोर्ट में 300 मीटर, रॉयल गेट से ताज के गुंबद तक 350 मीटर और चमेली फर्श से लेकर मेहमानखाने और मस्जिद तक 400 मीटर धूप में ही पैदल चलना पड़ता है। इसके बाद वापसी में एक किमी की दूरी इन जगहों से और ताज के पूर्वी गेट पर ताज खेमा तक 200 मीटर दूरी तक पैदल चलना होता है। पार्किंग तक वापसी में 4 किमी तक 47 डिग्री से ज्यादा तापमान में भ्रमण करने से ही पर्यटक लू के शिकार हो रहे हैं।

### लगवाएं ग्रीन नेट

होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश चौहान ने बताया कि जिस तरह शहर में चौराहों पर ग्रीन नेट लगवाए हैं, वैसे ही ताजमहल पर पूर्वी गेट और पश्चिमी गेट पर ग्रीन नेट लगवाए जाएं। साथ ही पर्यटकों को पानी की ठंडी बोतल दी जाए। गाइड एसोसिएशन के अध्यक्ष शमशुद्दीन ने बताया कि भीषण गर्मी में पर्यटक बेहोश हो रहे हैं। ताज पर आने वाले पर्यटकों को ठंडा पानी और छाता दिया जाए। बाहर कुछ जगह जैसे पार्किंग, गोल्फ कार्ट वेटिंग एरिया में ग्रीन नेट लग जाए तो कुछ राहत मिलेगी।

# राज बनी राजू की हत्या: बदमाशों ने सिर में गोली मारकर उतारा मौत के घाट

**जन एक्सप्रेस | गाजियाबाद**



गाजियाबाद स्थित लोनी कोतवाली क्षेत्र के गढ़ी सब्लू गांव के पास युवक की गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने मृतक की शिनाख्त राजू उर्फ राज निवासी अशोक विहार के रूप में की। पुलिस ने मृतक के परिजनों को जानकारी दी। हत्या के पीछे के कारण और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है। इस हत्याकांड में पुलिस को कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं। लोनी के अशोक विहार कॉलोनी में राजू उर्फ राज (29) परिवार के साथ रहते थे। मंगलवार सुबह उनका शव गढ़ी सब्लू गांव के पास जमीन पर पड़ा हुआ मिला। राजू के सिर में गोली लगी थी। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया था। मृतक की शिनाख्त ना होने पर पुलिस ने आसपास के थानों और लोनी के अलग-अलग थानों में संपर्क किया था। दोपहर के समय मृतक की शिनाख्त हो सकी। लोनी एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि मृतक की पहचान हो चुकी है। हत्या क्यों की और किसने की इसकी जांच चल रही है। परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस को कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर कराई परीक्षा, ओएमआर शीट पर परीक्षा का विरोध कर रहा है शिक्षक संगठन औटा



**जन एक्सप्रेस | आगरा**

आगरा में ओएमआर शीट पर परीक्षा कराने के विरोध में औटा के आह्वान पर आगरा कॉलेज स्टाफ क्लब के शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर परीक्षा कार्य करवाया। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की एनईपी के तहत सेमेस्टर परीक्षाएं बहुविकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू) आधारित हैं। यह ऑप्टिकल मार्क रिकग्निशन (ओएमआर) प्रणाली से कराई जा रही है। 12 मई को औटा कार्यकारिणी ने ओएमआर परीक्षा के विरोध में काली पट्टी बांधकर परीक्षाएं कराने का निर्णय लिया था। मंगलवार को विवि परीक्षा के पहले दिन आगरा कॉलेज स्टाफ क्लब के शिक्षकों ने तीनों परीक्षा पालियों में काली पट्टी बांधकर परीक्षा कार्य कराया। सचिव प्रो. विजय कुमार सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय सत्र विनियमतीकरण के नाम पर पिछले 4 सालों से लगातार ओएमआर शीट पर परीक्षा करा रहा है। संयुक्त सचिव आनंद प्रताप सिंह ने कहा कि ओएमआर आधारित परीक्षा से छात्रों के ज्ञान का उचित मूल्यांकन नहीं हो पाता। कोषाध्यक्ष प्रो. एसएस खिरवार और कार्यकारिणी सदस्य डॉ. रंजीत सिंह ने कहा कि इससे सिर्फ एजेंसी को लाभ हो रहा है। डॉ. सुरेंद्र पाल सिंह ने कहा कि ओएमआर आधारित परीक्षा के बावजूद भी न तो सत्र नियमित हुआ और न ही परिणाम सही, लिहाजा इस व्यवस्था को समाप्त किया जाना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान डॉ. भूपेंद्र चिकारा, डॉ. अनुराग पालीवाल, डॉ. पीके दीक्षित, डॉ. गौरव कौशिक, प्रो. केके सिंह, प्रो. भूपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पांच मिलावटखोरों पर 13.70 लाख का जुर्माना देसी घी सहित मिल्क केक का नमूना फेल

**जन एक्सप्रेस | आगरा**

एटा में एडीएम कोर्ट से पांच व्यापारियों पर खाद्य पदार्थों में मिलावट के चलते 13 लाख 70 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने वर्ष 2020 से लेकर 2022 में इन लोगों के यहां से नमूने लिए थे। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी केके त्रिपाठी ने बताया कि 18 अक्तूबर 2022 को शहर के पीपल अड्डा पर मै. आरुष प्योर घी के यहां से देसी घी का नमूना लिया गया था। जांच रिपोर्ट में यह अधोमानक पाया गया। एडीएम कोर्ट में वाद दायर किया गया। जहां एडीएम ने पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। सुदीप मिष्ठान भंडार के यहां से 28 अक्तूबर 2021 को मिल्क केक का नमूना लिया गया था। लैब में परीक्षण के दौरान नमूना फेल हो गया। यह भी अधोमानक पाया गया। एडीएम कोर्ट में वाद दायर हुआ। कोर्ट से 5 लाख का जुर्माना लगाया गया। वर्ष 2021 में ही 30 अक्तूबर को आगरा रोड पर स्थित ग्राइंड स्पाइस होटल से पनीर का नमूना लिया गया था। यह नमूना भी अधोमानक पाया गया। इस पर कोर्ट से दो लाख 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। 29 जुलाई 2020 को करतला चौराहे पर प्रेम सागर की किराने की दुकान से अग्रवाल नमकीन का नमूना लिया गया था। यह नमूना फेल हो गया। कोर्ट से एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। 7 नवंबर 2020 को जलेसर के निधौली चौराहे पर मिष्ठान भंडार श्री कृष्णा अवतार से बर्फी का नमूना लिया गया था। जांच में अधोमानक मिलने पर कोर्ट से 50 हजार रुपये का जुर्माना लगा है।

# अस्पताल में चल रहा था गंदा काम तीन पुरुषों के साथ मिलीं पांच युवतियां

**जन एक्सप्रेस | आगरा**

आगरा में बोदला-बिचपुरी रोड पर हॉस्पिटल की दूसरी मंजिल पर एक फ्लैट में देह व्यापार हो रहा था। सूचना पर पुलिस ने छापा मारा। आपत्तिजनक स्थिति में पांच युवतियां-महिलाएं व तीन पुरुषों को पकड़ा गया। पुलिस के साथ एंटी ह्यूमन ट्रैफेकिंग की टीम मौजूद रही। जगदीशपुरा थाना क्षेत्र में बिचपुरी रोड पर मृत्युंजय हॉस्पिटल है। ऊपर फ्लैट बने हुए हैं। दूसरी मंजिल पर अमर सिंह ने फ्लैट किराए पर ले रखा था। फ्लैट में अनैतिक गतिविधियां हो रही थीं। पुलिस टीम ने फ्लैट से पांच युवतियां-महिलाएं और दो ग्राहक सतीश व मनोज और संचालक अमर सिंह को हिरासत में लिया। एसीपी लोहामंडी मयंक तिवारी ने बताया कि फ्लैट से आपत्तिजनक सामान के अलावा 10 मोबाइल, शक्तिवर्धक दवाइयों के पैकेट और 13200 रुपये नकद बरामद हुए हैं। अनैतिक कार्य से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

### ऑन कॉल जाती थीं युवतियां

फ्लैट से हिरासत में ली गई युवतियों ने पुलिस को बताया कि उन्हें ऑन कॉल बुलाया जाता था। मोबाइल पर मैसेज आता था। जगह बताई जाती थी। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वह इस धंधे में हैं।

### सिकंदरा से बिचपुरी तक 50 होटल

बोदला, पश्चिमपुरी, शास्त्रीपुरम, कारगिल पेट्रोल पंप, सिकंदरा, आवास विकास से बिचपुरी तक 50 से अधिक अवैध होटल हैं। सराय एक्ट में पंजीकृत नहीं। घर, फ्लैट व दुकानों में संचालित हैं। देह व्यापार होता है। घंटे के हिसाब से कमरा मिलता है। इलाका पुलिस की मिलीभगत से ये संचालित हो रहे हैं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### ट्यूबवेल में नहाने गए तहसील के मुंशी की हुई मौत

**जन एक्सप्रेस/इंदिरापुरम।** कोतवाली क्षेत्र के कनावानी गांव में दोस्तों के साथ ट्यूबवेल में नहाने के दौरान तहसील के एक मुंशी की मौत हो गई। दोस्तों ने मामले की सूचना उनके परिवार को दी। सभी लोग गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। विजयनगर स्थित सिद्धार्थ विहार की कांशीराम आवास योजना में रहने वाले अशोक ने बताया कि उनके बड़े भाई मनोज कुमार (35) सदर तहसील में एक अधिवक्ता के पास मुंशी का काम देखते थे। वह रविवार दोपहर को अपने दोस्त अशोक, राजकुमार और अमित के साथ इंदिरापुरम के कनावनी स्थित एक ट्यूबवेल में नहाने गए थे। वहां कपड़े उतारने के दौरान अचानक वह गिर पड़े। दोस्तों ने मामले की सूचना तुरंत उनके भाई को दी। वह तीनों दोस्तों की मदद से अपने भाई को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इंदिरापुरम एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि मामले में परिवार की तरफ से कोई शिकायत नहीं मिली है।

### जुलाई से घरों में लगने लगेगा स्मार्ट मीटर

**जन एक्सप्रेस/गाजियाबाद।** ऊर्जा निगम जुलाई से घरों में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाएगा। टीएचए में सबसे पहले वसुंधरा, वैशाली, कौशांबी में कुल 58 हजार घरों व प्रतिष्ठानों पर स्मार्ट मीटर लगेंगे। निजी कंपनी के कर्मचारियों ने मीटर लगाने के लिए सर्वे का काम 70 फीसदी से अधिक कर लिया है। जून माह में यह सर्वे पूरा हो जाने के बाद जुलाई से स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू हो जाएगा। टीएचए में कुल 4 लाख 22 हजार उपभोक्ता है। इनमें 56 हजार व्यवसायिक उपभोक्ता शामिल हैं। ऊर्जा निगम सभी उपभोक्ता के घर और प्रतिष्ठान पर स्मार्ट मीटर लगाएगा। पहले चरण में वसुंधरा, वैशाली और कौशांबी में स्मार्ट मीटर लगाया जाएगा जो करीब तीन माह में काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके बाद दूसरे चरण में इंदिरापुरम और मोहननगर में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शुरू किया जाएगा। ऊर्जा निगम ऑनलाइन कंट्रोल रूम बनाने के लिए जमीन की तलाश कर रहा है। जमीन मिलने के बाद स्मार्ट मीटर के लिए कंट्रोल रूम बनाने का काम शुरू किया जाएगा।

### मोटो जीपी में फेयर स्ट्रीट स्पोर्ट्स ने 11 कंपनियों के 37 करोड़ दबाए

**जन एक्सप्रेस/नोएडा।** दुनिया के पसंदीदा खेलों में शुमार मोटो जीपी रेस का भारत में पहली बार आयोजन कराने वाली कंपनी फेयर स्ट्रीट स्पोर्ट्स ने पिछले वर्ष सितंबर में हुए आयोजन में शामिल 11 कंपनियों के 37 करोड़ रुपये दबा लिए हैं। इतना ही नहीं, अलग-अलग कामों में लगी कंपनियों के सामान भी गैर कानूनी तरीके से रखवा लिए थे। यह खुलासा जेवर विधायक की शिकायत पर यमुना प्राधिकरण की गठित टीम की जांच में हुआ है। प्राधिकरण की रिपोर्ट में मोटो जीपी रेस की व्यवस्था में लगी 11 कंपनियों का 37 करोड़ रुपए बकाया होने की बात सामने आई है। अब कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने के लिए प्राधिकरण शासन को रिपोर्ट भेजेगा। सितंबर 2023 में मोटो जीपी रेस के आयोजन के बाद बकाए को लेकर अलग-अलग कंपनियों के प्रतिनिधि प्राधिकरण पहुंचे थे। इसके बाद जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने प्राधिकरण और शासन को पत्र लिखकर जांच की मांग की थी। प्राधिकरण की टीम ने इस मामले में जांच पूरी कर अपनी रिपोर्ट तैयार की है। रिपोर्ट के अनुसार बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट के ट्रैक का 18 करोड़ रुपये किराया भी बकाया है। जेपी बिल्डर को ट्रैक का किराया नहीं दिया गया है। एगकोंन एक्यूपमेंट प्राइवेट लिमिटेड, शक्ति ग्रीन प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड, नवीन ट्रिमिक्स फ्लोरिंग, रवींद्र सिंह ट्रिमिक्स ने ट्रैक के रखरखाव को दो माह तक मशीनें किराये पर दी थीं, जिसका लगभग पांच करोड़ बकाया है। रेस के दौरान सुरक्षा संबंधी सेवाओं के लिए नेशनल डिटेक्टिव सिक्योरिटी एंड एलाइड मैनेजमेंट कंपनी से 22.49 लाख रुपए का एग्रीमेंट हुआ था।

### रोडवेज ने बच्चों के लिए शुरू की स्पेशल पिकनिक सेवा

**जन एक्सप्रेस/नोएडा।** स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश को देखते हुए रोडवेज ने बच्चों को तोहफा दिया है। प्रबंधन की ओर से बच्चों के लिए पिकनिक सेवा शुरू की गई है। चार जगहों के लिए 40 बसों को लगाया गया है। वहीं चार रूट तय किए गए हैं। चार रूटों में हरिद्वार, कोटद्वार, हल्द्वानी और मथुरा के लिए स्पेशल पिकनिक सेवा की शुरुआत की गई है। यह सेवा 30 जून तक जारी रहेगी। बसों का समय सुबह छह बजे से शाम के छह बजे तक रखा गया है। सुबह छह बजे से हर घंटे इन रूटों के लिए बसें डिपों से उपलब्ध हो जाएंगी। विभाग ने हरिद्वार जाने वालों के लिए 377 रुपये किराया रखा है। वहीं, कोटद्वार के लिए 345 रुपये, हल्द्वानी के लिए 406 रुपये और मथुरा के लिए 254 रुपये किराया निर्धारित किया गया है। एआरएम एनपी सिंह ने बताया कि बच्चों के लिए स्पेशल सेवा है हर घंटे बसें उपलब्ध रहेंगी। यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े इसका भी खास ख्याल रखा गया है।

# मनकामेश्वर फैक्टरी अग्निकांड: आई रिपोर्ट, फायर-कारखाना विभाग को नोटिस, फैक्टरी प्रबंधन पर दायर होगा परिवाद

**जन एक्सप्रेस | अलीगढ़**



अलीगढ़ में तालानगरी की लोहा गलाने वाली मनकामेश्वर फर्नेस फैक्टरी में हुए हादसे में चार मौतों की जिम्मेदारी कारखाना स्वामी, कारखाना विभाग और अग्निशमन विभाग पर तय हो रही है। जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर डीएम ने अग्निशमन व कारखाना विभाग के अधिकारियों से जवाब तलब करना तय किया है। वहीं, फैक्टरी प्रबंधन पर कारखाना अधिनियम के तहत परिवाद दर्ज कराना तय किया गया है। इस संबंध में श्रम विभाग को निर्देशित किया गया है। शहर के प्रमुख उद्योगपति दुर्गाबाड़ी निवासी बाबूलाल जैन की ताला नगरी सेक्टर दो प्लॉट नंबर 266 पर मनकामेश्वर स्टील्स प्राइवेट लिमिटेड यूनिट-द्वितीय के नाम से फर्नेस फैक्टरी है। जिसमें कबाड़ का लोहा गलाकर इंगट यानि लोहे की सिल्ली बनाई जाती हैं। 24 मई शाम करीब 6:35 बजे भट्ठी में लगे बॉयलर में गलाने के लिए स्क्रैप डाला गया था। इसी दौरान विस्फोट के साथ वहां आग लग गई। हादसे में जलने से अब तक चार मजदूरों की मौत हो गई, जबकि तीन का उपचार जारी है। इस मामले में डीएम स्तर से एडीएम सिटी की अगुवाई में फायर विभाग, कारखाना विभाग, यूपीएसआईडीसी, उद्योग आदि विभागों के अधिकारियों को शामिल कर जांच समिति बनाई गई। जांच समिति ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट डीएम को दे दी। जिसमें कारखाना विभाग द्वारा समय-समय पर जांच न किए जाने और फैक्टरी प्रबंधन द्वारा अकुशल कारीगरों से काम कराए जाने की लापरवाही उजागर की। साथ में फायर की स्थायी एनओसी न होने का उल्लेख किया। इस आधार पर 28 मई को डीएम स्तर से सभी विभागों के अधिकारियों से वार्ता की गई। इसके बाद रिपोर्ट का अध्ययन करते हुए फायर व कारखाना विभाग के अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब करना तय किया गया। इनसे पूछा जाएगा कि आज तक फायर की स्थायी एनओसी क्यों नहीं ली गई और कारखाना विभाग ने नियमित जांच क्यों नहीं की। अगर नियमित जांच होती तो शायद यह हादसा न होता। साथ में श्रम विभाग के जरिये फैक्टरी प्रबंधन व कारखाना विभाग के खिलाफ लापरवाही को लेकर अदालत में परिवाद दायर कराया जाना तय किया गया है। जिसमें मानक पूरे न होने के बावजूद फैक्टरी संचालन का आरोप शामिल किया जाएगा।

# अवैध ईंट भट्ठा संचालन: दोषी ठहराए गए तत्कालीन क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण, गिर सकती है गाज




**जन एक्सप्रेस | अलीगढ़**

अलीगढ़ के अतरौली क्षेत्र में बिना वैद्य अनुमति के संचालित हो रहे ईंट भट्ठे के संचालन में तत्कालीन क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की भूमिका संदिग्ध मिली है। आरोप है कि तथाकथित कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर ईंट भट्ठा संचालन की अनुमति दी। इस मामले में डीएम से हुई शिकायत के बाद एडीएम प्रशासन पंकज कुमार ने तत्कालीन क्षेत्रीय अधिकारी जयपाल सिंह को जांच में दोषी ठहराते हुए जांच रिपोर्ट दे दी है। शिवपुरी छर्रा निवासी संदीप कुमार ने वर्ष 2022 में आरोप लगाया कि श्रीराम ईंट उद्योग, छौगंवा सिरसा रोड, छर्रा तहसील अतरौली में अवैध तरीके से ईंट भट्ठे का संचालन किया जा रहा है। इस पर जांच टीम को मौके पर भेजकर भट्ठे को बंद करा दिया। कुछ दिनों बाद फिर की गई शिकायत में ईंट भट्ठे का संचालन होता मिला। जिस पर ईंट भट्ठे पर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति के रूप में 7,33,500 रुपये अधिरोपित कर दिया गया। इसी मामले में तत्कालीन क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जयपाल सिंह के खिलाफ संदीप कुमार ने पहले हाईकोर्ट में फिर कोर्ट के आदेश पर डीएम से शिकायत की। आरोप लगाया कि क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी ने श्रीराम ईंट भट्ठा उद्योग के संचालक से मिलीभगत कर गंगीरी ब्लॉक में संचालित सुकेश कुमार बीकेओ के ईंट भट्ठे को बंद दर्शाते हुए एनओसी जारी करते हुए भट्ठे का संचालन करा दिया। डीएम ने इसकी तहसील अतरौली के माध्यम से जांच कराई तो स्पष्ट हुआ कि दोनों ईंट भट्ठों की आपस में करीब आठ किलोमीटर की दूरी है। इतना ही नहीं जिला पंचायत द्वारा लाइसेंस एवं कर की वसूली की रसीद के साथ ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ द्वारा सहमति पत्र उपलब्ध कराया गया है। शिकायतकर्ता संदीप कुमार की शिकायत के बाद प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड ने अनुमति पत्र को वापस कर दिया। एडीएम प्रशासन पंकज कुमार ने बताया कि इस प्रकरण में जांच में साफ हुआ है कि तत्कालीन क्षेत्रीय अधिकारी जयपाल सिंह ने बिना गहनता से जांच किए तथाकथित कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर जल वायु की सहमति, अनुमति जारी कर दी गई। इसके लिए तत्कालीन क्षेत्रीय अधिकारी जयपाल सिंह प्रथमदृष्टया दोषी हैं। इस मामले में तत्कालीन क्षेत्रीय अधिकारी जयपाल सिंह से फोन पर संपर्क किया गया। उन्होंने बताया कि सीढ़ियों से गिर जाने से उन्हें सिर में चोट लगी है, इस कारण चिकित्सकों ने बात करने से मना कर दिया है। अपना पक्ष बाद में रखेंगे।

# जिला स्तरीय एंटी रैगिंग समिति में मीडिया और छात्र संगठन प्रतिनिधियों को भी मिलेगी जगह, होंगे नामित

**जन एक्सप्रेस | अलीगढ़**



रैगिंग की रोकथाम के लिए अलीगढ़ की जिला स्तरीय एंटी रैगिंग समिति का गठन किया गया। इस समिति में मीडिया और छात्र प्रतिनिधयों को स्थान नहीं मिलने पर छात्र संगठन और छात्र नेताओं ने विरोध दर्ज किया। समिति के अध्यक्ष जिलाधिकारी ने कमेटी में छात्र संगठन और मीडिया प्रतिनिधियों को भी नामित करने पर सहमति जाहिर की है। यूजीसी के सचिव मनीष आर जोशी ने स्कूल, कॉलेज, डिग्री कॉलेजों में होने वाली रैगिंग की रोकथाम के लिए जिला स्तरीय एंटी रैगिंग समिति गठित करने को कहा था। जिसमें जिलाधिकारी समिति के अध्यक्ष होंगे और विश्वविद्यालय, कॉलेज या संस्थान के प्रमुख, एसएसपी, एडीएम सचिव, स्थानीय मीडिया के प्रतिनिधि, युवा विकास कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से जुड़े एनजीओ के प्रतिनिधि, छात्र संगठनों के प्रतिनिधि को रखना था। 27 मई को अलीगढ़ की जिला स्तरीय एंटी रैगिंग समिति का गठन किया। इसमें जिला मजिस्ट्रेट को अध्यक्ष, एसएसपी, विश्वविद्यालय, कॉलेज या संस्थान के प्रमुख और युवा विकास कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से जुड़े एनजीओ के प्रतिनिधि, डीओ पीआरडी, जिला क्रीड़ा अधिकारी, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, अपर जिला नगर मजिस्ट्रेट को सदस्य सचिव नामित किया गया। इसमें छात्र संगठनों और स्थानीय मीडिया के प्रतिनिधियों को नहीं रखा गया। इस पर अमर उजाला ने प्राथमिकता से खबर प्रकाशित की। इस पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, महानगर ने मंगलवार को जिलाधिकारी के नाम एसीएम प्रथम विनीत कुमार को ज्ञापन दिया। जिसमें नए सिरे से समिति गठन करने की मांग की। इस दौरान महानगर सहमंत्री प्रशांत सिंह, आशुतोष यादव, चिराग भारद्वाज, हरेंद्र सिंह, जतिन आर्य, अभिमन्यु सिंह आदि मौजूद रहे।

### छात्र और मीडिया प्रतिनिधियों को मिलेगी समिति में जगह: डीएम

जिलाधिकारी व जिला स्तरीय रैंगिंग समिति के अध्यक्ष विशाख जी ने अमर उजाला को बताया कि समिति में नामित सदस्य भी होते हैं और शासकीय सदस्य भी। सभी शैक्षिक संस्थाओं, विश्वविद्यालयों से छात्रों के प्रतिनिधियों का विकल्प लेकर समिति में छात्रों के प्रतिनिधियों को नामित किया जाएगा। विशेषाधिकार में हम अन्य अधिकारियों को नामित कर सकते हैं। छात्रों से संबंधित किसी समिति में अगर शिक्षा से जुड़े अधिकारी जैसे क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी नामित हो जाए तो कोई बात नहीं है। अगर समिति से जुड़ा कोई और मामला है, तो मुझसे मिल सकते हैं, हम उस पर विचार करेंगे।

“ छात्र हितों की लड़ाई सदैव छात्र नेताओं ने लड़ी है। समिति का गठन आसंवैधानिक है। छात्रों के हित अहित और सशक्तिकरण के लिए एंटी रैगिंग समिति में छात्र प्रतिनिधियों और देश के चौथे स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकार जगत के बंधुओं का नाम न होना छात्र विरोधी मंशा को साफ जाहिर करता है।
–आकाश मसीह, जिलाध्यक्ष, एनएसयूआई, अलीगढ़

“ यूजीसी ने रैगिंग को रोकथाम को पारदर्शी तरीके से खत्म करने के लिए मीडिया और छात्र प्रतिनिधियों को भी इस समिति का सदस्य बनाने को कहा, लेकिन अलीगढ़ प्रशासन ने इन दो महत्त्वपूर्ण कड़ियों को रैगिंग दंडनीय अपराध को रोकने के लिए समिति में शामिल नहीं किया है। उन्हें शामिल करना चाहिए।
– अंकुर शर्मा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, एबीवीपी

“ जिला स्तरीय समिति में छात्र व मीडिया प्रतिनिधि को दूर रखा गया है। रैगिंग से परेशान छात्रों को निजात दिलाने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा समिति गठन करना सराहनीय कदम है। यूजीसी द्वारा जारी पत्र के अनुसार की इस समिति को गठन किया जाना चाहिए। –शैलेंद्र प्रजापति, महानगर मंत्री, एबीवीपी

“ जिन लोगों को जिला स्तरीय एंटी रैंगिंग कमेटी में रखा जाना चाहिए उनके स्थान पर दूसरे लोगों को रखा गया है। जिला प्रशासन ने अपने मनमाने तरीके से एंटी रैंगिंग कमेटी बनाई है। ऐसे लोग जिनका स्नातक शिक्षा और विद्यार्थियों से कोई संबंध नहीं है, फिर भी कमेटी में है। देश का चौथे स्तम्भ मीडिया को भी मिति से दरकिनार कर दिया। जिलाधिकारी कमेटी में उन्हीं लोगों को रखें, जो यूजीसी द्वारा निर्देशों में इंगित हैं। अन्यथा छात्र जिला प्रशासन के इस निर्णय के खिलाफ विरोध दर्ज कर शिकायत करेंगे। –बल्देव चौधरी, पूर्व प्रदेश मंत्री, एबीवीपी

“ जिला प्रशासन द्वारा एंटी रैंगिग समिति में छात्र प्रतिनिधि व मीडिया के लोगों को न रखने का निर्णय दुर्भाण्य पूर्ण है। जिला प्रशासन को समझना चाहिए कि ऐंटी रैगिंग कमेटी विद्यार्थियों के लिए है, तो उनके प्रतिनिधि के रूप में छात्र को शामिल करें। जिला प्रशासन अपनी मनमर्जी करेगा तो छात्र एक जुट होकर इसकी शिकायत शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार से करेंगे। –जय यादव ,छात्र नेता

# अष्ट सिद्धि नव निधि के दाता कष्ट हरेंगे सारा हो रहा जयकारा वीर बजरंगी का जयकारा

* बांसुरी नगरी पीलीभीत में जेठ के प्रथम मंगलवार को बड़ा मंगल की रही धूम
* जगह-जगह हुए श्री रामचरितमानस पाठ, सुंदरकांड, मीठे शरबत के प्याऊ, विशाल भंडारे
* राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार के जनसंपर्क कार्यालय पर श्रद्धालुओं को पिलाया गया मीठा शरबत






जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

बांसुरी नगरी पीलीभीत में जेठ माह के प्रथम मंगलवार को लाखों हनुमान भक्तों ने बड़ा मंगल महोत्सव धार्मिक अनुष्ठानों श्री रामचरितमानस पाठ सुंदरकांड भजन संकीर्तन विशाल भंडारा करके मनाया गया। राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार के टनकपुर रोड स्थित जनसंपर्क कार्यालय पर हनुमान भक्तों को मीठा शरबत वितरण किया गया।

चावला चौराहा स्थित पाकड़ नाथ पंचमुखी शिव हनुमान मंदिर, सक्टुमल की पकड़ के समीप स्थित पूराआनंदेश्वर शिव हनुमान मंदिर चौक बाजार स्थित गोपीनाथ राधा रमन मंदिर गांधी स्टेडियम रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर गौरी शंकर मंदिर ब्रह्मचारी घाट स्थित हनुमान मंदिर आदि हनुमान मंदिरों पर बड़ा मंगल महोत्सव धार्मिक अनुष्ठानों श्री रामचरितमानस पाठ सुंदरकांड भजन संकीर्तन जय श्री राम जय हनुमान के गगन भेदी जयकारों के साथ धूमधाम से मनाया गया। उल्लेखनीय है कि बांसुरी नगरी पीलीभीत में करीब चार दशक पूर्व मोहल्ला खैरुल्लाह शाह स्थित अपने छोटे से घर के आंगन में लोक निर्माण विभाग के सेवानिवृत खजांची विद्वान आध्यात्मिक कवि गृहस्थ संत स्वर्गीय पंडित देवेंद्र चंद्र त्रिवेदी एवं उनकी पत्नी उपभोक्ता भंडार की पूर्व अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष कवित्री स्वर्गीय श्रीमती सुषमा त्रिवेदी स्वर्गीय काशीनाथ बाजपेई ब्राह्मण कल्याण समिति के संस्थापक सहकारिता नेता स्वर्गीय रविंद्र चंद्र त्रिवेदी मजले स्वर्गीय संजय मिश्रा डॉ देवेंद्र नाथ मिश्रा छोटेलाल यादव पूर्व पालिका अध्यक्ष राजीव अग्रवाल टी.टी श्री ब्राह्मण सेवा समिति के संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष एवं रघुवीर चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष पत्रकार अधिवक्ता कवि पंडित अरुण भारद्वाज डॉक्टर सुभाष त्रिवेदी दया मित्र द्विवेदी उर्फ लल्ले स्वर्गीय विजय वाजपेई एडवोकेट स्वर्गीय परमानंद दीक्षित पत्रकार नीरज मिश्रा आदि द्वारा पीलीभीत में पहली बार बड़ा मंगल पर्व देवेंद्र चंद्र द्विवेदी के आवास पर मनाया गया। फिर अगले वर्ष पूरा आनंदेश्वर शिव हनुमान मंदिर पर बहुत बड़े पैमाने पर बड़ा मंगल महोत्सव धूमधाम से मनाया गया जिसमें कवि सम्मेलन मुशायरे में लखीमपुर की प्रख्यात कवित्री स्वर्गीय मधुमिता शुक्ला की रचनाएं सराहीं गई वही लखनऊ के वाहिद अली वाहिद की गजल अली की गली में बजरंगबली हैं श्रोताओं ने बहुत पसंद की। इस समारोह में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया इस वर्ष आज मंगलवार को जेठ के पहले मंगल पर मुख्य आयोजन पंचमुखी हनुमान चेरेटिबिल ट्रस्ट के वाणिज्यकर अधिवक्ता शिरीष सक्सेना के संयोजन में विशाल भंडारा शरबत प्याऊ दिन भर चलता रहा उधर संयुक्त बार एसोसिएशन अध्यक्ष पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी धीरेंद्र मिश्रा महा सचिव आनद मिश्रा पूर्व अध्यक्ष बाबूराम शर्मा पूर्व अध्यक्ष रामावतार रस्तोगी कोषाध्यक्ष अजय किशोर शर्मा उपाध्यक्ष सचिन मिश्रा राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार के पूर्व विधायक प्रतिनिधि अविनाश चंद्र मिश्रा पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अमित पाठक प्रख्यात बांसुरी वादक दिनेश यादव आदि के द्वारा मीठा शरबत वकीलों मुंशीयों में वितरण किया गया। चावला चौराहा स्थित पाकड़ नाथ हनुमान मंदिर पर रामचरितमानस का अखंड पाठ विशाल भंडारा प्रसाद वितरण किया गया। जिसमे मुख्य सहयोग पत्रकार मनोज पटेल नरेश जायसवाल करन वाल रिंकू राजीव त्रिवेदी विवेक त्रिवेदी प्रखर त्रिवेदी प्रसून शुक्ला गौरव मिश्रा प्रसून त्रिवेदी प्रेम सिंह उदित शुक्ला अनुराग जूली रामकुमार ऋषि राजपूत पत्रकार मुकेश कुमार, विनय यादव, राजकुमार कमलकांत शुक्ला सोनू सोनी मोनू श्रीमती संतोष भारद्वाज पुनीत भारद्वाज प्रियम भारद्वाज नितेंद्र मिश्रा लल्ला सुनील मिश्रा राज्य मंत्री के मीडिया प्रभारी ऋषि श्रीवास्तव कपिल शर्मा निक्की गुप्ता सुनीता सुमन शर्मा अनीता कविता मिश्रा अल्पना शुक्ला विनीत अग्रवाल शीलू दिलीप अग्रवाल गुड्डु दिलीप अग्रवाल विनीत अग्रवाल शीलू दिलीप अग्रवाल गुड्डु दिलीप गुड्डु प्रदीप अग्रवाल स्वाति त्रिवेदी आदि सैकड़ो हनुमान भक्तों ने धूमधाम के साथ बड़ा मंगल महोत्सव मनाया। उधर चौक बाजार स्थित लक्ष्मी नारायण देवी प्रसाद धाम स्थित खाटू श्याम मंदिर के हनुमान मंदिर में विशाल भंडारे पूजन अर्चन का आयोजन बड़ा मंगल महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमे सैकड़ो भक्तों ने भजन कीर्तन गाकर हनुमान जी का गुणगान किया।

## सभी ए0एन0एम0 अपने कार्यो एवं दायित्वों को ईमानदारी से करें : मुख्य चिकित्सा अधिकारी




जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

आज ए0एन0एम0 प्रशिक्षण केन्द्र, अमरिया में प्रथम वर्ष के प्रशिक्षणार्थी ए0एन0एम0 द्वारा ओथ टेकिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। प्रशिक्षणार्थी ए0एन0एम0 द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके बाद प्रशिक्षणार्थी ए0एन0एम0 द्वारा एक-एक कैंडिल जला कर शपथ ग्रहण की गयी। इस मुख्य अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सभी ए0एन0एम0 को अपने कार्यो एवं दायित्वों को ईमानदारी से करने के लिये प्रेरित किया तथा उनको सत्र पर आने वाले सभी लाभार्थियों की अच्छी प्रकार काउन्सलिंग के विषय में जानकारी प्रदान की, ए0एन0एम0 द्वारा धारण की जाने वाली सफेद ऐप्रिन के विषय में बताया कि उक्त ऐप्रिन शांति, सेवा एवं पवित्रता का प्रतीक है। उन्होंने अनुशासन को सफलता का मूल मंत्र बताया तथा किसी भी कार्य को एक योजनाबद्ध तरीके से करना चाहिए। प्रत्येक महिला एक जननी है जिसके स्वास्थ्य का हमें ध्यान रखना चाहिए। नर्सिंग सेवा एवं पवित्रता का संगम है। कार्यक्रम के अन्त में ए0एन0एम0 द्वारा वी0एच0एन0डी0 सत्र का एक रोल प्ले किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ0 आलोक कुमार, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 एस0के0सिंह, प्रशिक्षक स्वाती शर्मा, रूबी गंगवार एवं प्रमोद गंगवार, जिला सलाहकार आर0के0एस0के0 अवसार अहमद के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

### रिजर्व ईवीएम मशीन के वाहन को रोकने व सरकारी काम में बाधा डालने पर सपा समर्थकों को पड़ा भरी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। सरायख्वाजा वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में लोक सभा चुनाव संपन्न होने के बाद मतदान पेटीका जमा करने की प्रक्रिया शनिवार शाम 6 बजे पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में बनाए गए स्ट्रांग रूम में शुरू की गई थी। इसी दौरान एक डीसीएम पर अतिरिक्त ईवीएम लदे होने की खबर से समाजवादी पार्टी के समर्थकों में आक्रोश उतपन्न हो गया था समर्थकों ने ईवीएम के साथ छेड़छाड़ और बदलने के आरोप में शनिवार रात हंगामा किया था। पुलिस प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए 50 अज्ञात और दो नामजद के खिलाफ रिजर्व ईवीएम मशीन के वाहन को रोकने व सरकारी काम में बाधा डालने बाधा डालने पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई में जुट गई है।थानाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मतदान पेटिका जमा करने की प्रक्रिया के दौरान समर्थकों द्वारा सरकारी काम में अवरोध उत्पन्न करने के आरोप में मुकदमा पंजीकृत किया गया है कार्रवाई की जा रही है।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना स्थल पर पहुंचकर लिया जायजा



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना सकुशल एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने आज मण्डी परिसर स्थित मतगणना स्थल पर पहुंचकर चल रही तैयारियों का मौके पर जायजा लिया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतगणना हेतु च वैरिकेंटिग की व्यवस्था को देखा और सुरक्षा व्यवस्था से सम्बन्धित आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। मतगणना 04 जून को सुबह से प्रारम्भ की जानी है, इस सम्बन्ध में सभी तैयारिया पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतगणना के दिन अधिकारियों के बैठने की व्यवस्था, कन्ट्रोल रूम सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही साथ जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा स्ट्रांगरूम की सुरक्षा व्यवस्था में लगे सुरक्षा कर्मियों से बातचीत कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर सहित अन्य उपस्थित रहे।

# पति ने पत्नी पर चाकू से किया प्राण घातक हमला, हालात गम्भीर, आरोपी फरार

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जफराबाद थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में सोमवार की रात को एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी पर प्राण घातक हमला कर दिया।घायल महिला को पुलिस ने उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया।

उक्त गांव के निषाद बस्ती निवासी जितेंद कुमार निषाद की शादी वर्ष 2010 में बक्सा क्षेत्र के खमपुर गांव निवासी बसन्त लाल निषाद की पुत्री सविता निषाद से हुई थी। दोनो के एक पुत्री साक्षी निषाद 9 वर्ष तथा पुत्र अनमोल 5 वर्ष है। शादी के कुछ दिन बाद से ही जितेंद पत्नी को मारता पीटता था। कई बार दोनों पक्षों में इसी बात को लेकर पंचायत भी हुई। पंचायत के बाद कुछ दिन दोनो में मामला ठीक ठाक रहता। उसके बाद जितेंद पत्नी से मारपीट करने लगता। डेढ़ वर्ष पूर्व पत्नी मायके चली गयी।उसने पति पर दहेज मांगने तथा मारपीट करने का मुकदमा दर्ज करवाया था। उसी मामले में सोमवार को कोर्ट में दोनो की पेशी थी। न्यायाधीश ने दोनो को समझाबुझाकर दो दिन एक साथ रहकर मामले को सौहार्दपूर्ण ढंग से निर्णय लेने का आदेश दिया।कोर्ट के आदेश के बाद सविता सोमवार की शाम को अपने भाई के साथ ससुराल आ गयी।रात को खाना खा कर वह सोई थी कि सविता के शोर मचाने की आवाज आने लगी।घर तथा आसपास के लोग मौके ओर पहुंच गए।वहां देखा तो सविता के पति जितेंद ने सविता के गले,हाथ तथा शरीर के अन्य हिस्सों में चाकू से हमला करके गम्भीररूप से घायल कर चुका था। सविता खून से लथपथ पड़ी तड़प रही थी।लोगो ने 112 डायल पर फोन करके पुलिस को सूचना दिया। मामले की गम्भीरता देखते हुए 112 डायल पुलिस ने थानाप्रभारी सुरेन्द्र नाथ सिंह को घटना की जानकारी दिया। सूचना मिलते ही थानाप्रभारी सुरेन्द्र नाथ सिंह तत्काल मय फोर्स मौके पर पहुंच गए। वहां पहुंचकर सविता को जिला चिकित्सालय भिजवाया। आरोपी पति मौके से फरार हो गया। थानाप्रभारी ने बताया कि सविता के भाई सुरेश की तहरीर पर आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया गया। उसको गिरफ्तार करने के लिए टीम बनाई गई है।

## डॉक्टर से मारपीट करने के आरोप मे पांच के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के बिठुआकलां में डॉक्टर से मार-पीट करने के आरोप में पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। बताते चले कि तेजी बाजार थाना क्षेत्र के सरौली गांव निवासी दिलीप पुत्र राजकुमार ने पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि वह पेशे से डाक्टर है।

जो बिठुआकलां में मेडिकल स्टोर चलाता है।

दोपहर में वह अपने मेडिकल स्टोर पर सो रहे थे कि विठुआकलां गांव निवासी नेता पुत्र पृथ्वीपाल ने चार अज्ञात लोगों के साथ लाठी डन्डा लेकर आये और मारने पीटने लगे। हल्ला व शोर सुनकर बगल के दूकानदारों ने बीच बचाव करने पहुंचे तो लोग उन्हें भी गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी दी। फिलहाल कोतवाली पुलिस पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर एक नामजद तथा चार अज्ञात लोगों के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज विधिक कार्यवाही में जुटी है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### लो वोल्टेज को लेकर नगर व ग्रामीण अंचलों में मचा हाहाकार भीषण गर्मी से लोग परेशान

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर। जनपद में ही नहीं नगर व ग्रामीण अंचलों में लो वोल्टेज को लेकर ग्रामीण काफी परेशान है इस मामले को लेकर किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष हरिओम चौहान ने इस मामले की शिकायत विद्युत उपमंडलीय अभियंता बीसलपुर से शिकायत कर विद्युत व्यवस्था ठीक कराए जाने की मांग की है दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि लो वोल्टेज के कारण विद्युत चलित उपकरण सभी ठप्प पड़े हैं तथा भीषण गर्मी के चलते लोगों को ठंड से राहत नहीं मिल रही है तथा लोग काफी परेशान हैं नगर में विद्युत व्यवस्था लचर होने के कारण विद्युत चलित उपकरण सभी कपड़े हैं तथा ग्रामीण अंचलों में विद्युत समय से नहीं आ रही है जबकि दोपहर में विद्युत कटौती की जा रही है जिसको लेकर जागरूक नागरिकों ने विद्युत व्यवस्था ठीक कराया जाने की मांग की हैं।

### बरखेड़ा में चल रहे अवैध क्लीनिक पर हो रहा भ्रूण हत्या का खेल

जन एक्सप्रेस । बरखेड़ा। कस्बा के सन लाइफ केयर हेल्थ सेंटर पर स्वास्थ्य महकमा ने नोटिस चस्पा किया और दो दिन के भीतर जबाव देने के कहा है।वही स्वास्थ्य विभाग कार्यवाही की तैयारी लगा है।सूत्रो के मुताबिक लिंग की जांच और भ्रूण हत्या का चल रहा था खेल।

वही कस्बे लोगो ने नाम न छापने की शर्त पर बताया है अभी कस्बे मे आधा दर्जन ऐसी क्लीनिक चल रही जिसमे भ्रूण हत्या का खेल चल जबरदस्त चल रहा है स्वास्थ्य विभाग गोपनीय जांच मे जुटा।

### सिद्ध ब्रह्मदेव बालाजी मंदिर में हुआ भजन कीर्तन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत। आज बड़े मंगल के अवसर पर श्री बालाजी सिद्ध ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार के महंत एवं सभासद सेवक विशाल द्वारा हवन कीर्तन करते हुए सैकड़ो श्रद्धालुओं के बीच बाबा के मधुर मधुर भजन गाकर श्री बालाजी महाराज का गुणगान किया गया इसी के साथ सैकड़ो की भीड़ उपस्थित रही वहीं सभी ने बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया एवं हनुमान चालीसा का पाठ कर सभी को प्रसाद वितरण किया गया।

### अंतरराष्ट्रीय महामारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर महामारी से संबंधित दी जानकारी

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अमरिया में अंतर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा उपस्थित समस्त किशोरियों को माहवारी से सम्बन्धित सभी जानकारी व सेनेटरी नैपकिन पैड के उपयोग एवं निस्तारीकरण के बारे में बताया गया एवं समाज में फैली विभिन्न प्रकार की भ्रान्तियों के विषय में चर्चा की गई। जनपद के समस्त चिकित्सा इकाइयों पर महावारी स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एस.के.सिंह, आर.के.एस.के. जिला सलाहकार अबसार अहमद एवं साथिया केन्द्र काउन्सलर उपस्थित रहे।




## संदिग्ध परिस्थिति में 33 वर्षीय युवक की मौत

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के गिरधरपुर मोड़ के समीप मंगलवार सुबह संदिग्ध परिस्थित में एक 33 वर्षीय युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने शिनाख्त के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार औरही गांव का निवासी चंद्रशेखर 33 वर्ष परिवार के जीविकोपार्जन के लिए जौनपुर शहर में जाकर मजदूरी का काम करता था। रोज की तरह सोमवार सुबह वह घर से खाना पीना खाकर काम की तलाश में शहर के लिए गया हुआ था। देर शाम हो जाने के बाद भी वह घर नहीं लौटा मंगलवार सुबह परिजनों को किसी ने सूचना दी की एक व्यक्ति का सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के गिरधरपुर मोड़ के पास पड़ा हुआ है। परिजनों ने जाकर देखा तो युवक की पहचान चंद्रशेखर के रूप में हुई शव को देखते ही परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। परिजनों ने इसकी सूचना सरायख्वाजा थाना पुलिस को दी, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया थानाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# भगवान कृष्ण के बाल रूप का सुंदर चित्रण पर झूमे श्रोता

* भागवत कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




बदलापुर क्षेत्र के औंका गांव में आयोजित भागवत कथा के पांचवे दिन मंगलवार को कथा वाचक डा0 वृजेशं शुक्ल शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा की गई माखन चोरी की कथा सुनाई। भागवत कथा को सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमा हुई। कथा के बीच-बीच में महिला श्रद्धालुओं द्वारा नृत्य कर भक्तिभाव प्रकट किया गया। मुख्य यजमान पंडित राजेन्द्र नाथ शर्मा व उनकी धर्म पत्नी शान्ति देवी ने लीलाधर भगवान श्रीकृष्ण की आरती उतारी। आयोजक डा0 रामकृपाल शर्मा नें श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनमें प्रसाद वितरण किया।

कथा वाचक शास्त्री नें श्रीकृष्ण की माखन चोरी की लीला का वर्णन करते हुए कहा कि जब श्रीकृष्ण भगवान पहली बार घर से बाहर निकले तो उनकी बृज से बाहर मित्र मंडली बन गई। सभी मित्र मिलकर रोजाना माखन चोरी करने जाते थे। सब बैठकर पहले योजना बनाते किस गोपी के घर माखन की चोरी करनी है। श्रीकृष्ण माखन लेकर बाहर आ जाते और सभी मित्रों के साथ बांटकर खाते थे।

माखन चोरी की लीला का बखान करते हुए उन्होंने भगवान कृष्ण के बाल रूप का सुंदर प्रकार से वर्णन किया।

इस दौरान श्रद्धालुओं ने नृत्य कर अपना भक्तिभाव प्रकट किया।

भागवत कथा में पूतना बंध तथा माखन चारी की लाला के बाद गोवर्धन पूजा का प्रसंग चला। कथा वाचक ने बताया कि गोवर्धन का अर्थ है गौ संवर्धन। भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत मात्र

इसीलिए उठाया था कि पृथ्वी पर फैली बुराइयों का अंत केवल प्रकृति एवं गौ संवर्धन से ही हो सकता है। इस मौके पर जनार्दन शर्मा, पूर्व प्रधान विनोद शर्मा, हरी लाल शर्मा, प्रेम शर्मा, मार्कण्डेय सिंह, दीपराज सिंह, कैलाश शर्मा, दिलीप, भानुप्रताप शर्मा आदि लोग मौजूद थे।

# धोखाधड़ी के मामले में ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर




मिर्जापुर। धोखाधड़ी के आरोपी ठेकेदार के खिलाफ शहर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता सुनील दत्त ने सीजेएम कोर्ट से आदेश कराकर मुकदमा दर्ज कराया है। मुकदमा दर्ज कर शहर कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

कोन ब्लॉक में मल्लेपुर यादवपुर संपर्क मार्ग तथा टेढ़वां में चिंदलिख संपर्क मार्ग के निर्माण के मामले में कोर्ट के आदेश पर एक और मुकदमा दर्ज हुआ है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता सुनील दत्त ने कोर्ट में वाद दाखिल कर बताया कि ठेकेदार आशुतोष सिंह चौहान के पक्ष में अनुबंध सृजित किया गया। ठेकेदार द्वारा आर्यावर्त बैंक, बंधन बैंक के एफडीआर को जमानत धनराशि के रूप में बंधक रखा। अनुबंधित काम पूरे होने के बाद बरसात के मौसम में सड़क क्षतिग्रस्त होने पर मरम्मत के लिए आदेश दिया गया। कार्य मानक के अनुरूप नहीं किए जाने पर धनराशि जब्त करने के लिए बैंक को पत्र लिखा गया। बैंक से आख्या मिलने पर पता चला कि जमा की गई एफडीआर कूटरचित है। जो एफडीआर बंधक के रूप में दी गई है वह कूटरचित है और उसे संबंधित बैंक द्वारा जारी नहीं किया गया है। न्यायालय को बताया कि आशुतोष सिंह चौहान के पिता कृष्ण प्रताप सिंह आर्यावर्त बैंक में शाखा प्रबंधक रहे। जिनके प्रभाव और सहयोग से कूटरचित तथा जालसाजी पूर्ण एफडीआर सृजित कर सत्यापन कराकर उसका उपयोग किया गया। इस मामले में शहर कोतवाली के बाद पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की गई, परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। कोर्ट ने शहर कोतवाली पुलिस को ठेकेदार आशुतोष सिंह चौहान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया। शहर कोतवाल बाल मुकुंद ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## ट्रक में सो रहे खलासी की मौत, चालक शव लेकर पहुंचा थाने

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर

लालगंज। सोमवार को भोर में आंध्र प्रदेश निवासी ट्रक चालक खलासी का शव लेकर लालगंज थाने पहुंच गया। ट्रक चालक ने बताया कि सो रहे चालक को उठाने की कोशिश की तो वह मृत अवस्था में पड़ा मिला। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना दी।

आंध्र प्रदेश से कच्चा नारियल लेकर ट्रक चालक ईश्वर अप्पा (50) बिहार के सासाराम जा रहा था। उसके साथ उसी के गांव का एक खलासी था। दोनों मध्य प्रदेश के रास्ते में कहीं खाना खाकर हनुमना से आगे उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले के लालगंज अतरैला टोल प्लाजा के पास पहुंचे। ट्रक चालक टोल प्लाजा पर खलासी को किसी काम से जगाने लगा। प्रयास के बाद भी जब नहीं उठा तो वह घबराकर टोल प्लाजा पर मौजूद कर्मचारियों को बुलाकर जगाने लिए कहने लगा। टोल प्लाजा पर कुछ लोगों ने देखा तो पता चला उसकी मौत हो गई है। इसके बाद ट्रक चालक घबरा गया। उसने इसकी सूचना ट्रक मालिक को दी। ट्रक मालिक ने चालक से कहा कि पास के थाने में ले जाकर पुलिस को सूचना दो।

# बिल्हौर के बाबा इब्राहिम शहीद नौगजा पीर मेले में जाने के रास्ते में गंदगी अंबार, परिसर में रेत ही रेत

*** दुकानदारों से रू 200 वर्ग फुट जमीन , रू100 बल्ब प्रतिदिन के हिसाब से लिया जा रहा है**

जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह



**बिल्हौर।** बिल्हौर के बाबा इब्राहिम शहीद नौगजा पीर मेले में दुकानदारों से रू200 फुट के हिसाब से दुकानों से किराया वसूला जा रहा है। छोटी सी दुकान भी 10 फुट में लगी हुई है। लगभग 500 दुकान मेले में लगी हुई है प्रत्येक दुकानदार मिनिमम रू2000 से लेकर रू 4000 तक भुगतान वसूला जा चुका है ना कोई रसीद दी गई है केवल एक कॉपी में नाम जरुर लिखा है और रू 100 दिन के हिसाब से लाइट के एक बल्ब का इसके बाद भी दुकानों के बीच में इतनी धूल उड़ रही है कि वहां खड़ा होना मुश्किल है जहां पर महिलाएं और बच्चे खरीदारी करते हैं जबकि मैदान में काफी जगह होने के बाद भी बहुत गलियों में जगह कम है जिससे अगर भगदड़ मच जाए तो बड़ी अनहोनी हो सकती है वहीं पर मेला कमेटी के सदस्यों ने बताया कि किसी से कोई पैसा वसूल नहीं जा रहा है । समाजसेवी अजयकांत वाजपेई ने बताया कि अंधाधुन्ध पैसा वसूली हो रही है वहीं पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है मेला के मुख्य गेट पर इस समय भी कूड़ा जमा हुआ है सड़कों पर कहीं पर भी पानी का छिड़काव नहीं हुआ है। मेले में लगभग 500 से 1000 दुकान लगी हुई है जबकि पिछले वर्ष मेले में बीआरडी इंटर कॉलेज के गेट से लेकर मेला तक दोनों तरफ लाइट की व्यवस्था थी प्रतिदिन दो बार सड़कों पर पानी का छिड़काव होता था नगर पालिका के अध्यक्ष एक लाख कहां से फोन पर दो बार आग्रह कर चुके हैं उन्होंने कहा छिड़काव कराया जाएगा लेकिन 2 दिन बीत गए हैं अभी भी कोई भी छिड़काव नहीं हुआ है मेला कमेटी के लोग नगर पालिका पर ठीकरा फोड़ते हैं।

# धन के बूते चल रहा खनन का 'खेल'




**पोल खोल रही घूस की रेट लिस्ट**

खनन कराने वालों की लिस्ट विभागों की मिलीभगत की पोल खोल रही है। एक डंपर मिट्टी की कीमत 4500 से 5000 रुपये तक है। इसमें खनन कराने वाला 1000 रुपये लेता है। जबकि क्षेत्रीय थाना पुलिस, राजस्व विभाग और खनन विभाग की 500-500 रुपये हिस्सेदारी होती है। इसी तरह 750 रुपये में बिकने वाली एक ट्राली मिट्टी के लिए पुलिस और खनन विभाग को 50-50 रुपये और राजस्व विभाग को 100 रुपये हिस्सा जाता है। रात भर मिट्टी से ओवरलोड डंफर निकलते रहते है। और उनको सुरक्षित निकलवाने के लिए खननकर्ता अपनी अपनी चेक प्वाइंट पर तैनात रहते है। सारा खेल सभी की मिलीभगत से चल रहा है और धरती का सीना छलनी किया जा रहा है।

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

जिले में मिट्टी खनन का धंधा रुपये के बल पर चल रहा है। खनन रोकने के लिए जिस विभाग की जितनी ज्यादा जिम्मेदारी है उसकी उतनी हिस्सेदारी तय की गई है। प्रति डंपर रकम तय होने के बाद खनन का 'खेल' शुरू होता है। इस अवैध कारोबार से जुड़े लोग बताते हैं कि तयशुदा हिस्सा पूरी ईमानदारी के साथ अफसरों तक पहुंचा दिया जाता है। जिले में धड़ल्ले से चल रहा अवैध खनन काली कमाई की देन है। इस अवैध धंधे से जुड़े लोग बताते हैं कि खनन रोकने के लिए जिस विभाग की जितनी जिम्मेदारी है उसकी उतनी ही ज्यादा रकम की हिस्सेदारी बनती है। जानकार बताते हैं कि इस समय एक डंपर मिट्टी की कीमत लगभग 5000 रुपये है। इसमें करीब 2500 रुपये खनन कराने वाले लोगों, स्थानीय पुलिस, राजस्व और खनन विभाग को हिस्सेदारी देने में चला जाता है। इसी तरह 750 रुपये में बिकने वाली एक ट्राली मिट्टी के लिए 200 रुपये खनन कराने वालों और विभागों को हिस्सा देने में जाता है। जानकार बताते हैं कि खनन के इस काले कारोबार में पुलिस से लेकर अफसरों तक के हाथ काले हैं। मोटी कमाई और नेताओं की सरपरस्ती का ही नतीजा है कि जिले में खुलेआम अवैध खनन हो रहा है। न पुलिस को नजर आ रहा है और ना ही इस पर रोक लगाने वाले अफसरों को।

# बिल्हौर बिजली की अघोषित कटौती से ग्रामीण किसान परेशान

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में बिजली की किल्लत से मक्का और सब्जी की फैसले हो रही है चौपट अधिकारी सिर्फ बहाने बाजी कर पल्ला झाड़ लेता है बिल्हौर के कमसान फीडर के बारे में अधिकारी ओवरलोड का रोना रोते हैं जबकि चुनाव के समय में 16 से 18 घंटे तक ग्रामीण क्षेत्र में लाइट आ रही थी इन दिनों बडा मुश्किल 4 घंटे से 6 घंटे रात में और एक से दो घंटे दिन में आ रही है ग्रामीण अंचलों में अघोषित विद्युत कटौती के कारण बिजली न आने से भीषण गर्मी में लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत कटौती का कोई समय निर्धारित नहीं है, बिजली कब आती है और कब चली जाए इसका भरोसा नहीं है। कमसान फीडर के लगभग 275 बिजली के ट्यूबवेल लगे हुए हैं जिससे मक्का की फसल की सिंचाई सुचारू रूप से होती है लेकिन लोगों ने कई बार मांग की है कि विद्युत कटौती का समय निर्धारित किया जाए, लेकिन आज तक इस ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया जिससे लोगों में भारी रोष व्याप्त है। विद्युत कटौती के चलते जनमानस कराह उठा है। बिजली की अव्यवस्था से सबसे ज्यादा बुजुर्ग और बच्चे परेशान हैं, उनकी रातों की नींद हराम है साथ ही किसान तबके के लोग ज्यादा चिंतित हो रहें हैं बिजली की कटौती को लेकर जिला प्रशासन और विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों की अनदेखी चिंता का विषय है क्योंकि बिजली की किल्लत के साथ-साथ पीने के पानी की भी समस्या उत्पन्न हो जाती है और लोगों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। विद्युत उपभोक्ताओं ने मांग की है कि शीघ्र ही बिजली कटौती का समय निर्धारित किया जाए जिससे लोगों को इस परेशानी से छुटकारा मिल सके वहीं माखन पुरवा, तरऊपुरवा, राम पाटी, चकत्ता पुर्वा, पातिन निवादा , टिकरिया, अलौलापुर, बारामऊ ,राजेपुर आदि गांवों के किसानों की मक्का की फसलें बिना पानी के सूख रही है किसानों ने बताया कि अगर 10 दिन लाइट ठीक बनी रहे तो मक्का की फसल बेदाग तैयार हो जाएगी और बिजली न आना ग्रामीणों के लिए रोज़मर्रा के जीवन पर सीधा असर पड़ रहा है। एसडीओ हाइडिल ने बताया कि जेई से फोन पर वार्ता हो गई है सुधार होगा।

# घर के अंदर फंदे से लटका मिला युवती का शव

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

**गुरसहायगंज।** घर के अंदर कमरे में रविवार रात युवती ने फंदा लगाकर जान दे दी। पिता ने मोहल्ले के एक युवक पर आरोप लगाते हुए प्रेम प्रसंग में फंसाकर शादी से इन्कार करने के चलते बेटी के जान देने की बात कही। पुलिस जांच कर रही है। गुरसहायगंज कस्बा के मोहल्ला पठान निवासी अन्नू (18) पुत्री आरिफ का शव सोमवार सुबह फंदे से लटका मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पिता आरिफ ने आरोप लगाया कि एक युवक ने बेटी को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया था। जब बेटी ने युवक से शादी करने की बात कही तो उसने इन्कार कर दिया। इसी बात से परेशान होकर बेटी ने फांसी लगाकर जान दे दी। कोतवाल जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर मिली है, जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बिल्हौर के नौगजा पीर में सजावट और सुरक्षा के इंतजाम चाक चौबंद रहे

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



बिल्हौर नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन और शिक्षक नूर इदरीसी नें हज़रत बाबा इबराहीम शहीद - के उर्स में महफिल ऐ क़ववाली का उद्घाटन करते हुये कहीं। नूर इदरीसी नें बताया की बचपन से हीं उन्होंने नौगज़ा पीर की मज़ार पर हिन्दू और मुस्लिम को अक़ीदत का जो नज़राना पेश करते देखा उसका उनके जीवन पर बहुत प्रभाव पड़ा और उन्होंने नगर में साम्प्रदायिक एकता के प्रयास किये। बिल्हौर नगर की हिंदू मुस्लिम एकता पूरे प्रदेश में एक मिसाल बनी। उन्होंने बाबा नौगज़ा पीर से सबकी मनोकामना पूरी करने की दुआ मांगी।और प्रशासन की भूरि भूरि प्रशंसा की इसके पहले उर्स कमेटी के सदर महबूब खां, सचिव प्यारे खां, फुरकान खान, बड़े नन्हाँ, रीशू खाँ, पूर्व सभासाद राजा खां,अरशद मास्टर, ताहिर खाँ, चाँद खां, रियाज़ खाँ मन्ना सभासद आदि ने बड़ी संख्या में नूर इदरीसी को माल्यार्पण किया। इस साल मेले का स्वरूप बहुत हीं आकर्षक है। बड़ी संख्या में दुकानों और मनोरंजन के साधनों नें मेले को स्वप्न लोक सा बना दिया है। उदघाटन के बाद फैज़ाबाद- अयोध्या के नौजवान क़व्वाल साकिब अली साबरी और बेंगलोर के मशहूर कव्वाल सलीम जावेद के बीच हर रंग की क़व्वाली का मुक़ाबला पूरी रात चला।

# 25 बकरियां चोरी कर फरार हुए कार सवार बदमाश

**गुरसहायगंज।** कार सवार बदमाशों ने दो दर्जन से अधिक बकरियां चोरी कर ली और फरार हो गए। आहट पाकर जागे ग्रामीणों ने बदमाशों का पीछा किया, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग सका। बकरियों की कीमत करीब तीन लाख रुपये बताई जा रही है। गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ऊंचा निवासी प्रहलाद पाल बकरी पालन का काम करते हैं। उनके पास करीब 40 बकरियां हैं। रात में बकरियों को गांव के ही प्राइमरी स्कूल के निकट एक अहाते में बंद कर मुख्य गेट पर ताला लगा देते हैं। प्रहलाद पाल ने बताया कि रविवार रात करीब एक बजे दो कारों पर सवार बदमाशों ने अहाते का ताला तोड़ा और 25 बकरियों को कार में भर लिया। इस दौरान खटपट की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण जाग गए, जिन्होंने घटना की जानकारी दी। जब ग्रामीण मौके पर एकत्र होने लगे तो बदमाश 25 बकरियों को लेकर तिर्वा की ओर भाग गए। ग्रामीणों ने काफी दूर तक बदमाशों का पीछा किया, लेकिन उन्हें पकड़ नहीं पाए। प्रहलाद पाल ने बताया कि ग्रामीणों के जाग जाने पर बदमाश 15 बकरियों को छोड़ गए। चोरी गई बकरियों की कीमत करीब तीन लाख रुपये है।

# इलाज में लापरवाही से बच्ची की मौत

## पिता ने डॉक्टरों पर लगाया लापरवाही का आरोप, सीएमएस ने गठित की जांच कमेटी



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

कन्नौज जिला अस्पताल के वार्ड में भर्ती बच्ची की सोमवार तड़के इलाज के दौरान मौत हो गई। पिता ने डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। बच्ची की मौत की जांच के लिए अस्पताल प्रशासन ने दो सदस्यीय टीम गठित की है। हरदोई के मल्लावां कोतवाली के राघौपुर कस्बा निवासी विनोद की बेटी रुचि (8) का खेलते समय पैर टूट गया था। विनोद ने 22 मई को जिला अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ को बेटी को दिखाया था, जहां पर डॉक्टर ने प्लास्टर कराने की सलाह दी गई।

> परिजनों ने प्लास्टर को काट दिया था। रविवार दोपहर परिजन उसे लेकर आए तो पैर में छाले व सूजन थी, जिस पर बच्ची को भर्ती कर लिया गया था। मामले की जांच के लिए दो सदस्यीय टीम गठित कर दी गई है।
> -डॉ. शक्ति बसु, सीएमएस

**दिक्कत बढ़ने पर लेकर पहुंचे थे अस्पताल**

इसके बाद स्वास्थ्य कर्मियों ने प्लास्टर चढ़ा दिया था और डॉक्टर ने दो दिन बाद बेटी को दिखाने के लिए कहा। इस बीच बेटी के पैर में दर्द बढ़ गया और विनोद ने गांव में ही प्लास्टर कटवा दिया। रविवार को दिक्कत बढ़ने पर विनोद बेटी को लेकर जिला अस्पताल पहुंचा।

**न तो डॉक्टर मिले और न ही कोई स्वास्थ्य कर्मी**

इमरजेंसी के डॉक्टर ने बच्ची को भर्ती कर इलाज शुरू करा दिया। रात करीब नौ बजे रुचि को स्वास्थ्य कर्मियों ने हड्डी वार्ड में शिफ्ट कर दिया। विनोद ने बताया कि करीब दो बजे बेटी दर्द से तड़पने लगी। अस्पताल में न तो डॉक्टर मिले और न ही कोई स्वास्थ्य कर्मी।

**पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया**

सुबह करीब चार बजे बेटी ने दम तोड़ दिया। परिजनो में कोहराम मच गया। शोरगुल सुनकर अस्पताल चौकी प्रभारी राधा मोहन शर्मा मौके पर पहुंचे। विनोद ने डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाया, लेकिन पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया। परिजन शव लेकर चले गए।

# भ्रष्ट अफसर न सुधरे तो व्यापारी करेंगे उनका मुंह काला






जन एक्सप्रेस । कन्नौज

जिले के छिबरामऊ कस्बे में व्यापारी प्रेरणा दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां व्यापारियों की समस्याओं पर विचार-विमर्श हुआ। संगठन के पदाधिकरियों ने कहा कि अफसरों द्वारा लगातार व्यापारियों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। चेतावनी के बाद भी यदि अफसरों ने अपनी कार्यशैली में बदलाव नहीं किया तो संगठन के लोग ऐसे अफसरों का मुंह काला करने का अभियान शुरू करेंगे। छिबरामऊ नगर के सुभाष अकेडमी में हरिश्चन्द्र अग्रवाल की पुण्य तिथि को व्यापारी प्रेरणा दिवस में रूप में मनाया गया। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के आवाहन पर आयोजित इस कार्यक्रम में व्यापारियों के हितों और समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। यहां बताया गया कि जीएसटी विभाग, आयकर विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, खाद्य सुरक्षा विभाग, श्रम प्रवर्तन विभाग, जिला उद्योग केंद्र, खादी ग्रामोद्योग, कांटा बांट माप विभाग, बिजली विभाग के अलावा जनपदीय प्रशासनिक कार्यालयों समेत तहसीलों में घोर भ्रष्टाचार व्याप्त है। इन विभागों के अफसरों और कर्मचारियों द्वारा व्यापारियों का आर्थिक शोषण किया जाता है। यहां व्यापारी नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसे भ्रष्ट अफसर अपनी कार्यशैली में सुधार करें, अन्यथा ऐसे अफसरों के खिलाफ मुंह काला करो अभियान शुरू करना पड़ेगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अनिल गुप्ता, राजीव दुबे, नरेश वर्मा, रामानंद वर्मा, राजेश सक्सेना, नेमीचंद राठौर, विनीत वर्मा, सुभाष चन्द्र दुबे, दिलीप गुप्ता, भास्कर चतुर्वेदी, कुलदीप वर्मा, शोभा दुबे, शालिनी चौहान, आलोक पाल, मनोज अग्रवाल, विकास गुप्ता समेत कई व्यापारी नेता मौजूद रहे।

**व्यापारियों का किया गया सम्मान**

व्यपारी हितों के लिए काम करने वाले संगठन के नेताओं का व्यापारी प्रेरणा दिवस पर सम्मान किया गया। यहां जिलाध्यक्ष अनिल गुप्ता ने अखिलेश दुबे, हाजी मोहम्मद इसरार खां, विपिन शर्मा, जवाहर लाल वर्मा, अशोक सक्सेना, राम रत्न गुप्ता, प्रदीप मिश्रा, सरदार राजेन्द्र सिंह, राकेश गुप्ता, सुभाष दीक्षित, संतोष पाठक, रामनाथ कश्यप और कविता सक्सेना को माला पहनाकर और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

# संचालिका अपने ब्यूटी पार्लर में चलाती है सेक्स रैकेट, स्टाफ पर देह व्यापार करने का बना रही दबाव

जन एक्सप्रेस । मैनपुरी

उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में ब्यूटी पार्लर का संचालन करने के साथ ही स्टाफ की महिलाओं पर देह व्यापार के धंधे में शामिल होने का दबाव बनाया जा रहा है। जो भी खिलाफत करता है संचालिका उसे धमकाती है। एक युवती को मना करने पर पीटकर घायल कर दिया। पीड़िता ने मंगलवार को एसपी से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के एक कालोनी का है। यहां की रहने वाली युवती ने एसपी विनोद कुमार को प्रार्थना पत्र दिया। बताया कि वह मूल रूप से फिरोजाबाद की रहने वाली है। वह कोतवाली क्षेत्र में अपनी एक रिश्तेदार के यहां स्टेशन रोड पर रह रही है। वह शहर के आवास विकास कॉलोनी स्थित एक ब्यूटी पार्लर पर काम सीख रही है। इसकी संचालिका दन्नाहार क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला है जो कि वर्तमान में शहर में ही रह रही है। बताया कि संचालिका नाबालिग लड़कियों को लाकर उनसे देह व्यापार कराती है। उस पर भी देह व्यापार के धंधे में शामिल होने का दबाव बनाया गया। जब कोई विरोध करते हैं तो उन्हें व परिवार के लोगों को मरवाने की धमकी दी जाती है। संचालिक कई लड़कियों को बेच भी चुकी है, उन लड़कियों में से एक लड़की वह भी है। अपने धंधे में शामिल करने के लिए उसे करंट लगाया गया।

# गर्मी में बढ़ी मरीजों की तादाद सौ शैया में टूटा रिकॉर्ड

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

**छिबरामऊ।** पिछले एक सप्ताह से पड़ रही बदन झुलसा देने वाली गर्मी से लोगों की सेहत बिगाड़ रही है। सौ शैया अस्पताल की ओपीडी में सोमवार को दवा लेने पहुंचे मरीजों का रिकॉर्ड टूट गया। इनमें अधिकांश मरीज कमजोरी, बदन दर्द, खुजली, बुखार, उल्टी व दस्त के मिले। डॉक्टरों ने मरीजों को गर्मी से बचाव की नसीहत दी। ग्राम दिलू नगला स्थित सौ शैया अस्पताल की ओपीडी में चिकित्साधिकारी डॉ. अभिषेक दुबे व सुचि वर्मा ने मरीजों को देखा। अधिकांश मरीज तेज सिरदर्द, कमजोरी, उल्टी दस्त व खुजली की समस्या से ग्रसित थे जिन्होंने रोक के अनुसार दवाएं दी गई। सुबह आठ बजे ओपीडी शुरू होते ही मरीजों के पहुंचने का सिलसिला जो दोपहर दो बजे तक जारी रहा। सुबह 10 बजे के करीब पंजीकरण कक्ष के सामने भीड़ के चलते मरीजों को लाइन में लगना पड़ा। पंजीकरण विभाग के अमित कुमार ने बताया कि 68 मरीजों ने ऑनलाइन व 185 ने अस्पताल पहुंचकर पंजीकरण कराए। कुल 253 मरीज देखे गए। उन्होंने बताया कि मौजूदा गर्मी के मौसम में पहली बार इतने मरीज अस्पताल पहुंचे हैं। इनमें से 20 लोगों की हालत गंभीर होने के कारण अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किया गया है।

**बाल रोग विशेषज्ञ न होने से परेशानी**

सौ शैया अस्पताल में पूर्व सीएमएस डॉ. राजेश तिवारी के स्थानांतरण के बाद से अब तक बाल रोग विशेषज्ञ की तैनाती नहीं हो सकी है। ऐसे में शुन्य से पांच साल के बच्चों के इलाज के लिए तीमारदारों को निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है, जहां उनकी जेब पर खुलेआम डांका पड़ रहा है। समस्या को देखते हुए सपा नेता योगेंद्र यादव, पूर्व सभासद रानू कुरैशी, कांग्रेसी नेता विनोद दुबे उर्फ पल्लू आदि ने सीएमओ डॉ. विनोद कुमार सिंह से अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ की तैनाती कराए जाने की मांग की है।

# मतगणना की तैयारियां शुरू, कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में लोक सभा सामान्य निर्वाचन- 2024 के अंर्तगत मतगणना संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि काउंटिंग की प्रक्रिया पूरी सावधानी के साथ गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता के साथ की जाए। कहा कि प्ररूप में मतदेय स्थल का नाम, टेबल नंबर, कंट्रोल यूनिट नंबर, चक्र संख्या को सही से भरा जाए। मतगणना कार्य में लगे माइक्रो ऑब्जर्बर, सुपरवाइजर सहित अन्य कर्मियों को जो प्रशिक्षण दिया जा रहा है उसे गहनता से समझे और अपने अपने नोट बुक में अंकित जरूर कर लें, ताकि उस दिन किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। मतगणना कार्य में किसी प्रकार की कोई चूक अथवा गलती न हो इस पर विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि प्ररूप को साफ शब्दों में भरें और फॉर्म भरने में जो अंतरराष्ट्रीय अंक है उसी का प्रयोग करें। कहा कि प्ररूप 17 सी महत्वपूर्ण है। पार्ट- 1 को पीठासीन अधिकारी ने तैयार किया है और पार्ट-2 को आप लोग अच्छे से तैयार करेंगे। एआरओ के माध्यम से कंट्रोल यूनिट (सी0यू0) जो आपके टेबल में एलॉट की गई है उसी को काउंट करना है इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। सी0यू0 को खोलते समय काउंटिंग एजेंट को अवश्य दिखाएं, उसे विश्वास में लेकर कार्य करना है। जो काउंटिंग का प्रोसेस है शतप्रतिशत पालन किया जाए। कहा कि अगर बूथ में दो सी0यू0 प्रयोग हुई है तो ऐसी स्थिति में हर सी0यू0 का रिजल्ट निकाल कर फाइनल 17 ग फॉर्म भरकर देना होगा। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को इस बात का विशेष ध्यान रखना है कि पार्टी के प्रत्याशियों अथवा कार्यकर्ताओं के साथ सरल व्यवहार रखेंगे और यथा समय पर मतगणना से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराते रहेंगे। मतगणना स्थल पर मोबाइल अथवा इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूर्णतः प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मतदान कार्य अत्यंत ही निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ है, उसी प्रकार आगामी 4 जून को नवीन मंडी स्थल कन्नौज में होने वाले मतगणना कार्य को भी अत्यंत ही पारदर्शिता के साथ संपन्न कराना हम सबका दायित्व है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बेरहम पति ने बेटी के सामने किया पत्नी का कत्ल, ईंट से प्रहार कर कुचला सिर

जन एक्सप्रेस । मैनपुरी

मैनपुरी के थाना कुरावली के मोहल्ला पठानान में पति ने ईंट से सिर कुचलकर पत्नी की हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी ने भागने का प्रयास किया। आरोपी की बेटी ने उसे कमरे में बंद कर लिया और घटना की जानकारी पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मंगलवार की शाम 4ः30 बजे नगर के मोहल्ला पठानान में किराए के मकान में रह रही महिला सुहाना ने थाना पहुंचकर पुलिस को सूचना दी कि उसके पिता छोटे उर्फ भूरा बंजारा ने उसकी 55 वर्षीय मां की ईंटों से कुचलकर हत्या कर दी है। वो अपने पिता को मकान में ही बंद करके बाहर से ताला मार कर थाना आई है। घटना की सूचना पर थाना पुलिस नगर के मोहल्ला पठानान में जामा मस्जिद के निकट पहुंची तो देखा छत पर खड़ा हत्यारा छोटे उर्फ भूरा पुत्र सोनपाल निवासी चौखड़िया हरदोई चीख पुकार मचा रहा था। मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे। पुलिस ने जीने का ताला खोलकर छोटे उर्फ भूरा को हिरासत में ले लिया। छत की दूसरी मंजिल पर महिला का रक्त रंजित शव पड़ा हुआ था। चारों तरफ खून फैला हुआ था। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

**होली से पहले जमानत पर आया था हत्यारोपी**

हत्यारोपी छोटे उर्फ भूरा 13 साल से हत्या के आरोप में जेल में बंद था जो होली से पहले जमानत पर घर लौटा था। मंगलवार को वह अपनी पत्नी चंदो से साथ चलने का दबाव बना रहा था। लेकिन चंदो मना कर रही थी। जिससे आक्रोश में आकर उसने उसकी ईट से कुचलकर हत्या कर दी। बेटी सुहाना का कहना है कि जैसे ही उसने पिता को अपनी मां को ईटों से कुचलते देखा। तो वह चीखने लगी इसके बाद पिता ने उसे भी मारने का प्रयास किया। वह भागती हुई नीचे पहुंची और जीने के दरवाजे को बंद कर ताला लगा दिया।

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive
www.janexpresslive.com/epaper

# नई सरकार बनते ही कई देशों के दौरे पर जाएंगे पीएम, इटली में मेलोनी हैं स्वागत के लिए तैयार!

**संभावना जताई जा रही है कि आठ जून को नई सरकार शपथ ले लेगी**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



देश समेत पूरी दुनिया की निगाहें इन दिनों चार जून को घोषित होने वाले चुनाव परिणामों पर लगी हैं। चुनाव परिणाम घोषित होते ही भारत में नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। संभावना जताई जा रही है कि आठ जून को नई सरकार शपथ ले लेगी। वहीं, चुनावी व्यस्तता समाप्त होने के बाद जो भी प्रधानमंत्री बनेगा उसके लिए अगले कुछ माह बेहद व्यस्त रहने वाले हैं। उन्हें न केवल देश बल्कि विदेश की भी कई चुनौतियों से निपटना होगा। उनके विदेशी दौरों का शिड्यूल भी काफी टाइट रहने वाला है।

### 10 साल में कभी चैन से नहीं बैठा विदेश विभाग

विदेश मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी का फोकस अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की इमेज को मजबूत करना रहा है। कुछेक अपवादों को छोड़ दें, तो प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति की पूरी दुनिया कायल है। सिर्फ देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी पीएम मोदी की छवि एक मजबूत नेता के तौर पर रही है। उनके ही नेतृत्व में भारत ने ग्लोबल साउथ का लीडर बनने की तरफ कदम भी बढ़ा दिए हैं। जी20 में भारत की मेजबानी का जलवा पूरी दुनिया देख ही चुकी है। विदेश मंत्रालय में कहा जाता है कि पीएम मोदी के 10 सालों के कार्यकाल में भारतीय विदेश विभाग शायद ही कभी आराम से बैठा होगा।

### इटली में जॉर्जिया मेलोनी से होगी मुलाकात

विदेश मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि नई सरकार बनने के साथ ही नए प्रधानमंत्री के लिए आगामी कुछ महीने थोड़े हेक्टिक रहने वाले हैं। जिसके चलते नए प्रधानमंत्री को ताबड़तोड़ विदेश दौरे करने होंगे। सूत्र बताते हैं कि नए प्रधानमंत्री के लिए इस वर्ष आठ अनिवार्य विदेशी दौरों की संभावना है। इनमें से दो दौरे प्रधानमंत्री मोदी इस साल चुनाव से पहले ही निपटा चुके हैं, इनमें यूएई-कतर और भूटान का दौरा शामिल है। इसमें सबसे पहला दौरा इटली का हो सकता है। क्योंकि इस साल इटली 13 से 15 जून तक जी7 देशों की मेजबानी कर रहा है। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने खुद अप्रैल के आखिर में प्रधानमंत्री मोदी को इटली आने का न्योता दिया था। देखने वाली बात होगी कि अगर मोदी देश के प्रधानमंत्री फिर से चुने जाते हैं, तो वे इटली का दौरा कर सकते हैं। वहीं जॉर्जिया मेलोनी और प्रधानमंत्री मोदी की केमिस्ट्री भी काफी चर्चा का विषय रही है।

### यूक्रेन में शांति को लेकर बैठक

सूत्रों ने बताया कि इटली के बाद प्रधानमंत्री स्विट्जरलैंड भी जा सकते हैं। स्विट्जरलैंड के बर्गेनस्टॉक में 15 से 16 जून तक समिट ऑफ पीस इन यूक्रेन समिट हो रही है, जिसका फॉर्मल इनवाइट आया हुआ है। जिसका उद्देश्य राष्ट्रों के प्रमुखों के साथ बैठक कर यूक्रेन में स्थायी शांति की बहाली के लिए आम राय बनाना है। भारत ने हमेशा से रूस-यूक्रेन संघर्ष के लिए शांति फॉर्मूले का समर्थन किया है, और खुद प्रधानमंत्री मोदी का कहना है, ्यह युद्ध का युग नहीं है् और बातचीत और कूटनीति के जरिए शांति बहाली की प्रक्रिया पर जोर दिया जाए। हालांकि सूत्रों ने बताया कि ये दोनों ही महत्वपूर्ण इवेंट्स हैं और इनमें भारत का प्रतिनिधित्व होना चाहिए। नई सरकार आने के बाद ही इन पर कोई फैसला होगा।

### टोक्यो जा सकते हैं प्रधानमंत्री

इसके अलावा इस साल इथियोपिया में भारत-अफ्रीका शिखर सम्मेलन भी होना, जिसकी सह-अध्यक्षता भारते के प्रधानमंत्री करेंगे। भारत और अफ्रिकी देशों के संबंधों के मद्देनजर यह समिट बेहद अहम है। इसके अलावा देश के प्रधानमंत्री इस साल के आखिर में जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा के लिए टोक्यो जाने का प्लान भी प्रस्तावित है। उम्मीद है कि प्रधानमंत्री इस समिट में शामिल होंगे। इसके अलावा 22-23 सितंबर, 2024 को संयुक्त राष्ट्र में समिट ऑफ द फ्यूचर के तहत बेहतर कल के लिए बहुपक्षीय समाधान पर शिखर सम्मेलन भी होना है। इसमें भी भारत को आमंत्रित किया गया है। इसकी अहमियतता का देखते हुए उम्मीद जताई जा रही है कि प्रधानमंत्री इसमें हिस्सा लेंगे।

### प्रधानमंत्री मोदी ने किए 10 साल में 77 विदेशी दौरे

साल 2024 में ही लोकसभा चुनावों से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो विदेश दौरे हो चुके हैं। जिसमें उन्होंने 22-23 मार्च को भूटान का दौरा किया था। वहीं उससे पहले 13 फरवरी से 15 फरवरी के बीच वे यूएई और कतर के दौरे पर रहे थे। अकेले 2023 में उनकी छह विदेश यात्राएं रहीं। अपने 10 साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 66 देशों में 77 विदेशी दौरे किए, जबकि उनके पूर्ववर्ती डॉ. प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 73 विदेशी किए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसी भी अन्य भारतीय प्रधानमंत्री की तुलना में सबसे ज्यादा विदेश यात्राएं की हैं। उन्होंने अपने पहले कार्यकाल में 49 और दूसरे कार्यकाल में 28 विदेशी दौरे किए। खास बात यह है कि 2020 में कोरोना की वजह से उनका कोई विदेश दौरा नहीं हुआ। 2019 में सरकार बनने के साथ ही उन्होंने 08 जून-09 जून, 2019 को मालदीव और श्रीलंका का किया था।

### एससीओ में उपस्थिति जरूरी

सूत्रों के मुताबिक, इन दिनों कजाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक चल रही है। जिनमें से अस्ताना में एससीओ विदेश मंत्रियों की परिषद, रक्षा मंत्रियों और पर्यावरण मंत्रियों की बैठक हो चुकी है, जिसमें विदेश मंत्री की जगह रतक्षा मंत्रालय में सचिव (इकॉनमिक रिलेशंस) दम्मू रवि और रक्षा सचिव गिरिधर अरमानेहिस्सा ले चुके हैं। वहीं एससीओ हेड्स ऑफ स्टेट काउंसिल की बैठक जुलाई के पहले हफ्ते में होगी। इस बैठक में भारत के प्रधानमंत्री की उपस्थिति जरूरी होगी।

### अक्तूबर में होगी ब्रिक्स समिट

इसके बाद रूस में 16वीं ब्रिक्स समिट होने वाली है, जो 22 से 24 अक्तूबर 2024 तक होगी। इसमें ब्राजील, रूस, इंडिया, चीन के अलावा दक्षिण अफ्रिका भी हिस्सा लेंगे। वहीं पिछले साल इजिप्ट, इथोपिया, ईरान, सऊदी अरब और यूएई नए सदस्य बने थे। जिसके बाद इनकी संख्या कुल मिला कर 10 हो गई है। इन सभी देशों के राष्ट्राध्यक्ष इस समिट में हिस्सा लेंगे। इसके बाद 18-19 नवंबर को ब्राजील के रियो डी जिनेरियो में जी20 लीडर्स समिट होने वाली है। इसमें भारत समेत 19 देशों के राष्ट्राध्यक्ष हिस्सा लेंगे। पिछले साल भारत ने जी20 सम्मेलन की मेजबानी की थी।

## 30 मई को चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद कन्याकुमारी जाएंगे पीएम मोदी, रॉक मेमोरियल में लगाएंगे ध्यान

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मई को लोकसभा चुनाव प्रचार के समाप्त होने के बाद कन्याकुमारी का दौरा करेंगे। यहां वे स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि देने के लिए बनाए गए स्मारक रॉक मेमोरियल में ध्यान लगाएंगे। भाजपा नेताओं ने मंगलवार को बताया कि वह 30 मई की शाम से 1 जून की शाम तक ध्यान मंडपम में ध्यान करेंगे। माना जाता है कि यहां विवेकानंद को भारत माता के बारे में दिव्य दृष्टि प्राप्त हुई थी। प्रधानमंत्री ने 2019 के चुनाव अभियान के बाद केदारनाथ गुफा में इसी तरह का ध्यान लगाया था। पार्टी पदाधिकारियों ने बताया कि अपने आध्यात्मिक प्रवास के लिए कन्याकुमारी में स्थान चुनने का पीएम मोदी का फैसला देश के लिए विवेकानंद के दृष्टिकोण को साकार करने की उनकी प्रतिबद्धता को दिखाता है। देश में आखिरी चरण का मतदान 1 जून को होना है। चुनाव के लिए प्रचार अभियान चुनाव से दो दिन पहले समाप्त हो जाता है। नतीजे चार जून को आएंगे। उन्होंने बताया कि जिस चट्टान पर प्रधानमंत्री ध्यान करेंगे, उसका विवेकानंद के जीवन पर बड़ा प्रभाव था और यह भिक्षु के जीवन में गौतम बुद्ध के लिए सारनाथ के समान ही महत्व रखता है। पूरे देश में घूमने के बाद विवेकानन्द यहीं पहुंचे थे और तीन दिनों तक ध्यान किया था। उन्होंने यहां विकसित भारत का सपना देखा था।

## बिभव कुमार को तीस हजारी कोर्ट से फिर झटका, तीन दिन बढ़ी पुलिस हिरासत



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी बिभव कुमार को दिल्ली पुलिस ने आज (मंगलवार) को तीस हजारी कोर्ट में पेश किया। दरअसल उनकी न्यायिक हिरासत आज खत्म हो रही थी। कोर्ट ने 24 जून को बिभव कुमार को चार दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा था। आज सुनवाई के बाद तीन दिन की हिरासत और बढ़ा दी। जबकि पुलिस ने पांच दिन की हिरासत मांगी थी। कल (बीते सोमवार) ही तीस हजारी कोर्ट ने बिभव कुमार की जमानत याचिका खारिज कर इस केस में उन्हें झटका दे चुकी है और अब सबकी निगाहें इस बात पर है कि आज उनकी हिरासत को कितने दिन के लिए बढ़ाती है। बता दें कि आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल की लिखित शिकायत के बाद कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया था।

### 'बिभव नहीं कर रहे सहयोग'

जांच कर रही दिल्ली पुलिस की टीम लगातार बिभव कुमार पर आरोप लगाती रही है कि वो पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहे हैं और सवालों के गोलमोल जवाब दे रहे हैं। यह भी आरोप लगाया गया है कि उन्होंने जानबूझकर अपने मोबाइल फोन का पासवर्ड नहीं बताया, जो सच्चाई का पता लगाने के लिए जांच में एक महत्वपूर्ण जानकारी है। मालीवाल ने आरोप लगाया कि जब वह 13 मई को केजरीवाल से मिलने उनके आवास पर गयीं तो कुमार ने उनके साथ मारपीट की।

### इस पूरे मामले में केजरीवाल ने क्या कहा

आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल पर मुख्यमंत्री आवास पर हुए कथित हमले और बदसलूकी मामले पर सीएम अरविंद केजरीवाल ने कुछ दिन पहले ही चुप्पी तोड़ते हुए कहा था वह मामले की निष्पक्ष जांच चाहते हैं। न्याय होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने समाचार एजेंसी पीटीआई को दिए गए एक साक्षात्कार में ये बातें कहीं थीं।

## संदेशखाली: सीबीआई ने शाहजहां शेख पर लगाईं आपराधिक साजिश-हत्या की कोशिश की धाराएं



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

संदेशखाली में जमीन हड़पने और महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों से घिरे टीएमसी के निष्कासित नेता शाहजहां शेख की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। दरअसल सीबीआई ने शाहजहां शेख, उनके भाई और पांच अन्य लोगों पर आपराधिक साजिश और हत्या की कोशिश करने की धाराएं लगाईं हैं। सीबीआई ने 5 जनवरी को संदेशखाली में प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर हुए हमले के मामले में यह धाराएं लगाईं हैं। सीबीआई ने संदेशखाली मामले में बशीरहाट की विशेष अदालत के समक्ष सोमवार को पहला आरोप पत्र दाखिल किया। केंद्रीय जांच एजेंसी का कहना है कि जिस समय प्रवर्तन निदेशालय की टीम शाहजहां शेख के घर पर छापा मारने जा रही थी, उस समय करीब एक हजार लोगों की भीड़ ने टीम को घेर लिया। ईडी की टीम करोड़ों के राशन घोटाले मामले में शेख के घर छापा मारने जा रही थी। सीबीआई ने बताया कि ईडी की टीम शाहजहां शेख को गिरफ्तार करने भी गई थी। दरअसल, राशन घोटाला मामले में शेख का पूर्व खाद्य मंत्री ज्योति प्रिय मलिक के साथ सांठ-गांठ थी।

### आरोप पत्र में सात लोगों के नाम

सीबीआई के आरोप पत्र में शाहजहां शेख, उनके भाई आलमगीर, उनके साथी जियाउद्दीन मुल्ला, मुजफ्फर मुल्ला और दीदारबख्श मुल्ला समेत सात लोगों का नाम शामिल किया गया है। आरोप पत्र में सीबीआई का कहना है कि सभी आरोपियों पर आईपीसी की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) और 307 (हत्या का प्रयास) के तहत धाराएं लगाईं गईं हैं। बता दें संदेशखाली की महिलाओं ने शाहजहां शेख पर जमीन हड़पने और दुष्कर्म के आरोप लगाए हैं।

## हादसा: पाकिस्तान के खैबर पख्तूख्वा में सड़क हादसा, 8 की मौके पर मौत



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक मिनी जीप के सौ फुट गहरे खड्ड में जा गिरी। जिससे उसमें बैठी चार महिलाओं और तीन बच्चों सहित एक ही परिवार के आठ सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई। पाकिस्तान के खैबर पख्तूख्वा प्रांत के पास एक सड़क दुर्घटना में एक परिवार के आठ सदस्यों की मौत हो गई। परिवार बेले बाबा में एक रिश्तेदार से मिलने के बाद पगोराई जा रहा था। सोमवार को शांगला जिले में यह दुर्घटना हुई। शांगला जिला पुलिस अधिकारी इमरान खान ने बताया कि सड़क दुर्घटना में आठ लोगों की मौत हुई। मृतकों में चार महिलाएं और तीन बच्चे शामिल हैं। शवों को अलपुरी के जिला मुख्यालय अस्पताल में ले जाया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सड़क हादसे में परिवार के सात सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि एक बच्चे ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया।

## लोकसभा चुनाव के छठे चरण में 63.37 प्रतिशत मतदान, चुनाव आयोग ने जारी किए आंकड़े



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में हुए मतदान के आखिरी आंकड़े जारी कर दिए गए हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, छठे चरण में कुल मिलाकर 63.37 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इसमें 61.95 फीसदी पुरुष, 64.95 फीसदी महिला और 18.67 फीसदी थर्ड जेंडर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। दरअसल, लोकसभा चुनाव के छठे दौर में 25 मई को आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 58 सीटों पर वोटिंग हुई। इसमें जम्मू-कश्मीर का अनंतनाग-राजौरी संसदीय क्षेत्र भी था, जहां मतदान तीसरे चरण की बजाय छठे चरण के लिए स्थगित कर दिया गया था। पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी, भोजपुरी कलाकार मनोज तिवारी, निरहुआ, पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती और मनोहर लाल समेत कई केंद्रीय मंत्रियों की किस्मत का फैसला इसी चरण में ईवीएम में बंद हुआ। छठे चरण में जिन सीटों पर मतदान हुआ था, उनमें उत्तर प्रदेश की 14, हरियाणा की सभी 10, बिहार और पश्चिम बंगाल की आठ-आठ, दिल्ली की सभी सात, ओडिशा की छह और झारखंड की चार सीटें शामिल थीं। वहीं, सबसे कम जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर भी लोग वोट डाले गए थे।

## भारी बारिश के कारण पूर्वोत्तर में बिगड़े हालात असम में बह गई रोड, अरुणाचल में रेड अलर्ट

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



चक्रवात रेमल के कारण पश्चिम बंगाल समेत पूर्वोत्तर के लगभग सभी राज्य प्रभावित हुए हैं। भारी बारिश के कारण इन राज्यों के कई इलाकों में जलभराव हो गया। नदियों का पानी बढ़ने से सड़कें बह गईं, जिससे सामान्य जनजीवन काफी ज्यादा प्रभावित हो रहा है। कई इलाकों में भूस्खलन के कारण इमारतें ढह गईं। पश्चिम बंगाल में चक्रवात रेमल के प्रभाव से 2,140 से अधिक पेड़ उखड़ गए और लगभग 1,700 बिजली के खंभे भी गिर गए। भारी बारिश के कारण असम के दीमा हसाओ जिले में हफलॉन्ग-सिलचर को जोड़ने वाली रोड बह गई। फिलहाल एक जून के लिए हाफलोंग-सिलचर कनेक्टिंग रोड को बंद कर दिया गया है। तूफान रेमल के प्रभाव से अबतक राज्य में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि, 17 अन्य घायल हैं। मोरीगांव जिले में एक पेड़ गिरने से 17 वर्षीय छात्र की मौत हो गई। सोनितपुर जिले के ढेकियाजुली में तूफान के कारण स्कूल बस पर एक पेड़ गिरने से 12 बच्चे घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

### अरुणाचल में रेड अलर्ट

मौसम विभाग ने अरुणाचल प्रदेश के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। मुख्यमंत्री पेमा खांडु ने मंगलवार को राज्य के लोगों से सभी एहतियाती कदम उठाने और तूफान से प्रभावित क्षेत्रों से बचने का अनुरोध किया। मौसम विभाग ने मंगलवार और बुधवार को कुरुंग कुमेय, निचला सुबनसिरी, शि-योमी, पश्चिम सियांग, लोहित, चांगलांग, तिरप और लोंगडिंग जिले में भारी बारिश और बिजली गिरने की संभावना जताई है। पक्के-केसांग, पापुम पारे, सियांग, लोहित, पूर्वी कामेंग, पश्चिमी कामेंग, कुरुंग कुमेय, पश्चिमी सियांग और निचली दिबांग घाटी जिले में भी 29 और 30 मई को बिजली गरजने और भारी बारिश की संभावना है।

### मणिपुर के कई इलाके जलमग्न

भारी बारिश के कारण मणिपुर के भी कई इलाके जलमग्न हो गए, इससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ। पूर्वी इंफाल जिले के जलभराव के कारण एंड्रो पार्किंग, चेकॉन, महाबली और वांगखेई में यातायात प्रभावित हुआ। फिलहाल राज्य में किसी के भी हताहत होने या मौत की सूचना नहीं मिली है। एक अधिकारी ने बताया कि एनएस 37 इंफाल-सिलचर राजमार्ग पर कांगपोकपी जिले के सिनम गांव के पास भूस्खलन के कारण एक ट्रक खाई में गिर गया। सेनापति जिले में कई नदियां उफान पर हैं। बाढ़ का पानी जिले के कई इलाकों में घुस गया।

### मिजोरम में भारी बारिश के कारण ढह गई खदान

मिजोरम की राजधानी आइजोल के बाहरी इलाके में भारी बारिश के कारण एक खदान ढह गई। इस हादसे में अबतक 12 लोगों की जान चली गई, जबकि दो लोगों को बचाया गया है। पुलिसकर्मी बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। भारी बारिश के कारण नदियों का स्तर भी बढ़ चुका है। नदी किनारे रहने वाले लोगों को अपने घरों से निकलकर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ रहा है।

## आइजोल में भारी बारिश के कारण ढह गई खदान, 15 की मौत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। आइजोल



मिजोरम की राजधानी आइजोल के बाहरी इलाके में भारी बारिश के कारण एक खदान ढह गई। इस हादसे में अबतक 15 लोगों की जान चली गई, जबकि दो लोगों को बचाया गया है। पुलिसकर्मी बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। भारी बारिश के कारण नदियों का स्तर भी बढ़ चुका है। नदी किनारे रहने वाले लोगों को अपने घरों से निकलकर सुरक्षित स्थान पर जाना पड़ रहा है। राज्य की स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री लालडुहोमा ने बैठक बुलाई। यह घटना सुबह के छह बजे आइजोल शहर के दक्षिणी बाहरी इलाके में मेल्थम और ह्लिमेन के बीच घटी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनिल शुक्ला ने कहा कि अबतक मलबे से दस शव को बाहर निकाला गया है, जबकि कई लोग अभी भी इसमें दबे हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि मरने वालों में सात स्थानीय, जबकि तीन दूसरे राज्य के थे। उन्होंने आगे कहा, मलबे में अभी भी 10 से ज्यादा के फंसे होने की संभावना है। भारी बारिश के कारण अलग-अलग इलाकों में भूस्खलन की घटना सामने आई है। हुनथर में राष्ट्रीय राजमार्ग-6 पर भूस्खलन के कारण आइजोल देश के बाकी हिस्सों से कट गया। बारिश के कारण मौजूदा स्थिति को देखते हुए सभी स्कूलों को बंद कर दिया गया है।

### सीएम लालडुहोमा ने बुलाई बैठक

चक्रवात रेमल के प्रभाव से भारी बारिश के कारण राज्य के विभिन्न इलाकों में भूस्खलन हुआ, जिसमें कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि आइजोल के सेलम वेंग में भूस्खलन से एक इमारत ढह गई, इस हादसे में तीन लोग लापता हो गए। फिलहाल उनकी तलाश जारी है। भूस्खलन के कारण कई अंतर्राज्य राजमार्ग भी बाधित हो गए। मौजूदा स्थिति का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री लालडुहोमा ने गृह मंत्री के. सपडंगा, मुख्य सचिव रेनू शर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी के साथ एक बैठक की।

## 26 विमानों की खरीद के लिए भारत-फ्रांस के अधिकारी करेंगे बैठक

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारत और फ्रांस के बीच एक बार फिर राफेल की खरीदी के लिए बैठक होने वाली है। 30 मई को उच्च स्तरीय फ्रांसीसी दल भारत आएगा, जिसके बाद दोनों देशों के अधिकारी अनुबंध वार्ता शुरू करेंगे। चर्चा 26 राफेल समुद्री लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए होगी, जिसकी कुल लागत 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक है। रक्षा उद्योग के अधिकारियों ने बताया कि फ्रांसीसी पक्ष लड़ाकू जेट सौदे पर आधिकारिक बातचीत करने के लिए रक्षा मंत्रालय के समकक्षों से मुलाकात करेगा। फ्रांसीसी दल में मूल उपकरण निर्माता डसॉल्ट एविएशन और थेल्स सहित उनके रक्षा मंत्रालय और उद्योग के अधिकारी शामिल होंगे। वहीं, भारतीय पक्ष में रक्षा अधिग्रहण विंग और भारतीय नौसेना के सदस्य शामिल होंगे। सरकार के सूत्रों की मानें तो वे इस वित्तीय वर्ष के अंत तक फ्रांस के साथ बातचीत पूरी करने और समझौते पर हस्ताक्षर करने का प्रयास करेंगे। फ्रांस ने भारतीय नौसेना के विमान वाहक आईएनएस विक्रांत और आईएनएस विक्रमादित्य के लिए 26 राफेल समुद्री जेट खरीदने के लिए भारत की निविदा पर दिसंबर में ही अपनी प्रतिक्रिया दी थी। फ्रांस ने भारत के स्वीकृति पत्र का जवाब नई दिल्ली में प्रस्तुत किया था।

## प्रज्ज्वल को कर्नाटक के गृह मंत्री की आखिरी चेतावनी, बोले 31 मई से नहीं लौटे तो उठाएंगे सख्त कदम

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बंगलूरू



प्रज्ज्वल रेवन्ना को आखिरी चेतावनी मिली है, कि अगर वे 31 मई तक वापस नहीं आते तो उन्हें विदेश से वापस लाने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। प्रज्ज्वल के वीडियो बयान जारी करने के बाद उन्होंने यह चेतावनी दी है। जद (एस) के संरक्षक एचडी देवेगौड़ा के पोते और हासन लोकसभा क्षेत्र से एनडीए उम्मीदवार 33 वर्षीय प्रज्ज्वल रेवन्ना महिलाओं के यौन शोषण के मुख्य आरोपी हैं। प्रज्ज्वल हासन के मतदान के एक दिन बाद 27 अप्रैल को देश से फरार हो गए थे, बाद में पता चला कि वे जर्मनी गए हैं, और अब तक लौट कर नहीं आए हैं। सीबीआई के माध्यम से इंटरपोल द्वारा उसके ठिकाने के बारे में जानकारी मांगने वाला ब्लू कॉर्नर नोटिस पहले ही जारी किया जा चुका है। बता दें कि जद भाजपा का समर्थन भी कर रहा है, विपक्ष भी इसको लेकर लगातार भाजपा पर निशाना साध रहा है। इसी बीच प्रज्ज्वल रेवन्ना ने एक वीडियो बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने कहा कि वे विशेष जांच दल के सामने पेश भी होंगे और उन्हें जांच में सहयोग भी करेंगे। इसके बाद कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने मंगलवार को कहा कि ÷हमने प्रज्ज्वल को वापस लाने के लिए सभी प्रयास किए हैं। हमने केंद्र सरकार को भी लिखा है, यही नहीं हमने उसके खिलाफ वारंट प्राप्त किया है, जिसकी सूचना हमने गृह और विदेश मंत्रालय को दे दी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)